www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 2 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -327 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

मेरा संकल्प बंगाल में तृणमूल को जनता का... 02

- नोएडा में 100 खरीदारों को मिला मालिकाना हक
- नोएडा की एक्वा या आरआरटीएस में एक को मिलेगा अप्रूवल 04

- मस्क ने ओपनएआई व उसके सीईओ पर किया मुकदमा
- न्यूजीलैंड में अवैध आग्नेयास्त्रों पर कार्रवाई 07

स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की याद दिलाती है ... 10

सार संक्षेप

प्रधानमंत्री मोदी से मिले बिल गेट्स

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। दोनों को बीच इस दौरान कई वैश्विक मुद्दों और बदलाव के जरूरतों पर चर्चा हुई। बिल गेट्स भारत के दौरे पर हैं और यह मुलाकात दिल्ली में हुई है। इस मुलाकात के बाद बिल गेट्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी से मिलना हमेशा प्रेरणादायक होता है। हमने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वुमन-लेड डेवलपमेंट, डीपीआई (इनकम), एग्रीकल्चर, हेल्थ व क्लाइमेट एडॉप्टेशन में इनोवेशन और दुनिया भारत से क्या सीख सकती है पर चर्चा की।

महादेव सट्टा ऐप का मेन ऑपरेटर भोपाल में गिरफ्तार

रायपुर। महादेव सट्टा एप का मेन ऑपरेटर आरोपी गिरीश तलरेजा को गिरफ्तार कर लिया है। तलरेजा की गिरफ्तारी भोपाल से हुई है। रायपुर ईडी को तलरेजा और रतनलाल जैन के पास से शुभम सोनी के साथ करोड़ों रुपयों के ट्रांसजेक्शन का रिकॉर्ड मिला था। महादेव सट्टा एप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में ईडी ने रायपुर, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, इंदौर, गुरुग्राम में छापेमारी की है।

पूर्व मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी चकमा का कैंसर से निधन

नई दिल्ली। पूर्व मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी चकमा का कैंसर से दो साल की लंबी जंग के बाद निधन हो गया है, वह 28 वर्ष की थीं। सर्जरी के बावजूद स्तन कैंसर से दो साल की लड़ाई के बाद उनकी मृत्यु हो गई। रिंकी चकमा ने 2017 में मिस इंडिया पेजेंट में ब्यूटी विद ए पर्पज अवॉर्ड जीता था, जिसमें मानुषी छिल्लर ने खिताब जीता था।

39125 करोड़ के रक्षा खरीद सौदे को मंजूरी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और मेक-इन-इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को 39125 करोड़ रुपए के पांच पूंजी अधिग्रहण अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। इन अनुबंधों पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। पांच अनुबंधों में मैसर्स हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ मिग-29 विमान के एयरो-इंजन के लिए एक अनुबंध, क्लोज-इन वेपन सिस्टम के लिए मैसर्स लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ दो अनुबंध और ब्रह्मोस मिसाइलों के लिए तथा भारतीय रक्षा बलों के लिए पोत पर तैनात की जाने वाली ब्रह्मोस प्रणाली के लिए मैसर्स ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ दो अनुबंध शामिल हैं।

चुनाव आयोग की सख्त हिदायत

मर्यादा में रहें सियासी दल

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों को एक एडवाइजरी जारी की। जिसमें उनसे चुनाव प्रचार के दौरान शिष्टाचार और संयम बनाने रखने व मुद्दों पर आधारित बहस की जरूरत पर जोर दिया गया। आयोग ने यह भी कहा कि जिन स्टार प्रचारकों या उम्मीदवारों को पहले भी नोटिस जारी किए गए, उन्हें आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। एडवाइजरी में कहा कि सोशल मीडिया पर प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम या अपमानित करने वाले या दूसरों की गरिमा को गिराने वाले पोस्ट साझा नहीं किए जाने चाहिए। आयोग की ओर से जारी एक परामर्श में राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, स्टार प्रचारकों से जाति, धर्म या भाषा के आधार पर अपील न करने के बारे में भी ताकीद की गई है। आयोग ने इसके साथ ही चुनाव प्रचार के लिए मंदिरों, मस्जिदों, चर्च, गुरुद्वारों या अन्य धर्म स्थलों का इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी।

धार्मिक स्थलों के जरिए मतदाताओं को गुमराह न करने का दिया परामर्श

विभाजनकारी बयानबाजी से बनाएं दूरी

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को विभाजनकारी बयानबाजी से दूरे रहने के लिए भी कहा। एडवाइजरी में स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों पर विशेष जोर देते हुए उन्हें आदर्श आचार संहिता के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों उललंघनों के प्रति आगाह किया गया है। एडवाइजरी में कहा गया, चुनाव आयोग आगामी चुनाव में समय और सामग्री के संबंध में दिए जाने वाले नोटिस पर पुनर्विचार के लिए आचार संहिता के उल्लंघन का आकलन करेगा। आयोग ने एडवाइजरी में चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं, जैसे-जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर अपील न करने के लिए कहा गया है।

ऐसी गतिविधियों में शामिल न होने के लिए कहा गया है, जो मतभेदों को बढ़ाती हैं या विभिन्न समूहों को आपस में दुश्मनी के लिए उकसाती हैं। मतदाताओं को गुमराह करने के मकसद से झूठे बयानों या निराधार आरोपों का प्रचार नहीं करना है। व्यक्तिगत हमलों से बचना है और राजनीतिक भाषण में मर्यादा बनाए रखना है। चुनाव प्रचार के लिए किसी मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या किसी अन्य पूजा स्थल का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को ऐसे किसी भी कामों या बयानों से बचने के लिए कहा गया है, जिन्हें महिलाओं के सम्मान और गरिमा में खिलाफ माना जाता है।

उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में कई चरणों में मतदान होंगे। सूत्रों के अनुसार 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है और 15 मार्च के आसपास चुनाव आयोग चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में चुनाव आयोग एक या दो चरण और यूपी और जम्मू कश्मीर में कई चरणों में चुनाव कराएगा। आगामी लोस चुनाव को लेकर चुनाव आयोग एक के बाद एक राज्यों के दौरे पर है। जानकारी के मुताबिक यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर 6 से 7 चरणों में मतदान होने की संभावना है। उप्र में अप्रैल और मई महीने में मतदान कराया जा सकता है। हरियाणा की 10 सीटों पर एक चरण में मतदान होगा जो कि मई महीने में संभावित है। पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर एक चरण में मतदान कराए जाएंगे और मतदान मई महीने में संभावित है। पंजाब और हरियाणा में हालांकि अब तक एक चरण का ही चुनाव संभावित है, लेकिन कानून व्यवस्था के अंतिम आकलन के बाद दो चरणों का भी विकल्प हरियाणा और पंजाब में रख सकता है।

सूत्रों के मुताबिक पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश की चार सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा और मतदान की तारीख मई हो सकती है। उत्तराखंड की 5 सीटों पर एक चरण में मतदान होगा और अप्रैल महीने में मतदान संभावित है। पर्वतीय राज्य जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीट पर 3 से 5 चरणों में मतदान होगा और मतदान की तारीख अप्रैल और मई के दौरान होगी। लद्दाख में एक चरण में मतदान होने की संभावना है। लद्दाख में एक लोकसभा की सीट है। राजस्थान की 25 सीटों पर एक या दो चरण में मतदान होगा। मतदान अप्रैल या मई में संभावित है। दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों पर एक चरण में होगा मतदान और मई महीने में मतदान होगा। चुनाव आयोग जल्द ही राज्यों के दौरे के बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा करेगा।

आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई : चुनाव आयोग

असत्यापित व भ्रामक विज्ञापन से बचे मीडिया

चुनाव आयोग ने मीडिया को असत्यापित और भ्रामक विज्ञापन नहीं दिए जाने चाहिए। सोशल मीडिया पर संयम बरतना है। प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम करने वाले पोस्ट करने से बचना है। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों, उनके नेताओं और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता और कानूनी ढांचे के दायरे में रहने का आग्रह किया है। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में एक या दो चरण में मतदान होने की उम्मीद है।

बेंगलुरु के कैफे में आईईडी विस्फोट में नौ लोग घायल

बेंगलुरु, 1 मार्च (एजेंसियां)। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे बम विस्फोट हुआ, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। बम स्क्वॉड, फोरेंसिक और एनआईए की टीम विस्फोट की जांच कर रही है। घटना के बाद सबसे पहले फायर ब्रिगेड और व्हाइटफिल्ड पुलिस ने बताया कि सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। जब हम मौके पर पहुंचे तो कैफे की दीवार पर लगा शीशा टूटकर टेबल पर बिखरा पड़ा था। इसके बाद भाजपा के दो सांसदों ने विस्फोट पर संदेह जताया और बम ब्लास्ट का दावा किया। शाम साढ़े 5 बजे खुद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया, यह एक लो इंटेंसिटी का आईईडी ब्लास्ट था। एक शख्स कैफे में बैग छोड़कर गया, जिसके बाद विस्फोट हुआ। कैफे में धमाके वाली जगह से बैटरी, जला हुआ बैग और कुछ आईडी कार्ड मिले हैं। राज्य के गृहमंत्री ने कहा कि धमाका एक सिटिंग एरिया में हुआ, हालांकि वहां कोई सिलेंडर नहीं था। मामले की जांच जारी है। डीजीपी ने कहा कि हमें फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है। कर्नाटक के डीजीपी आलोक मोहन ने कहा कि बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड में एक कैफे में विस्फोट हुआ है। मैं घटनास्थल पर गया था।

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की पुष्टि
- बैग छोड़कर गया था एक शख्स उसमें हुआ धमाका

राजनीति न करें विपक्ष

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर कोई भी राजनीति नहीं होनी चाहिए। हम विपक्ष से यह डिमांड करते हैं कि वह हमें इस मुद्दे पर सहयोग करे। यह एक लो इंटेंसिटी का ब्लास्ट था। उन्होंने कहा कि हमारी जांच में सामने आया है कि किसी शख्स ने 12:00 बजे के आसपास एक बैग रखा था। इसमें 8 लोग घायल हुए हैं। हम लोग सीसीटीव फुटेज की जांच कर रहे हैं। हमें पता चला है कि किसी ने वहां पर जानबूझकर बैग रखा था। यह एक इंप्रोवाइज्ड ब्लास्ट है।

भाजपा वाली डबल इंजन की सरकार जंगलराज की गारंटी : राहुल गांधी

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंयिसां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के डबल इंजन सरकार के नारे की हवा निकालते शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में आए दिन जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं उससे साबित होता है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार जंगलराज की गारंटी है। उत्तर प्रदेश के रामपुर में पुलिस गोलीबारी में दलित युवक की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त कर घटना की कड़ी निंदा की। गांधी ने कहा कि भाजपा और मोदी मीडिया मिल कर कैसे 'झूठ का कारोबार' कर रहे हैं, उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था उसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कहीं पेड़ से लटके नाबालिग बहनों के शव तो कहीं ईंटों से कुचल कर हत्या की वारदात। कहीं भाजपाइयों द्वारा आईआईटी-बीएचयू कैंपस में गैंग रेप का दुस्साहस तो कहीं न्याय न मिलने पर आत्महत्या को मजबूर महिला जज।

रामपुर की घटना का जिक्र कर योगी सरकार पर साधा निशाना

भाजपा कैसे झूठ का कारोबार कर रही है उप्र की कानून व्यवस्था उसका सबसे बड़ा उदाहरण : राहुल गांधी

मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी फिर मध्य प्रदेश पहुंच रहे हैं। राहुल 2 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर राज्य में प्रवेश करेंगे। मध्य प्रदेश में यह यात्रा पांच दिन रहेगी।

मुरैना से शुरू होकर, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन होते हुए रतलाम के बाद राजस्थान में फिर प्रवेश करेगी। राहुल अपनी इस यात्रा के दौरान मुरैना से उज्जैन तक अलग-अलग समूहों में संवाद करेंगे।

निजता भी कोई चीज है : सुप्रीम कोर्ट

सांसदों-विधायकों की निगरानी वाली याचिका की खारिज

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों की डिजिटल निगरानी की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि देश के सभी सांसदों और विधायकों की हम निगरानी नहीं कर सकते। प्राइवेसी का अधिकार नाम की भी कोई चीज है। वे जो करते हैं उसकी निगरानी के लिए हम उनके पैरों या हाथों पर इलेक्ट्रॉनिक चिप नहीं लगा सकते। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सांसदों-विधायकों से संबंधित जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। बेहतर पारदर्शिता के लिए सभी निर्वाचित सांसदों और विधायकों की गतिविधियों की डिजिटल निगरानी की मांग संबंधी जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी। हालांकि, सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को इस पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने सभी विधायकों की चौबीस घंटे सीसीटीवी निगरानी के लिए दायर की गई याचिका पर आश्चर्य व्यक्त किया। पीठ ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों का भी अपना निजी जीवन है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के सभी सांसदों और विधायकों की हम निगरानी नहीं कर सकते।

निगरानी के लिए हम उनके पैरों या हाथों पर इलेक्ट्रॉनिक चिप नहीं लगा सकते : डीवाई चंद्रचूड़

याचिकाकर्ता को दी जुर्माना लगाने की चेतावनी

कोर्ट ने कहा कि 5 लाख रुपए लगेंगे और अगर हम याचिका खारिज करते हैं तो इसे भू-राजस्व के बकाया के रूप में दिया जाएगा। यह समय की बर्बादी है। याचिकाकर्ता ने व्यक्तिगत रूप से पेश होकर दलील दी कि सांसद और विधायक जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत वेतनभोगी प्रतिनिधि हैं। वो कानून, योजना और नीतियां बनाने में लोगों की राय का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन चुनाव के बाद वो शासक के रूप में व्यवहार करना शुरू कर देते हैं। जनहित याचिका में मांगी गई राहत से नाखुश सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

सीमा विवाद का मिलकर निकालेंगे हल : चीन

नई दिल्ली,1 मार्च (एजेंसियां)। चीन ने दावा किया है कि एलएसी सीमा पर भारत के साथ फिलहाल स्थिति सामान्य हैं। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा कि 19 फरवरी को दोनों देशों के बीच 21वें राउंड की कॉर्प्स कमांडर लेवल मीटिंग हुई थी। इस दौरान भारत-चीन के बीच सकारात्मक बातचीत हुई। चीन ने कहा कि दोनों देशों ने एलएसी को लेकर एक-दूसरे की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए हल निकालने पर सहमति जताई। दरअसल, भारत ने कहा था की चुशुल-मोल्डो बॉर्डर पॉइंट पर 21वें राउंड की कॉर्प्स कमांडर-लेवल बैठक में चीन ने देपसांग और डेमचोक के ट्रैक जंक्शन से सेना हटाने की भारत की मांग को ठुकरा दिया। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि बातचीत में दोनों देशों के बीच तनाव कम करने को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं हुआ। इस पर चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह झूठ है। हम उम्मीद करते हैं कि भारत-चीन मतभेदों को सुलझाने व आपसी विश्वास बढ़ाने के लिए साथ मिलकर काम करते रहेंगे। इससे पहले कुछ दिन पहले हुए इंडस-एक्स समिट में भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा था कि चीन दादागिरी कर रहा है और भारतीय सेना बॉर्डर पर डटकर उसका सामना कर रही है।

- एलएसी पर हालात सामान्य होने का किया दावा
- चीन ने देपसांग-डेमचोक से सैनिक हटाने ठुकराई थी की मांग

चीन ने लद्दाख को बताया था आपना हिस्सा

दूसरी तरफ, दिसम्बर 2023 में चीन ने कश्मीर में आर्टिकल 370 को हटाने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की निंदा की थी। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था इस फैसले का बीजिंग पर कोई फर्क नहीं पड़ता। भारत-चीन बॉर्डर का पश्चिमी हिस्सा हमेशा से चीन का रहा है।

जेएनयू में एबीवीपी-वामपंथी गुट भिड़े

चुनाव समिति की बैठक के दौरान भिड़े, तीन छात्र घायल

नई दिल्ली,1 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में एक बार फिर छात्रों के बीच मारपीट की घटना सामने आई। स्कूल ऑफ लैंग्वेज में जीबीएम के दौरान मारपीट की घटना हुई है। चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर एबीवीपी और वाम समर्थित गुटों के बीच गुरुवार रात झड़प में कुछ छात्र घायल हो गए। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति कुछ छात्रों को छड़ी से पीटता दिखाई दे रहा है, वहीं एक अन्य क्लिप में एक व्यक्ति छात्रों पर साइकिल फेंकते दिखाई दे रहा है। घटना के एक अन्य कथित वीडियो में भी कुछ लोग अन्य लोगों के साथ मार-पीट करते दिखाई दे रहे हैं और विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी उन्हें बचाने की कोशिश करते दिख रहे हैं. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वामपंथी समूहों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

आसाराम बापू को शीर्ष अदालत से झटका

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम बापू की बिगड़ते स्वास्थ्य के मद्देनजर सजा को निलंबित करने की उसकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आसाराम की याचिका पर तत्काल विचार करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने हालांकि, उसे उच्च न्यायालय के समक्ष एक नयी याचिका दायर करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने आसाराम को पुलिस हिरासत में आयुर्वेदिक उपचार के लिए अपनी याचिका के साथ राजस्थान उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा।

- सजा माफ करने की याचिका खारिज
- दुष्कर्म के जुर्म में काट रहे उम्रकैद की सजा

मौसम *उत्तर भारत में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज*

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब व हरियाणा में बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर भारत में शुक्रवार से मौसम बदला है। मध्य प्रदेश पंजाब, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में कुछ जगहों पर बारिश हुई। हिमाचल में अटल टनल, रोहतांग सहित ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने कहा कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर उत्तर व मध्य भारत में अगले 6 दिन तक रहेगा। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आंधी के साथ तेज बारिश हुई।

मौसम विभाग ने उज्जैन समेत 22 जिलों में ओले-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के अलग-अलग शहरों में बारिश, ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया है। तेज हवा के साथ टोंक, सवाई माधोपुर में सुबह से रुक-रुक कर बरसात हुई। दौसा और सवाई माधोपुर में बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में शनिवार को तेज आंधी और गरज के साथ बारिश की संभावना है। उत्तर प्रदेश के 24 शहरों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश की संभावना है। यहां 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। अगले 4 दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा।

- राजस्थान में बिजली गिरने से पांच लोगों की जान गई

मप्र के 22 जिलों में ओले-बारिश का अलर्ट

मप्र में अगले तीन दिन मौसम बदला रहेगा। ग्वालियर में दोपहर 3.30 के बाद आंधी के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। उज्जैन समेत 22 जिलों में ओले-बारिश का अलर्ट है, जबकि भोपाल सहित 7 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है। उत्तर भारत में एक बार फिर वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर व मध्य भारत में इसका असर 6 दिन तक रहने वाला है। पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में आज और कल और हिमाचल में 3 मार्च तक इसके प्रभाव से गरज के साथ बारिश की संभावना है। इसके साथ तेज हवाएं चलेंगी और ओलावृष्टि भी हो सकती है।

देश

उवाच

आज हमारे प्रधानमंत्री को दुनिया सबसे भरोसेमंद नेता के रूप में जानती है। राम मंदिर, महिला आरक्षण और कोविड वैक्सीन सहित मोदी सरकार में पिछले 10 साल के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक काम हुए हैं और वे भी भाजपा को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे:- **भीमराव बसवंतराव पाटिल**

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	29.6	10.8
मुंबई	35.0	25.5
कोलकाता	31.6	19.7
चेन्नई	31.1	23.0

जम्मू-कश्मीर में चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए एनसी, पीडीपी व कांग्रेस हो रहे तैयार

श्रीनगर, 1 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक हलकों में यह चर्चा जोरों पर है कि कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के बीच सीट-बंटवारे का समझौता होने वाला है और इस आशय की घोषणा कुछ ही दिनो में होने की संभावना है। एनसी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने पहले कहा था कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की सभी लोकसभा सीटें अपने दम पर लड़ेगी। ऐसा प्रतीत होता है कि डॉ. अब्दुल्ला अपने रुख से पीछे हट गए हैं, क्योंकि नेकां और कांग्रेस के सूत्र अब कह रहे हैं कि उनका इरादा कभी भी समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन को खारिज करने का नहीं था। एनसी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने अपने पिता के बयान के बाद संवाददाताओं से कहा था कि एनसी

कांग्रेस के साथ सीट शेयर करने की बातचीत में लगी हुई है। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने हाल ही में संवाददाताओं से कहा कि एनसी और पीडीपी के साथ सीट शेयरिंग पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि एनसी, पीडीपी और कांग्रेस के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन को लेकर समझौते की घोषणा जल्द ही की जा सकती है। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि इस महीने के पहले सप्ताह के अंत से पहले सीट शेयरिंग की घोषणा की जा सकती है। 'एनसी श्रीनगर-बडगाम-गांदरबल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगी और उमर अब्दुल्ला एनसी उम्मीदवार होंगे।'

एनसी और पीडीपी के साथ सीट शेयरिंग पर गंभीरता से विचार किया जा रहा :- विकार रसूल वानी, अध्यक्ष कांग्रेस

एनसी कांग्रेस के साथ सीट शेयर करने की बातचीत में लगी हुई है:- डॉ. फारूक अब्दुल्ला, अध्यक्ष एनसी

'महबूबा मुफ्ती दक्षिण कश्मीर अनंतनाग-राजौरी-पुंछ लोकसभा क्षेत्र से पीडीपी की उम्मीदवार होंगी और एनसी उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करेगी। सूत्रों ने कहा, 'उत्तरी कश्मीर बारामूला लोकसभा सीट पीडीपी और कांग्रेस द्वारा एनसी को दी जाएगी। ये दोनों दल इस निर्वाचन क्षेत्र से एनसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारेंगे।' वहीं सूत्रों ने कहा कि बारामूला सीट के लिए एनसी उम्मीदवार का नाम अभी तय नहीं हुआ है।

कर्नाटक में पाक समर्थक नारा मामला : एफएसएल रिपोर्ट सार्वजनिक करने को लेकर कांग्रेस-भाजपा में तकरार

बेंगलुरु। कर्नाटक में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने का मामला शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के बीच तकरार का कारण रहा। भाजपा ने आरोप लगाया कि कर्नाटक सरकार फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट जारी करने को तैयार नहीं है। वहीं सत्तारूढ़ कांग्रेस ने जोर देकर कहा कि वह एफएसएल से अतिरिक्त रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। विपक्ष के नेता आर अशोक ने गुरुवार रात सोशल मीडिया पर दावा किया कि सरकार के कार्यों से संदेह पैदा होता है क्योंकि वह एफएसएल रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से झिझक रही है। राज्य गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने शुक्रवार को आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि एक और एफएसएल रिपोर्ट लंबित है। जी. परमेश्वर ने बताया, 'रिपोर्ट अभी हम तक नहीं पहुंची है। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद हम कार्रवाई करेंगे। सात व्यक्तियों को पहले ही बुलाया जा चुका है और वॉयस सैंपल एकत्र कर लिए गए हैं।'

अब आईपीएस अनुराग अग्रवाल के हाथों में होगी नए संसद भवन की सुरक्षा

■ जोगेंद्र सोलंकी

नई दिल्ली, 1 मार्च (देशबन्धु)। संसद भवन परिसर की सुरक्षा अब भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी अनुराग अग्रवाल के हाथों में होगी। उन्हें लोकसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव (सुरक्षा) बनाया गया है। गुरुवार रात को जारी आदेश में स्पीकर ओम बिरला की ओर से उनकी नियुक्ति की जानकारी दी गई। 1998 बैच के

आईपीएस अधिकारी अनुराग अग्रवाल इस समय सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स में आईजी हैं। अभी उनकी पोस्टिंग नॉर्थ ईस्ट सेक्टर के शिलॉन्ग में है। अग्रवाल को अब अगले तीन साल के लिए संसद की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। संसद के सिक्योरिटी चीफ के रूप में आईपीएस अनुराग अग्रवाल की नियुक्ति पिछले साल दिसंबर में हुई घटना की रोशनी में हुई है। 2 नवंबर 2023 को रघुबीर लाल के यूपी कैडर में वापस लौटने के बाद से यह पद खाली पड़ा था। कुछ दिन बाद ही, 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था जब दो लोग तीन लेयर सिक्योरिटी का घेरा तोड़कर संसद के भीतर घुस गए थे। उन्होंने लोकसभा में रंगीन धुएं वाला स्प्रे किया। पहले सांसदों और फिर सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें दबोचा। संसद के बाहर नारेबाजी कर रहे उनके दो अन्य साथियों को भी पकड़ लिया गया था। हमेशा कड़ी सुरक्षा के घेरे में रहने वाली संसद में ऐसी चूक से गंभीर सवाल खड़े हुए थे।

तेलंगाना में 'गृह ज्योति' योजना लागू होने के बाद ग्राहकों को 'शून्य बिल' मिलना शुरू

हैदराबाद, 1 मार्च (एजेंसियां)। तेलंगाना में बिजली वितरण कंपनियों ने शुक्रवार को पात्र परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली की 'गृह ज्योति' योजना लागू होने के बाद 'शून्य बिल' जारी करना शुरू कर दिया। बिजली वितरण कंपनियों के कर्मचारियों को योजना के पात्र लाभार्थियों को 'शून्य बिल' जारी करते देखा गया। यह योजना विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की गारंटियों में से एक थी। अधिकारियों ने कहा, 'जिन पात्र परिवारों ने 'प्रजा पालन' के दौरान योजना के लिए आवेदन किया है और उनकी मासिक बिजली खपत 200 यूनिट से कम है, तो उन्हें 'शून्य बिल' जारी किया जाएगा।'

■ **पात्र परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली की 'गृह ज्योति' योजना लागू**

एक ग्राहक, जिनके 114 यूनिट की खपत का बिल 489 रुपए आया, उन्हें शुक्रवार को 'शून्य बिल' मिला। अधिकारियों ने कहा कि 'शून्य बिल' जारी करने के लिए बिलिंग सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव किए गए हैं। यह प्रक्रिया हैदराबाद में शुरू हुई और अगले कुछ दिनों में इसे पूरे राज्य में विस्तारित किया जाएगा। सब्सिडी लागत को कवर करने के लिए, डिस्कॉम प्रत्येक महीने की 20 तारीख तक राज्य सरकार को सब्सिडी का विवरण भेजेगी। तेलंगाना कांग्रेस सरकार ने 27 फरवरी को 'गृह ज्योति' सहित दो गारंटियों को लागू करना शुरू किया।

तेलंगाना सीएम ए. रेवंत रेड्डी ने 500 रुपये में एक रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की एक और योजना भी शुरू की। तेलंगाना सरकार ने सत्ता में आने के दो दिन बाद अपनी दो गारंटियों को लागू करके शुरू कर दिया था। कांग्रेस ने राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान अपनी छह गारंटियों में 13 वादे किए थे।

सार संक्षेप

'राज्य में हिंसा ना फैलाए', मृतक छात्र के परिजनों से मिलने के बाद बोले राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

तिरुवनंतपुरम। गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि केरल में युवाओं को हिंसात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए 'प्रशक्षित' किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से हिंसा को 'पंथ' नहीं बनाने की अपील की। 18 फरवरी को खुदकुशी करने वाले बीवीएसी सेंकड ईयर के छात्र सिद्धार्थ के आवास पर गवर्नर पहुंचे थे। वहां से वापस लौटने के दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में यह बयान दिया। मृतक छात्र को लेकर खबर है कि उसके साथ सीनियर छात्रों से समूह ने मारपीट की थी, जिसके बाद से छात्र की मौत का मामला बड़े विवाद में तब्दील हो चुका है। प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आत्महत्या का मामला है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद सिद्धार्थ के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या की गई है।

राजस्थान में एक खेत में सेना के हेलिकॉप्टर की लैंडिंग

जयपुर। भारतीय सेना के एक चेतक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को राजस्थान के डीडवाना गांव के पास एक खेत में लैंडिंग की। इसके बाद एक और चेतक हेलीकॉप्टर आया जो लैंड कराए गए हेलीकॉप्टर की मदद के लिए वहां उतरा। सूत्रों के मुताबिक 10 मिनट बाद दोनों हेलीकॉप्टर ने दोबारा उड़ान भरी। जयपुर के पीआरओ (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने कहा कि दोनों हेलिकॉप्टर अब अपने गंतव्य पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा, 'यह एहतियाती लैंडिंग थी।' अधिकारियों ने बताया कि सेना के पायलटों और सैनिकों ने तकनीकी खामी का पता लगाया जिसे 10 मिनट के भीतर ठीक कर लिया गया, जिसके बाद दोनों हेलीकॉप्टरों ने फिर से उड़ान भरी।

बिहार में कांग्रेस की विधायक नीतू सिंह ने भी दिए पाला बदलने के संकेत

पटना। बिहार में विधायकों के पाला बदलने का सिलसिला जारी है। बिहार में कांग्रेस की विधायक नीतू सिंह ने भी शुक्रवार को भाजपा के साथ जाने के संकेत दे दिए हैं। पटना में शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि सांसद बनने का मन कर रहा है, अगर भाजपा नवादा सीट से टिकट देती है तो वे भाजपा में जाने के लिए सोचेंगी। उनसे जब पूछा गया कि भाजपा अगर टिकट देती है तब उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भाजपा में चली जाऊंगी। उन्होंने कांग्रेस से भी नवादा लोकसभा क्षेत्र से टिकट देने की मांग की। इससे पहले शुक्रवार को राजद के विधायक भरत बिंद भाजपा के पाले में आ गए हैं। इससे पहले भी कांग्रेस के दो विधायक सिद्धार्थ सौरव और मुरारी गौतम भाजपा के पक्ष में आ चुके हैं।

पवार राजनीति: महायुति सरकार ने रोजगार मेले के लिए राकांपा सुप्रीमो को किया आमंत्रित

पुणे (महाराष्ट्र), 1 मार्च (एजेंसियां)। महायुति सरकार द्वारा राकांपा-सपा अध्यक्ष को उनके गृहनगर बारामती में आयोजित एक कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करने पर विवाद पैदा होने के एक दिन बाद, शुक्रवार को एक और निमंत्रण भेजा गया, जिसमें शरद पवार का नाम प्रमुखता से शामिल है। पुणे कलेक्टर ने भी महाराष्ट्र सरकार की ओर से वरिष्ठ नेता को फोन किया और 2-3 मार्च को आयोजित होने वाले दो दिवसीय नमो महारोजगार मेला में भाग लेने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। नए निमंत्रण कार्ड में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम शीर्ष स्थान पर है, उनके बाद दूसरे स्थान पर दोनों डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार और तीसरे स्थान पर शरद पवार हैं। यह विवाद इसलिए पैदा हुआ क्योंकि रोजगार मेला 52 साल पुराने विद्या प्रतिष्ठान शैक्षणिक परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जो एक संस्था है और वर्तमान में इसके अध्यक्ष शरद पवार हैं। इसकी समिति के सदस्यों में

उनके पोते युगेंद्र एस.पवार, सुप्रिया सुले, अजीत पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा ए.पवार सहित अन्य शामिल हैं। राकांपा-सपा नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि शरद पवार इस कार्यक्रम में बारामती के निवासी के रूप में जाने और आम नागरिकों के साथ दर्शकों के बीच बैठने की योजना बना रहे हैं।

एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा,'पवार साहब ऐसी राजनीति से बहुत ऊपर हैं। वह इसे बारामती और महाराष्ट्र के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर मानते हैं।

मेरा संकल्प बंगाल में तृणमूल को जनता का पैसा लूटने से रोकना है : पीएम मोदी

कोलकाता, 1 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता जनता का पैसा लूट रहे हैं। मैंने इसे रोकने का संकल्प लिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के आरामबाग में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। पीएम ने अपने संबोधन में कहा, 'तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पेश किया है, जिसे पार्टी ने राज्य प्रशासन के सक्रिय संरक्षण के साथ संस्थागत बना दिया है।' पीएम ने कहा, 'स्कूल की नौकरियों से लेकर नगर पालिकाओं तक, राशन वितरण से लेकर सीमा पर पशु तस्करी तक, हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार है। अपराधियों को संरक्षण देने के लिए भी तृणमूल को पैसा मिलता है।'

प्रधानमंत्री के मुताबिक, किसी ने भी सत्ताधारी पार्टी के नेता के आवास से नोटों के एसे बंडल जब्त होते नहीं देखा, शायद आपने सिनेमाघरों में भी इतनी

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता जनता का पैसा लूट रहे हैं। मैंने इसे रोकने का संकल्प लिया है:-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

बड़ी नकदी बरामदगी नहीं देखी होगी। सत्तारूढ़ सरकार गले तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इसलिए केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के खिलाफ पश्चिम बंगाल में धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि यहां तक कि मुख्यमंत्री ने खुद भी ऐसे धरनों में हिस्सा लिया। तृणमूल केवल जनता का पैसा लूटना चाहती है।

पीएम मोदी 7 मार्च को करेंगे कश्मीर घाटी का दौरा

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 मार्च को कश्मीर घाटी का दौरा करेंगे। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पीएम की यह पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी ने आखिरी बार फरवरी 2019 में जम्मू-कश्मीर का दौरा किया था। 7 मार्च को अपनी कश्मीर यात्रा के दौरान पीएम मोदी के विकास परियोजनाओं की घोषणा करने और घाटी में विभिन्न राष्ट्रीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों के लाभार्थियों के साथ बातचीत करने की भी उम्मीद है।

झामुमो-कांग्रेस पर पीएम मोदी का जोरदार हमला, बोले- इन्होंने लूटा है, हम लौटाएंगे, ये हमारी गारंटी है

धनबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार पर जोरदार हमला बोला। धनबाद में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की 'विजय संकल्प रैली' को संबोधित करते हुए उन्होंने जेएमएम और कांग्रेस की सरकार पर परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण का आरोप मढ़ा। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों के नेताओं ने जनता और राज्य को जमकर लूटा है। मोदी की गारंटी है कि इन्होंने जितना लूटा है, उतना इस राज्य की जनता को लौटाएंगे। धनबाद के बरवाअड्डा हवाई अड्डा मैदान में आयोजित विशाल रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने धनबाद, कोडरमा और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं-समर्थकों से आह्वान किया कि 'अबकी बार, 400 सीटें पार' का संकल्प लेकर गांव-गांव जाएं।

सत्ता गंवाने के तीन महीने बाद अशोक गहलोत खाली करेंगे सीएम बंगला

जयपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की है कि वह शुक्रवार को अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे और बंगला नंबर 49 में शिफ्ट हो जाएंगे, जो नई

सरकार के गठन के बाद उन्हें आवंटित किया गया है। उनकी टीम के एक सदस्य ने कहा, गहलोत दोपहर करीब दो बजे बंगला खाली कर देंगे। राजस्थान में गहलोत को सत्ता से बाहर हुए लगभग तीन महीने हो गए हैं, लेकिन पूर्व सीएम और अन्य पूर्व मंत्रियों ने अभी तक अपने आधिकारिक बंगले खाली नहीं किए हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ओटीएस (ऑफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल) में अस्थायी आवास में रह रहे हैं, क्योंकि सीएम का आधिकारिक आवास गहलोत द्वारा खाली नहीं किया गया है। सीएमओ अधिकारियों ने पुष्टि की कि शर्मा होली के बाद बंगले में आएंगे। न सिर्फ वर्तमान सीएम, बल्कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी समेत कुछ अन्य मंत्री भी सरकारी आवास आवंटित होने का इंतजार कर रहे हैं।

भाजपा कमजोर है, इसलिए वो जबरदस्ती पैसा देकर विधायकों को खरीद रही है : राबड़ी देवी

पटना, 1 मार्च (देशबन्धु)। बिहार में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के तीन विधायक एनडीए में शामिल हो गए हैं। सम्राट चौधरी ने दो दिन पहले ही उन्हें पार्टी में शामिल कराया। कांग्रेस विधायक मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरव ने एनडीए जॉइन किया है। वहीं राजद खेमे से संगीता देवी ने पाला बदलकर एनडीए में शामिल हो गई है। इससे पहले भी राजद के तीन विधायक पाला बदल कर सत्ता पक्ष में आ गए। ऐसे में अब इस पूरे मामले में बिहार विधान परिषद की नेता विपक्ष राबड़ी देवी ने तीखा पलटवार किया है। राबड़ी देवी ने भाजपा को कमजोर बताया है। राजद नेत्री और पूर्व

मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि - भाजपा तो कमजोर हैं न, इसलिए वो खरीद रही है विधायकों को जबरदस्ती पैसा देकर। वो लोग न सिर्फ बिहार में ऐसा कर रहे हैं बल्कि पूरे देश भर में यही काम कर रहे हैं। भाजपा और केंद्र की सरकार कमजोर हो गई है इसलिए यह सब काम कर रही है। वो लोग बुरी तरह से टूट गए हैं। इसी वजह से यह सब काम कर रहे हैं।

भाजपा तो कमजोर हैं न, इसलिए वो खरीद रही है विधायकों को जबरदस्ती पैसा देकर। वो लोग न सिर्फ बिहार में ऐसा कर रहे हैं बल्कि पूरे देश भर में यही काम कर रहे :-राबड़ी देवी

उधर, बिहार में लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए गुरुवार को बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक 2024 को विधानसभा में मंजूरी दे दी गई है। इस नये कानून के लागू होने से सूबे में असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सकेगा और अपराध के नये-नये स्वरूपों पर भी अंकुश लगेगा।

बीजेपी देश की सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी: दीपंकर भट्टाचार्य

पटना। महागठबंधन में विधायकों के टूटने पर वामदल ने गहरी आपत्ति जताई है। तीन मार्च को आयोजित होने वाली महागठबंधन की रैली में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे सीपीआईएमएल के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने बीजेपी को देश की सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी बताया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी भ्रष्टाचार से जमा किए गए पैसों से विधायकों की फरीद फरोख्त कर रही है। दरअसल, बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद से ही विपक्ष के विधायक पाला बदलकर एनडीए में शामिल हो रहे हैं। विधायकों के लगातार पाला बदलने को लेकर विपक्ष आरोप लगा रहा है कि बीजेपी विधायकों को पैसे देकर पाला बदलवा रही है। सीपीआईएमएल के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि देश के सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी अगर कोई है तो वह बीजेपी है। उन्होंने कहा कि विधायकों को डरा धमकाकर या पैसे का लालच देकर बीजेपी पार्टी में शामिल करा रही है।

संदेशखाली में तनाव भड़काने के आरोप में एआईएसएफ की युवा नेता गिरफ्तार

कोलकाता, 1 मार्च (एजेंसियां)। ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) की लोकप्रिय युवा नेता जुबी साहा को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में तनाव भड़काने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मध्याह्न भोजन कर्मियों के भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व करने के कारण जुबी साहा पश्चिम बंगाल में तेजी से लोकप्रिय हो रही थीं। उन्हें कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके न्यू टाउन में उनकी दोस्त नताशा खान के आवास से गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने कहा कि साहा को संदेशखाली में स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं को भड़काने की शिकायतों के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार एआईएसएफ नेता को शुक्रवार को जिला अदालत में पेश किये जाने की संभावना है। संदेशखाली में हालिया तनाव के सिलसिले में गिरफ्तार होने वाले साहा एआईएसएफ के दूसरे नेता हैं। इससे पहले पुलिस ने इसी तरह के आरोप में एआईएसएफ नेता आयशा बीबी को गिरफ्तार किया था, हालांकि उन्हें जमानत मिल गई थी। एआईएसएफ नेतृत्व ने इन गिरफ्तारियों को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। गौरतलब है कि स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं के विरोध प्रदर्शन के बाद संदेशखाली में उबाल आ गया था।

खुलासा अस्पतालों में एक समान मूल्य निर्धारण लागू करना 'काफी मुश्किल': ब्रोकरेज फर्म

'सुप्रीम कोर्ट के आदेश से भविष्य में कीमतों में बढ़ोतरी व अस्पतालों के विस्तार पर पैदा होगा संकट'

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। एक ब्रोकरेज फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अस्पतालों में एक समान मूल्य निर्धारण लागू करना 'काफी मुश्किल' है। फर्म ने व्यावहारिक चुनौतियों का हवाला देते हुए ये बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए हाल ही में केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि यदि वह क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट (सीईए) के तहत अस्पताल दरों के लिए प्रस्ताव नहीं लाती है तो वह अंतरिम उपाय के रूप में सीजीएचएस दरों को लागू करेगी।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने एक रिपोर्ट में कहा, 'फिर भी, भारी मूल्यांकन के बीच, यह निर्देश एक ओवरहैंग (विशेष रूप से भविष्य की कीमतों में बढ़ोतरी और विस्तार पर) बनाता है और हाल के दिनों में नियामक हस्तक्षेप कम हो जाने से अधिक प्रासंगिक है।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'हालांकि सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश को देखते हुए इस मुद्दे को हल्के में नहीं लिया जा सकता, लेकिन हमारा मानना है कि अस्पतालों (सार्वजनिक और निजी) में समान मूल्य निर्धारण लागू करना

बहुत मुश्किल है।'

ब्रोकरेज फर्म ने कहा, 'व्यावहारिक चुनौतियों और प्रमुख अस्पतालों के लिए समान दरों के अलावा, इसे लागू करने के लिए कानून में बदलाव की जरूरत हो सकती है, क्योंकि केवल 12 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) ने इस कानून को अपनाया है... इसलिए, हमें कार्यान्वयन की बहुत कम संभावना लगती है।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'समान मूल्य निर्धारण

■ **'व्यावहारिक चुनौतियों और प्रमुख अस्पतालों के लिए समान दरों के अलावा, इसे लागू करने के लिए कानून में बदलाव की जरूरत हो सकती है:- ब्रोकरेज फर्म**

को लागू करना मुश्किल है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के सख्त लहजे को देखते हुए हम इस मुद्दे को हल्के में नहीं ले सकते।'

रिपोर्ट में कहा गया है, 'सबसे खराब स्थिति में, यदि सीजीएचएस दरें लागू हो जाती हैं, तो हमारे कवरेज के तहत लगभग सभी अस्पताल ईबीआईटीडीए नकारात्मक हो जाएंगे (यह मानते हुए कि बीमा कंपनियां भी कम कीमतों पर बातचीत करती हैं)।' 'दो साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा था कि कोई भी सरकार निजी अस्पतालों में मरीजों के लिए दरें तय नहीं कर सकती। पिछले उदाहरणों को देखते हुए, जिसमें कोविड भी शामिल है, हमें नहीं लगता कि सरकार (केंद्र और राज्य) पब्लिक हेल्थकेयर को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने के लिए उत्सुक होगी।'

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

बेटा : मुझे शादी नहीं करनी। मुझे सभी औरतों से डर लगता है।
पिता : कर ले बेटा। फिर एक ही औरत से डर लगेगा, बाकी सब अच्छी लगेंगी।

दिल्ली वालों की प्रति व्यक्ति आय 22 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली, 1 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली वालों की प्रति व्यक्ति आय में 22 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। पिछले साल इसमें 14.17 फीसदी की वृद्धि हुई थी। मौजूदा समय में दिल्ली वालों की वार्षिक औसत आय का आंकड़ा साढ़े चार लाख रुपये को पार कर गया। पिछले साल यह पौने चार लाख रुपये से अधिक था। मौजूदा समय में इसमें 85693 रुपये की वृद्धि दर्ज हुई है।

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को सदन में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की रिपोर्ट रखी। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली वालों की वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 461910 रुपये हो गई है। साल 2021-22 में यह 376217 रुपये थी। इसमें 22.77 फीसदी की बढ़त हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 के दौरान मौजूदा कीमतों पर दिल्ली की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2022-23 की तुलना में 9.17 फीसदी बढ़कर 1107746 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। साल 2022-23 में दिल्ली की जीएसडीपी 1014000 करोड़ रुपये थी। वहीं कोरोना महामारी के दौरान दिल्ली की वास्तविक जीएसडीपी 2021-22 में 8.76 फीसदी और 2022-23 में 7.85 फीसदी की दर से बढ़ी। जो देश के बाकी राज्यों की तुलना में सबसे आगे है। दिल्ली में देश की कुल 1.5 फीसदी जनसंख्या है। जबकि जीएसडीपी भारत की जीडीपी में करीब 3.9 फीसदी का योगदान देती है।

- दिल्ली की महंगाई दर देश से आधी, कर संग्रह में 18 फीसदी तक बढ़ा
- वित्त मंत्री ने सदन में रखी आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की रिपोर्ट
- दिल्ली में है देश की कुल 1.5 फीसदी जनसंख्या

दिल्ली में महंगाई दर देश के मुकाबले आधी है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली की मुद्रास्फीति-महंगाई दर (जनवरी से दिसंबर 2023) में 2.81 फीसदी थी। जबकि राष्ट्रीय महंगाई दर (जनवरी से दिसंबर 2023) में 5.65 फीसदी थी। कोरोना महामारी के दौरान दिल्ली वालों का रोजगार छिन गया था। इसका असर लंबे समय तक दिखा। लेकिन अब इसमें सुधार आया है। साल 2020-21 में दिल्ली की बेरोजगारी दर 6.3 फीसदी थी। वर्ष 2022-23 में यह घटकर 1.9 फीसदी रह गई है।

दिल्ली की वित्त मंत्री के इकनॉमिक सर्वे में कुछ भी अनोखा नहीं : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली की वित्त मंत्री अतिशी द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में प्रस्तुत इकनॉमिक सर्वे एक सामान्य आर्थिक रिपोर्ट है जिसमे कुछ भी अनोखा नही है। खेदपूर्ण है कि वित्त मंत्री ने इकनॉमिक सर्वे प्रस्तुत करने की आड़ में भी ओछी राजनीतिक ब्यानबाजी की, झूठे दावे किये। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की दिल्ली की वित्त मंत्री का कोविडकाल के बाद अर्थ व्यवस्था में तेज़ी का दावा खोखला है क्योंकि कोविडकाल के बाद सारे देश की अर्थ व्यवस्था ने गत वर्ष से ही रफ्तार पकड़ ली थी खासकर महानगरों में। जहां तक वित्त मंत्री के दावे की दिल्ली में देश की मात्र 1.5 प्रतिशत आबादी रहती है पर जी.डी.पी. में 4 प्रतिशत योगदान है में दिल्ली सरकार का कोई योगदान नही है।

दिल्ली में बढ़ा कर संग्रह

दिल्ली के कर संग्रह में वर्ष 2022-23 के दौरान 18 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2021-22 में दिल्ली ने 3270 करोड़ रुपये का राजस्व अधिशेष दर्ज किया था, जो साल 2022-23 में बढ़कर 14457 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा राजस्व प्राप्तियों पर ब्याज भुगतान का अनुपात 2012-13 में 11.20 फीसदी पर था, जो घटकर 2022-23 में 5.21 फीसदी रह गया है।

मिल रही मुफ्त बिजली

दिल्ली में 100 फीसदी परिवार को मुफ्त बिजली की सुविधा मिल रही है। अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विभाग ने 3450 घरों में एक अध्ययन किया। इसमें पाया गया कि एक वर्ष के दौरान किसी समय करीब 100 फीसदी परिवार को फायदा मिला।

निगम स्कूलों में केजरीवाल सरकार का वर्ल्ड क्लास शिक्षा मॉडल लागू : डॉ शैली ओबरॉय

आप सरकार नये व आधुनिक स्कूल भवनों का कर रही निर्माण

नई दिल्ली,1 मार्च (देशबन्धु)। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने आज पश्चिमी ज़ोन के विष्णु गार्डन में नवनिर्मित निगम प्राथमिक स्कूल जनता को समर्पित किया। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि निगम में आप सरकार प्राथमिक विद्यालयों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए अग्रसर है। निगम में आप सरकार नये व आधुनिक स्कूल भवनों का निर्माण कर रही है। दिल्ली सरकार के स्कूलों की तर्ज पर निगम स्कूलों में अत्याधुनिक शिक्षण तकनीक, स्मार्ट बोर्ड, बड़े खेल के मैदान और खेल उपकरण शामिल उपलब्ध करवा रहे हैं। निगम स्कूल में भी केजरीवाल सरकार का वर्ल्ड क्लास शिक्षा मॉडल लागू किया जा रहा है। हम निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में

नए प्रयास किए जा रहे हैं ।

मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हमें निगम स्कूलों को भी दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह विश्व स्तरीय और आधुनिक बनाना है। हमारा प्रयास है निगम के स्कूल भी निजी स्कूलों को टक्कर दें, जिसके लिए हमें शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक बदलाव लाना होगा। उन्होंने बताया कि स्कूल के निर्माण से विष्णु गार्डन के आस पास के क्षेत्रके बच्चों को लाभ होगा और बच्चों कीटे एडमिशन में भी बढ़ोतरी होगी। हम जल्द ही अन्य ज़ोन में भी नए स्कूल प्राथमिक स्कूलों का उद्घाटन करने वाले हैं।

चार मंज़िला इमारत भूकंपरोधी

विष्णु गार्डन के नवनिर्मित विद्यालय में 9 क्लासरूम, एक बड़ा हॉल व 8 टॉयलेट ब्लॉक बनाए गए हैं। स्कूल भवन की यह चार मंज़िला इमारत भूकंपरोधी है और इसे बनाने में लगभग 1.84 करोड़ रुपए की लागत आयी है।

बच्चों के लिए बनायी गई लाइब्रेरी

स्कूल में बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनायी गई है तथा कक्षाओं में स्मार्ट टीवी भी हैं। स्कूल में सोलर पैनल रूफ, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग टैंक वाटर कूलर, अग्निशमन उपकरण आदि की व्यवस्था है। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त विकास त्रिपाठी ,क्षेत्रीय उपायुक्त संदीप कुमार, पूर्व सांसद महाबल मिश्रा, क्षेत्रीय निगम पार्षद सुनील चड्ढा व निगम के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

सार संक्षेप

मीट द मास्टर्स कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। कोरोनरी धमनी रोग के उपचार के तरीकों को बढ़ाने के लिए मीट द मास्टर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हाइब्रिड प्लेटफॉर्म के माध्यम से अग्रणी भारतीय और अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों को ऑफ़लाइन और ऑनलाइन एक साथ लेकर आया था। चिकित्सा उपकरणों में नवीनता लाने में अग्रणी कॉन्सेप्ट मेडिकल ने प्रतिष्ठित एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन , नोएडा के सहयोग से जटिल परक्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन के भविष्य के रूप में मैजिकटच सिरोलिमस कोटेड बलून पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और भारतीय डॉक्टरों ने जटिल कोरोनरी रोग के उपचार में अंतर्दृष्टि साझा करने और इस क्षेत्र में प्रभावी उपचार विकल्प के रूप में नवीनतम प्रगति - मैजिकटच एस सी बी पर विचार विमर्श किया। कॉन्सेप्ट मेडिकल के प्रबंध निदेशक डॉ. मनीष दोशी से संपर्क करने पर हुए उन्होंने कहा कि कंपनी मैजिकटच जैसे सुरक्षित और प्रभावी स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो भारत से दुनिया का पहला सिरोलिमस-कोटेड बलून है।

बौद्धिक संपदा अधिकार पर प्रशिक्षण आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में दो दिवसीय 'आयुष के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार' पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसका आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्या पीठ, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्नातकोत्तर अध्येताओं, अनुसंधानकर्ताओं, चिकित्सकों एवं संकाय सदस्यों के लिए किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. एम. बी. गौड़ ने कहा की इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से हमें अपडेट होने का अवसर मिलता है, इसलिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्या पीठ की निदेशक डॉ. वंदनासिरोहा का धन्यवाद किया कि उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान का चयन किया। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. जय सिंह यादव ने बताया की दो दिन तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 8 सत्र हुए जिसमें डॉ. के.एस. कर्दम, अवि गर्ग, डॉ. विजयलक्ष्मी अस्थाना तथा डॉ. उषाराव ने व्याख्यान दिया।

एसटीपी के ऑपरेटर ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में इंपीरियल क्लब के बेसमेंट में शुक्रवार को एक 28 वर्षीय व्यक्ति का शव लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान वसंत कुंज के मसूदपुर निवासी चंदन दास के रूप में हुई है। वह क्लब के दूसरे बेसमेंट में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के ऑपरेटर के रूप में काम करता था। एक अधिकारी ने कहा कि वसंत कुंज दक्षिण पुलिस स्टेशन के नियंत्रण कक्ष को तड़के करीब 3 बजे इंपीरियल क्लब के सुरक्षा गार्ड दीपांशु से व्यक्ति के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के संबंध में फोन पर सूचना मिली थी। दीपांशु ने पुलिस को बताया कि चंदन दास रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक नाइट ड्यूटी पर था। वह क्लब के बेसमेंट में स्टोल से लटका हुआ मिला। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के डीसीपी रोहित मीणा ने कहा कि पूछताछ करने पर पता चला कि चंदन दास का अपनी पत्नी से विवाद हुआ था। आत्महत्या से पहले उसने अपनी मां को वीडियो कॉल की थी। वीडियो कॉल के बाद, चंदन दास की परेशान पत्नी और मां इम्पीरियल क्लब पहुंची और गार्ड को सूचित किया। गार्ड ने बेसमेंट की जांच की और पाया कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद का गुलाब उत्सव आज से

नई दिल्ली,1 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद एनडीएमसी वसंत ऋतु त्योहारों की श्रृंखला के तहत 6 दिवसीय गुलाब उत्सव का आयोजन कर रही है।

यह आयोजन आज से 07 मार्च तक भारत-अफ्रीका मैत्री रोज़ गार्डन, शांति पथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित होगा। रोज़ फेस्टिवल के तहत, रोज़ गार्डन में 80 से अधिक किस्मों के गुलाब प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जैसे फैंटासिया, हसीना, कंट्री गर्ल, फर्स्ट एडिशन, हकुन, बेट्टी बीओपी, क्रिश्चियनडिओर, पिंक नॉकआउट, कलाडी, नाइट-एन-डे गार्थरी। , दैनिक पोस्ट, सिंथिया, नोबेल्टी, ऑनर, मानस, डीप पर्पल, फर्स्ट रेड, एक्सीलेंस, गिरिजा, द पेंटर, इंटरनलली योर्स, सिग्नेचर, मूडी ड्रीम, बेट्टी बीओपी, काजुन स्पाइस, भीम, बिरसा मुंडा, स्टारी नाइट, हकुन, लिगेसी जुबली, नीलम बोरी, ब्राइट स्माइल, डेली पोस्ट, सबनम, बोनिका, मैस्कॉट, पूषा मुस्कान, पैराडाइज, आर्थर बेल इत्यादि । गुलाब की कुछ और किस्में भी इनमें शामिल हैं। इस रोज़ फेस्टिवल में पेंटिंग प्रतियोगिता, किताबों पर चर्चा, फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान और गुलाब पर विशेषज्ञ टॉक जैसे कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शामिल होगी।

भारत-ऑफ्टर 1303 ईयर्स, राइजेज दि गोल्डन बर्ड का लोकार्पण

किताब में भारत के ऐतिहासिक काल से पीएम मोदी के शासन तक की घटना का ब्यौरा

नई दिल्ली,1 मार्च (देशबन्धु)। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रसिद्ध अजय मिश्रा इंफॉर्मेशन टेकनालाजी पर कई किताबें लिखने के बाद इस बार भारत के इतिहास और मोदी शासनकाल के ऊपर किताब लेकर आए हैं। गौरतलब है कि लेखक ग्लोबल टेलकॉम लीडर के रूप में पिछले 25 वर्षों से सक्रिय हैं और कई प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। शुक्रवार को कनॉट प्लेस स्थित होटल ली मेरेडियन होटल में लेखक अजय मिश्रा द्वारा लिखी गई पुस्तक 'भारत-ऑफ्टर 1303 ईयर्स, राइजेज दि गोल्डन बर्ड' का लोकार्पण किया गया।

किताबघर द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक भारत के गौरवशाली और समृद्ध इतिहास को बयां करने के साथ-साथ देश में मुगल शासन के प्रभावों और ब्रिटिश राज के बारे में भी विस्तार से बताती है। इस किताब में लेखक ने भारत के ऐतिहासिक काल से लेकर वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन तक हर महत्वपूर्ण घटना का ब्यौरा दिया है, इसमें 1947 में आजादी मिलने से लेकर नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री और इंदिरा गांधी की सत्ता में भूमिका का वर्णन किया गया है। अंग्रेजी भाषा में लिखी इस किताब में अजय मिश्रा ने आरएसएस के उदय और प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के दमदार कार्यों के विषय में भी विस्तार से बताया है।

अपनी इस किताब के बारे में अजय मिश्रा ने बताया कि नरेंद्र मोदी के शासन की बागडोर संभालने से पहले देश अपराध, भ्रष्टाचार, लूटपाट, मारपीट और रिश्वतखोरी जैसे दंश झेल-झेल कर छलनी हो रहा था। लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद देश की काया ही पलट गई। मोदी के कुशल नेतृत्व में ना केवल देश ने अपनी खोई हुई गरिमा वापिस हासिल की बल्कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश को और ज्यादा सम्मान और मजबूती मिली।

संदेशखाली कांड के विरोध में दिल्ली के बंगाल भवन पर भाजपा का प्रदर्शन

नई दिल्ली, 1 मार्च (देशबन्धु)। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली कांड के विरोध में शुक्रवार को दिल्ली भाजपा ने बंगाल भवन के सामने धरना प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज हम यहां तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के महिलाओं पर अत्याचार एवं हमलों का विरोध कर रहे हैं। जिस तरह ममता बनर्जी अपने नेता शेख को बचा रही हैं, उसी तरह अरविंद केजरीवाल अंकुश नारंग को बचा रहे हैं। सचदेवा ने केजरीवाल की पार्टी के पार्षद अंकुश नारंग पर भी कार्रवाई की मांग की है, जिसने एक नाबालिग बच्ची के साथ अश्लीलता की। उल्लेखनीय है कि संदेशखाली कांड के मास्टरमाइंड शाहजहां शेख को पुलिस ने बुधवार रात 55 दिन के बाद गिरफ्तार किया। उस पर महिलाओं के यौन शोषण और लोगों की जमीन कब्जाने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया।

- संदेशखाली कांड पर इंडिया गठबंधन की चुप्पी से आक्रोश
- पॉक्सो एक्ट के तहत आम आदमी पार्टी के पार्षद पर मुकदमा दर्ज

प्रदर्शन में शामिल दिल्ली बीजेपी सचिव बांसुरी स्वराज ने कहा कि उनकी पार्टी केवल पीड़ित महिलाओं की रक्षा करने और उनकी आवाज उठाने की कोशिश कर रही है। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख को 6 साल के लिए निष्कासित कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बचाया जा रहा है। संदेशखाली के लोग जिन मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उस पर ध्यान देना चाहिए।

बांसुरी स्वराज ने कहा कि हम मांग करते हैं कि मुख्यमंत्री तुरंत इस्तीफा दे। आज इंडिया गठबंधन के सभी साथी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। इन लोगों को सिर्फ भ्रष्टाचार करने को लेकर गठबंधन हुआ है। इसलिए यह लोग चुप हैं। महिलाओं के साथ किस तरह के हालात बंगाल में बने हुए हैं। इस पर किसी भी इंडिया अलायंस के साथी खुलकर बात नहीं करतें।

दूसरी तरफ दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, कि जिस प्रकार बंगाल में इस तरह की घटना हुई है इस तरह देश की राजधानी दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी के नेता इस तरह की घटना में सम्मिलित है। ताजा मामला आम आदमी पार्टी के पार्षद से जुड़ा है। जहां किस तरह से पॉक्सो एक्ट के तहत आम आदमी पार्टी के पार्षद पर मुकदमा दर्ज हुआ है। लेकिन हैरानी की बात है मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकला है।

बिना नोटिस दिए घर ढहाना भाजपा की अमानवीय कार्रवाई : लवली

रैट माइनर वकील हसन को सम्मान देने की जगह डीडीए ने तोड़ दिया मकान

नई दिल्ली,1 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यकर्ताओं की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि खजूरी खास में डीडीए द्वारा लोगों के घरों को बिना नोटिस दिए ढहाना भाजपा सरकार की अमानवीय कार्यवाही है, कांग्रेस पार्टी इन बेसहारा लोगों के साथ खड़ी है और केन्द्र सरकार के खिलाफ इनको न्याय दिलाने के लिए इनके साथ लड़ाई लड़ेगी। यह परिवार खजूरी खास में 11-12 सालों से यहां रह रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रैट माइनर वकील हसन जिसने उत्तरकाशी में दर्जनों लोगों की जान बचाई थी उसे सम्मान देने की जगह केन्द्र सरकार के डीडीए विभाग द्वारा उनके मकान को तोड़ दिया। बैठक में पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार, निगम के प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर, हरी किशन जिंदल, राज बहादुर चौहान, अनुज आत्रेय, अनुप

शौकीन, राजीव शर्मा, हरनाम सिंह मुख्य रुप से मौजूद थे।

इस मौके पर अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि रैट माईनर वकील हसन को केवल दवाब के कारण ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दूर क्षेत्र में दिया गया, जिसको उन्होंने नकार दिया है क्योंकि उनके बच्चे खजूरी खास में पढ़ाई कर रहे है व उनकी जीविका वहीं से चल रही है। इसलिए उनको उनके क्षेत्र में मकान दिया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि केवल एक रैट माईनर को मकान दिया गया है जबकि बाकी हजारों झुग्गी वासियों को पीएम आवास योजना के तहत मकान क्यों नही दिया जिनको डीडीए ने बिना वैकल्पिक स्थान दिए बेघर कर दिया। लवली ने कहा कि पिछले दोनो लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में गरीबों को जहां झुग्गी वहीं मकान की योजना के तहत मकान देने का वायदा किया था जिसको भाजपा की केन्द्र सरकार ने अभी तक नही निभाया। उन्होंने कहा कि खजूरी खास में अनशन पर बैठे लोगों की जहां घर थे वहीं मकान बनाकर देने की मांग का कांग्रेस पार्टी समर्थन करती है क्योंकि कांग्रेस की यूपीए सरकार ने दिल्ली में जहां झुग्गी वहीं मकान की योजना के तहत हजारों झुग्गीवासियों के लिए कालकाजी, कठपुतली कॉलोनी और वजीरपुर में मकान बनाकर देने की योजना की शुरुआत की थी।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम-रिठौरी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित भूखण्ड संख्या-277, क्षेत्रफल-60 वर्ग मीटर श्री सुन्दर पुत्र श्री शीशराम, निवासी-ग्राम- रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री सुन्दर पुत्र श्री शीशराम की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री ललित पुत्र स्व० श्री सुन्दर, श्रीमती चमेली पत्नी स्व० श्री सुन्दर व श्रीमती सोनू (विवाहित), कु० मोनू (अविवाहित), कु० साक्षी (अविवाहित), कु० एकता ना०बा० पुत्रीगण स्व० श्री सुन्दर संरक्षिका माता स्वयं चमेली, निवासी-ग्राम-रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्रीमती चमेली पत्नी स्व० श्री सुन्दर व कु० एकता ना०बा० पुत्री स्व० श्री सुन्दर संरक्षिका माता स्वयं चमेली, निवासी-ग्राम-रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्रीमती चमेली पत्नी स्व० श्री सुन्दर व कु० एकता ना०बा० पुत्री स्व० श्री सुन्दर संरक्षिका माता स्वयं चमेली, निवासी-ग्राम-रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि U.P.S.E.B. Engineers Sahkari Awas Samiti Ltd., के माध्यम से आवंटित भूखण्ड/भवन संख्या 20, Sector-Builder's Area, Pocket-4, Greater Noida क्षेत्रफल-126.945 वर्ग मीटर, Mr. Shyam Sunder S/o Late Shri Ram Lubhaya Madan के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Mr. Shyam Sunder की मृत्यु दिनांक-18.04.2016 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Sneh Madan W/o Late Mr. Shyam Sunder ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में आवंटी Mr. Shyam Sunder के स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Sneh Madan W/o Late Mr. Shyam Sunder के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम	1. एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के समानांतर पुराने रेलवे ट्रैक को तोड़ना, 5 यूनिट स्टाफ क्वार्टर का निर्माण और रोहतक-पानीपत सेक्शन पर एलसी नंबर-1बी के डयूटी हट को स्थानांतरित करना। (निविदा संख्या 69-W-IV-23-24) 2. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र के तहत रोहतक-पानीपत खंड पर टीआरआर (पी) 1.5 किमी (66.300 से 67.8) हेतु कार्य। (निविदा संख्या 71-W-IV-23-24) 3. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र के तहत रोहतक-पानीपत खंड पर टीआरआर (पी) 1.2 किमी (67.8 से 69.00) हेतु कार्य। (निविदा संख्या 72-W-IV-23-24) 4. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अधिकार क्षेत्र में नांगलोई में गुड्स शेड का विकास हेतु कार्य। (निविदा संख्या 73-W-IV-23-24)
अनुमानित लागत	(1) रु.50,55,394.78 (2) रु.41,53,306.73 (3) रु.32,82,984.83 (4) रु.35,63,086.95
धरोहर राशि	(1) रु.1,01,100.00 (2) रु.83,100.00 (3) रु.65,700.00 (4) रु.71,300.00
ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय	ई-निविदा भरने का समय कार्य 08.03.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 22.03.2024 को 15.00 बजे
निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

पत्र संख्या : 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 69,71,72&73-डब्लू-4-23-24
दिनांक: 29.02.2024 653/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कैपिटल ज़ोन

उवाच "

कि शासनादेश के क्रम में गठित कमेटी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर तेजी से कार्य कर रही है जिसकी मॉनिटरिंग आई ट्रिपल सी सेंटर के माध्यम से की जाएगी इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से न केवल ट्रैफिक पर ही नजर बनाई जाएगी बल्कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हो रहे कार्यों पर भी नजर रखी जाएगी जिस शहर को काफी लाभ मिलेगा।

विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त

नोएडा में 100 खरीदारों को मिला मालिकाना हक

■ 4 महीने में 3 लाख रजिस्ट्री का टारगेट ■ 7 से 10 मार्च के बीच सीएम कर सकते हैं विजिट ■ मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान होंगी ढाई से तीन हजार रजिस्ट्री

नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। रोजाना करीब 200 रजिस्ट्री की जाएंगी। 7 से 10 मार्च के बीच मुख्यमंत्री नोएडा विजिट कर सकते है। उस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में रजिस्ट्री बायर्स को हैंड ओवर की जाएगी। तब तक 2 ये 2.5 हजार रजिस्ट्री हो जाएंगी। मुख्यमंत्री के विजिट के बाद रजिस्ट्री तेजी से होगी। आगामी तीन से चार महीने में सभी पेंडिंग करीब 2 से 3 लाख रजिस्ट्री पूरी कर ली जाएंगी। ऐसा हमारा लक्ष्य है।

ये बातें अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त उप्र मनोज कुमार सिंह ने फ्लैट की रजिस्ट्री का शुभारंभ के अवसर पर कही। कार्यक्रम सेक्टर-77 में एक्सप्रेस जेनिथ में किया जा रहा है। यहां पहले दिन 100 बायर्स को मालिकाना हक दिया गया। रजिस्ट्री पाकर बायर्स के चेहरा पर खुशी का माहौल है। औद्योगिक विकास आयुक्त ने कहा कि ये बायर्स का हक था। पैसा वो दे चुके थे, लेकिन कभी कभी ऐसी परिस्थितियां बन जाती है। जैसे कोविड पीरियड आया। अब सरकार की इस नीति से उस डेडलॉक को ब्रेक किया जा रहा है।

अब सभी बायर्स के हाथ में उनकी रजिस्ट्री होगी। इस सिफारिश के तहत 95 प्रतिशत तक समस्या का समाधान हो जाएगा। जो बिल्डर सिफारिश के तहत नहीं आ रहे है उनके खाली पड़ी लैंड और इकाइयों को टेक ओवर करने का प्रावधान भी इस सिफारिश में है। यह पहली बार है कि निबंधन विभाग के साथ प्राधिकरण और बिल्डर तीनों कैंप लगाकर सोसाइटी में रजिस्ट्री करेंगे। बायर्स को दिक्कत न हो। इस मौके पर प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री आदि मौजूद रहे।(बता दे अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद 35 बिल्डरों ने सहमति दी है। ये सभी बिल्डर 2209 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा कर देते है तो 13 हजार 639 होम बायर्स को उनको मालिकाना हक मिल जाएगा। सिफारिश के तहत अभी इसी बकाया का 25 प्रतिशत जमा किया जा रहा है। ये कुल बकाया के 552.51 करोड़ है। इसके जमा होने पर 3412 रजिस्ट्री हो जाएगी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बताया कि अभी 29.86 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा हुए है। इसमें करीब 600 बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। आज 100 बायर्स की रजिस्ट्री की जा रही है। इसके लिए कैंप लगाया गया है। बाकी रजिस्ट्री के लिए भी बिल्डर सोसाइटी में कैंप लगाए जाएंगे। अमिताभ कांत समिति के प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद शासनादेश की शर्तों का पालन कर सहमति देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बकाएदार बिल्डरों के साथ लगातार बैठक कर रहे हैं। इस शासनादेश में मुख्य रूप से एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2022 तक के काल को कोविड काल मानते हुए जीरो पीरियड का लाभ दिया जाना है।

एक्सप्रेस वे पर आग का गोला बनी कार

नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-146 सेक्टर के पास एक्सप्रेस वे पर एक हुंडई सेंट्रो कार में लग गई। जब आग लगी तो कार परी चौक से नोएडा की ओर जा रही थी। आग ने मिनटों में ही विकराल रूप ले लिया। गनीमत रहीं कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई। आग की वजह से एक्सप्रेस वे के यातायात को सर्विस लेन से निकाला गया। कुछ देर तक जाम लगा इसके बाद ट्रैफिक को सामान्य किया गया।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि कार में आग की वजह शाट सर्किट बताई जा रही है। कार पेट्रोल और सीएनजी फिटेड थी। इसलिए तेजी से आग फैली। गनीमत रहीं किसी प्रकार का विस्फोट नहीं हुआ। जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल की एक गाड़ी को भेजा गया। सबसे पहले ट्रैफिक को पुलिस की ओर से डायवर्ट किया गया इसके बाद आग पर काबू पाया गया। करीब आधे घंटे बाद आग बुझ सकी। इसके बाद क्रेन की मदद से कार को एक्सप्रेस वे किनारे किया गया। बताया गया कि जिस समय आग लगी। चालक ने गाड़ी साइड की और ऊतर गया। उसने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग तेजी से फैल गई। आग से कार जलकर राख हो गई। कोई जनहानि नहीं हुई है।

सार संक्षेप

कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए प्रभारी व सह प्रभारियों की घोषणा

नोएडा। सोशल मीडिया विभाग उत्तरप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए प्रभारी और सह प्रभारियों की की घोषणा की गई हैं। सोशल मीडिया विभाग की चेयर पर्सन पंखुड़ी पाठक ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं प्रभारी अविनाश पांडेय के निर्देशानुसार नोएडा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश कमेटी के सदस्य पवन शर्मा को गाजियाबाद लोकसभा का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी बनाए जाने पर पवन शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि जो जम्मेदारी उन्हें दी गई है उसका निर्वहन वो पूर्ण ईमानदारी एवं तत्परता से करेंगे। कांग्रेस की नीतियों एवम उनके विचारों को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

अवैध अतिक्रमण करने के मामले में नौ पर मुकदमा दर्ज

नोएडा। प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने के मामले में भूलेख विभाग के राजस्व निरीक्षक ने नौ लोगों के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में राजस्व निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि ग्राम भंगेल बेगमपुर के एक खसरा नंबर जो कि नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र की अधिसूचित जमीन है। उस पर मनीश जैन, आशीष पाठक, अजय अरोड़ा, पिहू, नीरज अग्रवाल, असफाक अली, तैमूर अजीम, अनुज और सतपाल सिंह समेत अन्य लोग अवैध रूप से निर्माण कर रहे हैं। ये लोग बार-बार मना करने के बावजूद भी अवैध निर्माण को रोक नहीं रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

निर्माणाधीन फैक्ट्री का लेंटर गिरा, युवक की मौत

गजियाबाद। थाना मोदीनगर अन्तर्गत सिखेडा इण्डस्ट्रियल एरिया में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन परिसर की सैटरिंग गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। इस घटना में व्यक्ति के गम्भीर रुप से घायल होने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। मृतक की पहचान विशाल निवासी हापुड़ तथा घायल की पहचान ललित के रुप में हुई। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि प्रकरण में मृतक विशाल के भाई अक्षय द्वारा थाना मोदीनगर पर तहरीर दी गई जिसके आधार पर ललित व 02 अन्य व्यक्तियो के विरुद्व सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क हादसे में बुलेट सवार की मौत

नोएडा। अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बुलेट सवार युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उपचार के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता की शिकायत पर सेक्टर-113 पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बुलंदशहर के स्याना निवासी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा उज्जवल चौहान 26 फरवरी को शाम पांच बजे के करीब बुलेट से बरौला से सेक्टर-74 जाने के निकला।

नोएडा की एक्वा या आरआरटीएस में एक को मिलेगा अप्रूवल

नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा में प्रदेश का पहला ऐसा ट्रैक तैयार किया जाएगा। जिस पर मेट्रो और रैपिड रेल दोनों एक साथ चलेगी। इसका रूट फाइनल किया जा चुका है। यहां तीन कोच की मेट्रो और 8 कोच की रैपिड रेल चलेगी।

■ आरआरटीएस का फायदा एक ट्रैक पर दौड़ेगी मेट्रो और रैपिड

■ 72 किमी का है ट्रैक, नोएडा मेट्रो हो सकती है लिंक लाइन

गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक जाएगी। हालांकि नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन की ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का भी एक रूट तैयार किया गया है। इसकी डीपीआर शासन में अप्रूवल के लिए भेजी जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों में से एक रूट को ही एप्रूवल मिलेगा। रैपिड रेल को अप्रूवल मिलता है तो नोएडा के सेक्टर-61 से ग्रेनो वेस्ट लाइन को एक लिंक लाइन बनाकर रैपिड से जोड़ दिया जाएगा। क्योंकि आरआरटीएस के वाया डक्ट को ऐसा बनाया जाएगा जिसमें मेट्रो वजन करीब 42 टन प्रति कोच ओर रैपिड रेल प्रति कोच वजन करीब 60 टन दोनों चल सकती है। दोनों की स्पीड में अंतर होगा। 6 लाख मुसाफिर रोजाना इससे सफर कर सकते है। वो गाजियाबाद से ग्रेनो वेस्ट होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक आ जा सकेंगे। आरआरटीएस पर चलने वाली मेट्रो और रैपिड दोनों की स्पीड में अंतर होगा। रैपिड की अधिकतम गति 140 से 160 किमी प्रति घंटा हो सकती है। वहीं मेट्रो की अधिकतम गति 120 किमी प्रति घंटा होती है। जबकि नोएडा में चलने वाली एक्वा मेट्रो की अधिकतम गति 80 किमी प्रति घंटा है। लेकिन आम तौर पर ये 45 से 50 किमी प्रति घंटा ही चलती है। नोएडा मेट्रो के एमडी लोकेश एम ने बताया कि नोएडा मेट्रो की डीपीआर फाइनल करके शासन को भेजी जा चुकी है। आरआरटीएस और नोएडा मेट्रो दोनों में पहले किसे अप्रूवल मिलता है ये देखना है।

पारस टियारा सोसाइटी में हंगामा

नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा की पारस टियारा सोसाइटी में गुरुवार देर रात जमकर हंगामा हुआ। यहां एक कार मालिक पर सिक्योरिटी गार्ड ने जमकर लाठी बरसा दी।

■ पार्किंग को लेकर गार्ड ने युवक पर बरसाई लाठियां, एम्बुलेंस को चिल्लाती रही महिला

उसके सिर में चोट लगी। उसके साथ मौजूद महिला ने पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी चार सीक्यूरिटी गार्ड के खिलाफ धारा-151 में चालान किया साथ ही पीड़ित का मेडिकल कराया। वायरल वीडियो पारस टियारा सोसाइटी का है। इसमें साफ दिख रहा है कि कवीश अरोड़ा और उनके साथ एक महिला कार के गेट के पास खड़े है। वहां वे गार्ड से बातचीत कर रहे है। इस दौरान पहले महिला के साथ एक महिला गार्ड बदतमीजी करती है। इसके बाद एक गार्ड लाठी से कवीश के कमर पर हमला करता है। एक के बाद एक लाठी बरसाना शुरू करते है। उसी सोसाइटी के फ्लैट की बालकनी में खड़ा शख्स इसका वीडियो बना रहा है। सर पर चोट लगने के बाद महिला जोर जोर से एम्बुलेंस और पुलिस को फोन करने को कहती है। पुलिस के आने से पहले एक बार फिर गार्ड कवीश को थप्पड़ और लात घूसें से मारते है। यही नहीं एक गार्ड महिला को भी डंडा मारता है। वीडियो में साफ दिख रहा है इस दौरान गेट पर पुलिस पहुंचती है। जिसे देखकर गार्ड इधर उधर हो जाते है। पुलिस जांच पड़ताल करती है और 4 गार्ड को अपने साथ ले जाती है। इन गार्ड की पहचान मनीष, नरेश वर्मा, राकेश व गोपाल है। जिनको गिरफ्तार किया गया।

पार्किंग स्टीकर को लेकर बढ़ा था विवाद

दरअसल ये पूरा मामला सेक्टर-137 पारस टियारा सोसाइटी का है। यहां कवीश आरोड़ा अपने परिवार के साथ किराए पर रहते है। वह एक निजी कंपनी में काम करते है। गुरुवार देर रात वह अपने परिवार के साथ सोसाइटी में कार से प्रवेश करने लगे। उनकी कार पर पार्किंग का स्टीकर नहीं लगा था। गार्ड ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। उन्होंने पार्किंग स्टीकर दिखाया भी लेकिन गार्ड नहीं माने। इसके बाद गार्ड और कवीश के बीच बहस होने लगी। इस बीच उनके साथ महिला भी इस बहस में शामिल हो गई। विवाद बढ़ा मारपीट शुरू हो गई।

भोजपुर में युवक की संदिग्ध मौत, पुलिस बता रही हत्या

गाजियाबाद, 1 मार्च (देशबन्धु)। भोजपुर थाना इलाके के मुकीमपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि प्रारम्भिक जांच पड़ताल में पता चला है कि दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद युवक ने आत्महत्या कर ली। वहीं पत्नी का आरोप है कि उसके पति की पीट-पीट कर हत्या की गई है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि 30 वर्षीय नदीम नामक युवक का पत्नी से विवाद के बाद युवक शुक्रवार सुबह नौ बजे घर के बाहर खड़ा था। वहां पर गांव निवासी युवक से मारपीट हुई थी। अलग-अलग समुदाय का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है। फिलहाल, मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। युवक की पत्नी ने बताया कि हम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद वह गेट पर खेड़ हुए थे। तभी सामने से लोग आए और कहा कि ये तू क्या कर रहा है। आगे कहा कि तू हमारा क्या कर लेगा। इसी दौरान मारपीट हो गई। उन लोगों ने उन्हें बहुत पीटा। जिससे उसकी मौत हो गई।

यमुना में अवैध रूप से बालू खनन कर रहे चार गिरफ्तार

नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। यमुना नदी के किनारे अवैध रूप से खनन कर रहे चार लोगों को एक्सप्रेस वे थाने की पुलिस ने गुरुवार रात को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से बालू से भरे दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक जेसीबी मशीन बरामद हुई है। आरोपियों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। गिरफ्त में आए आरोपियों में तीन चालक हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि याकूबपुर गांव के पास सेक्टर 135 में बड़े पैमाने पर यमुना नदी से बालू खनन किया जा रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी ने इसकी जानकारी जिला खनन अधिकारी रणजीत निर्मल को दी। पुलिस की टीम खनन अधिकारी के साथ यमुना नदी के जंगलों से होते हुए पैदल की उस जगह पर पहुंच गई जहां अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। इसके बाद टीम ने फरीदाबाद निवासी चालक सोहेल, चालक शिवेंद्र, चालक चिंटू और पवन को दबोच लिया। चारों के पास से पुलिस ने अवैध रूप से खनन करके बालू से भरी गई दो ट्रैक्टर ट्राली और एक जेसीबी मशीन बरामद की। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी थाना क्षेत्र के यमुना पार की जो जमीन गौतमबुद्धनगर में आती है, वहां काफी दिनों से अवैध खनन कर रहे हैं। पुलिस इस बात की जानकारी जुटा रही है कि अवैध खनन के दौरान बालू निकालकर आरोपी उसे कहां और किसको बेचते हैं।

आशंका है कि फरीदाबाद और दिल्ली की

■ फरीदाबार और दिल्ली की तरफ नोएडा की जमीन पर हो रहा खनन, दो ट्रैक्टर ट्राली, जेसीबी जब्त

तरफ यमुना पार जो गौतमबुद्ध नगर की जमीन है वहां कई खनन माफिया सक्रिय हैं। कुछ दिन पहले भी यहां से बालू से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद किया गया था। चारों के अन्य साथियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। सेक्टर-126 में भी यमुना नदी के किनारे ऐसे लोग सक्रिय हैं।

एमिटी में यूथ फेस्टिवल 2024 का आयोजन

नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-126 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे यूथ फेस्टिवल 2024 में विभिन्न नृत्य गीत सहित तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें नृत्य, स्वर मंथन गीत, इनोवेटिव बिजनेस मैनेजर, इंडियन कलर्नी चैलेंज, ड्रोन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर ने छात्रों से मुलाकात भी की।

बिजनेस मैनेजर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को आईओटी, बिगडाटा, एआई का उपयोग करके किसी भी क्षेत्र में 6 मिनट की प्रस्तुति देनी थी। इस प्रतियोगिता में नरसी मोनजी, क्राइस्ट, सिंबायोसिस संस्थानों से 10 टीमों ने हिस्सा लिया। एचसीएल टेक के जीएम दुर्गेश सक्सेना और डिप्टी मैनेजर गौरव बंसल निर्णायक मंडल में शामिल रहे।

एमिटी स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी द्वारा 'भारत के महान व्यंजन' पर इंडियन कलर्नी चैलेंज प्रतियोगिताओं की गई। इसमें एसआरएम, आईपी विश्वविद्यालय, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कलर्नी आर्ट आदि की 18 टीमों ने हिस्सा लिया। जिन्हें तीन घंटे में स्टार्टर, मेन कोर्स और डेर्जट बनाना था। इस अवसर पर शेफ एंटरप्रिन्योर, स्नेहा साकिया और सेलिब्रिटी शेफ गुंजन गोयला निर्णायक मंडल में शामिल थे।

इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री आकांक्षा

■ अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर ने की शिरकत, स्टूडेंट्स ने नृत्य, स्वर मंथन गीत, ड्रोन और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताएं में लिया हिस्सा

रंजन कपूर ने एमिटी स्कूल ऑफ फिल्म एंड ड्रामा और कम्यूनिकेशन के छात्रों से मुलाकात करके जीवन अनुभवों को साझा किया। इसके बाद ड्रोन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 7 टीमों ने हिस्सा लिया। इसके बाद बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ।

आईटीएमएस प्री बिड मीटिंग में 35 फार्मो ने लिया भाग

गाजियाबाद, 1 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में गठित कमेटी की उपस्थिति में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की प्री बिड मीटिंग सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग 35 से 40 फॉर्म के पदाधिकारी ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान आईटीएमएसके किए हुए टेंडर पर कई आपत्तियां में सुझाव भी प्रस्तुत हुए जिन पर नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को ध्यान देते हुए अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती, सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, अधिशासी अभियंता निर्माण एफएस जैदी व अन्य संबंधित निगम के अधिकारी उपस्थित हुए बैठक में आईआईटी कानपुर अन्य टेक्निकल टीम भी उपस्थित रही। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए तथा वर्किंग को और अधिक आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्रवाई चल रही है साथ ही गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों को भी इसी योजना के क्रम में स्मार्ट किया जा रहा है। जिसके लिए निविदा से पूर्व की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक के दौरान लगभग 35 फार्म, प्रतिष्ठान के पदाधिकारी ने उपस्थित अपनी आपत्ति में सुझाव प्रस्तुत किया वर्चुअल बैठक के माध्यम से भी 15 से 20 कंपनियां जुड़ी। जिनके द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की निविदा को लेकर अपने सुझाव दर्ज कराई गए, जिन पर अग्रिम कार्रवाई शीघ्र ही की जाएगी

■ इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से वर्किंग होगी स्मार्ट, मॉनिटरिंग होगी आसान : नगर आयुक्त

तथा शहर हित में कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि शासनादेश के क्रम में गठित कमेटी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर तेजी से कार्य कर रही है जिसकी मॉनिटरिंग आई ट्रिपल सी सेंटर के माध्यम से की जाएगी इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से न केवल ट्रैफिक पर ही नजर बनाई जाएगी बल्कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हो रहे कार्यों पर भी नजर रखी जाएगी जिस शहर को काफी लाभ मिलेगा, आधुनिक तकनीकी के सिग्नल लगाएं जाएंगे, सिग्नल तोड़ने वालों के ऑटोमेटिक चालान कट जाएंगे, कैमरो को लगाने की कार्रवाई चल रही है, सॉलिड वेस्ट तथा कूड़े की गाड़ियों पर भी नजर रखी जाएगी, पॉल्यूशन की रेटिंग पर भी उक्त योजना के क्रम में लगातार नजर रखी जाएगी लगभग 27 म्युनिसिपल सर्विसेज पर इसी योजना के क्रम में वर्किंग को स्मार्ट किया जाएगा।

17 स्थलों की पार्किंग के लिए निगम ने की नीलामी, 5 पर लिया गया निर्णय

गाजियाबाद, 1 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर पार्किंग नीलामी की प्रक्रिया हुई। जिसमें निर्धारित समिति मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य उदित मोहन गर्ग, सिटी जोन के जोनल प्रभारी अनिल अरुण व अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित रहे, नियम अनुसार कार्रवाई के चलते 17 में से 5 स्थलों की पार्किंग हेतु नीलामी की गई। ऑनलाइन प्रक्रिया के उपरांत खुली बोली भी लगाई गई, सरकारी से कई गुना अधिक पर खुली बोली लगी जिसमें 5 पार्किंग स्थलों की नीलामी के अंतर्गत लगभग 69 लाख निगम कोष में जमा होंगे। प्रभारी पार्किंग सिन्हा ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत पार्किंग स्थलों को लेकर नीलामी की कार्रवाई की गई। जिसमें 17 में से पांच पार्किंग स्थलों पर भागीदारों ने हिस्सा लिया सिटी जोन की चार पार्किंग तथा वसुंधरा जोन की एक पार्किंग की नीलामी हुई। ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत खुली बोली भी लगाई गई जिसके क्रम में कार्रवाई पूर्ण करते हुए अंतिम स्वीकृति के लिए नगर आयुक्त महोदय के समक्ष पत्रावली प्रस्तुत की जाएगी। शेष 12 पार्किंगों पर पुन: कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सिटी जोन के अंतर्गत शिवा टावर ऑपूलेंट मॉल के पास की पार्किंग, जिसको मैसश जेबीएस कंस्ट्रक्शन द्वारा लिया गया है। जिसकी अंतिम बोली 251000 प्राप्त

हुई। ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग स्थल को अरविंद कुमार द्वारा लिया गया है जिसकी अंतिम बोली 8 लाख 11000 प्राप्त हुई। नेहरू नगर यशोदा अस्पताल की पार्किंग मैसश शाखा कंस्ट्रक्शन को प्राप्त हुई जिसकी अंतिम ऑनलाइन बोली 21 लाख 78000 प्राप्त हुई, पुरानी सब्जी मंडी स्थित पार्किंग मैसेश नॉर्थ इंडिया डेवलपर्स को प्राप्त हुई जिसकी अंतिम बोली 17 लाख 10000 प्राप्त हुई इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए 'वसुंधरा जोन अंतर्गत' श्री कृष्ण वाटिका सेक्टर 4 वैशाली की पार्किंग के लिए अरविंद कुमार ने बोली लगाई जिसकी अंतिम खुली बोली 19 लाख 93 हजार प्राप्त हुई।

कैपिटल ज़ोन

उवाच "

लक्ष्य मीडिया ग्रुप के साथ इस साझेदारी के साथ, हम एक आकर्षक और गहन वातावरण तैयार करने का अवसर स्वीकार कर रहे हैं जो यात्रियों को आकर्षित और संलग्न करता है। लक्ष्य मीडिया ग्रुप नवोन्मेषी और इंटरैक्टिव विज्ञापन माध्यमों में समृद्ध अनुभव लेकर आता है और साथ मिलकर, हम भावनाओं को जगाने, जिज्ञासा जगाने और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर समग्र यात्रा अनुभव को बढ़ाने का प्रयास करते हैं। **क्रिस्टोफ श्नेलमैन, यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड मुख्य कार्यकारी अधिकारी**

ग्रेटर नोएडा में विकास योजनाओं पर खर्च होंगे 4859 करोड़ रूपए खर्च

ग्रेटर नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर मुहर लगा दी है। प्राधिकरण बोर्ड ने इस वित्तीय वर्ष के लिए 4859 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी है। इस वर्ष जमीन अधिग्रहण पर 1200 करोड़ रुपए और विकास एवं निर्माण कार्यों पर 1272 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया है। इसके

- **ग्रेनो प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में 2024-25 के बजट पर लगी मुहर**
- **वित्तीय साल 2024-25 में 4859 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव**
- **5860 करोड़ रुपए के राजस्व प्राप्ति का भी अनुमान**
- **10 हजार से अधिक फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ**

साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 5860 करोड़ रुपए की प्राप्ति का भी लक्ष्य रखा है।

उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 134वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम. यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम व सौम्य श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण और बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। इस बोर्ड बैठक में प्रमुख रूप से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट पर चर्चा की गई। बोर्ड ने बजट प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है। वर्ष 2023-24 में पूर्व में चले आ रहे ऋणों के भुगतान

के मद में माह 31 जनवरी 2024 तक 1272 करोड़ का भुगतान किया गया है। 31 जनवरी 2024 तक 1317 करोड़ की प्राप्तियां हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के सापेक्ष 31 जनवरी, 2024 तक 1448 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। वहीं 2024-25 में आवंटनों की किश्तों से और नई प्रस्तावित योजनाओं एवं डिफाल्ट धनराशि की वसूली से 5860 करोड़ के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 में भू-अधिग्रहण, अतिरिक्त प्रतिकर के भुगतान, जेवर हवाई अड्डा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का अंशदान, मेट्रो रेल एवं आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं के विकास आदि के लिए 1500 करोड़ रुपए का भुगतान का प्रस्तावित है। 2024-25 में भू-अधिग्रहण, विकास एवं निर्माण कार्यों में 2472 करोड़ के व्यय का प्रस्ताव है। वर्ष 2024-25 में आन्तरिक विकास कार्यों के लिए 120 करोड़, बाह्य विकास कार्यों के लिए 120 करोड़, निर्माण कार्य में पूर्व में बनाये जा रहे आवासीय भवनों की अवशेष धनराशि एवं वेन्डर मार्केट का निर्माण एवं दुकानें / क्योस्क के लिए 58.60 करोड़ का व्यय प्रस्तावित है। विशेष परियोजनाओं के लिए 930.67 करोड़, उद्यानीकरण के लिए 43 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसमें मुख्यत: फुटओवर ब्रिज, अंडरपास, एसटीपी, विद्युत सबस्टेशन, नये कॉलेज के निर्माण, ग्रेनो वेस्ट में अस्पताल / हेल्थ सेन्टर, अल्फा मार्किट का पुनर्विकास, कासना सुरजपुर का पुनर्विकास कार्य, बस शेल्टर, गंगाजल का अवशेष कार्य आदि शामिल हैं। वर्ष 2024-25 में उद्यानीकरण के विकास कार्यों पर 43 करोड़ रुपए के खर्च प्रावधान किया गया है। ग्राम विकास के मद में 520 करोड़ रुपए, अर्बन / स्वास्थ्य सेवाओं पर 957 करोड़ रुपए का भुगतान भी प्रस्तावित है। इस साल 1500 करोड़ रुपए के लोन का भुगतान करने का भी लक्ष्य है।

सफाई कर्मियों के वेतन में 25 फीसदी तक की वृद्धि

- **2141 सफाई कर्मियों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दी सौगात**
- **2016 के बाद पहली बार सफाई कर्मियों के वेतन में वृद्धि**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने सफाई कर्मियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरी कर दी है। बोर्ड ने सफाई कर्मियों के वेतन में लगभग 25 फीसदी तक की वृद्धि कर दी है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष सफाई कर्मियों का वेतन 20604 रुपए प्रति माह करने का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा, जिस पर बोर्ड ने मुहर लगा दी है। वर्ष 2016 के बाद पहली बार सफाई कर्मियों के वेतन में वृद्धि की गई है। इससे वर्तमान समय में ग्रेटर नोएडा के सफाई कार्यों में लगे 2141 सफाई कर्मियों को लाभ मिलेगा।

10 हजार से अधिक फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ

फ्लैट खरीदारों को उनके सपने का आशियाना दिलाने के लिए बनी अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के क्रम में प्राधिकरण ने खरीदारों के हक में रजिस्ट्री का शुभारंभ कर दिया है। शुक्रवार को 110 फ्लैटों की रजिस्ट्री संपन्न की गई। फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए ग्रेटर नोएडा के 9 बिल्डरों ने लगभग 35 करोड रुपए भी प्राधिकरण के खाते में जमा कर दिए हैं। इससे 10283 फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया।

नोएडा एयरपोर्ट टर्मिनल के अंदर प्रचार प्रसार के लिए कंपनी का चयन

ग्रेटर नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने लक्ष्य मीडिया ग्रुप को विज्ञापन अनुबंध के लिए चुना है, जो टर्मिनल के अंदर और टर्मिनल दोनों पर विज्ञापन प्लेसमेंट करेगी। समझौते के तहत, हवाई अड्डे पर विज्ञापन प्रारूपों की एक विस्तृत श्रृंखला होगी, जिसमें प्रिंट मीडिया, डिजिटल मीडिया, इंटरैक्टिव डिस्प्ले और नवीन विज्ञापन प्रारूप शामिल होंगे। पारंपरिक विषयों के साथ आधुनिक विज्ञापन माध्यमों का यह मिश्रण एक जीवंत और सामंजस्यपूर्ण वातावरण तैयार करेगा जहां विविध ब्रांड एक एकीकृत डिजाइन दर्शन के तहत एकत्रित होंगे। यह सहयोग यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करते हुए ब्रांडों को नवीन विज्ञापन समाधान प्रदान करेगा। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने बताया कि लक्ष्य मीडिया ग्रुप के साथ इस साझेदारी के साथ, हम एक आकर्षक और गहन वातावरण तैयार करने का अवसर स्वीकार कर रहे हैं जो यात्रियों को आकर्षित और संलग्न करता है। लक्ष्य मीडिया ग्रुप नवोन्मेषी और इंटरैक्टिव विज्ञापन माध्यमों में समृद्ध अनुभव लेकर आता है और साथ मिलकर, हम भावनाओं को जगाने, जिज्ञासा जगाने और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर समग्र यात्रा अनुभव को बढ़ाने का प्रयास करते हैं। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ हमारी साझेदारी यात्रियों को पसंद आने वाले और उनके हवाई अड्डे के अनुभव को बढ़ाने वाले नवोन्मेषी विज्ञापन समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हम

- **नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने लक्ष्य मीडिया ग्रुप के साथ किया अनुबंध**

प्रभावशाली और नवीन विज्ञापन अवसंरचना बनाने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं जो परिणाम प्रदान करता है और ब्रांड दृश्यता को बढ़ाता है, लक्ष्य मीडिया ग्रुप प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय और घरेलू यात्रियों के बीच ब्रांड दृश्यता और जुड़ाव को अनुकूलित करने के लिए समर्पित है क्योंकि वे हवाई अड्डे पर आगमन से प्रस्थान तक नेविगेट करते हैं। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भारतीय संस्कृति और आतिथ्य को स्विस तकनीक और दक्षता के साथ जोड़कर भारत से प्रेरित एक आधुनिक, उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजाइन विकसित करेगा। एक रनवे और एक टर्मिनल वाले हवाई अड्डे के पहले चरण में सालाना 12 मिलियन यात्रियों के यातायात को संभालने की क्षमता होगी। चार चरणों एयरपोर्ट का निर्माण पूरा होने पर, हवाई अड्डा प्रति वर्ष 70 मिलियन यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा।

अतिरिक्त दहेज न मिलने पर पत्नी को पीटकर घर से भगाया, मुकदमा दर्ज

दनकौर, 1 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के जुनेदपुर गांव में अतिरिक्त दहेज न मिलने के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की पिटाई कर घर से भगा दिया। आरोप है कि शादी के बाद से ही महिला को प्रताड़ित किया जा रहा था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिकन्द्राबाद कोतवाली क्षेत्र के भराना गांव की रहने वाली निकिता की शादी करीब दो वर्ष पहले दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जुनेदपुर गांव के रहने वाले शिवम से हुई थी। महिला के पिता ने शादी में कार समेत अन्य कीमती सामान भी दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, सास और ननद समेत अन्य ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करते आ रहे हैं। मांग पूरी न होने पर महिला को विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जाता रहा है। आरोप है कि इसी के चलते 26 फरवरी को उसके पति ने अन्य लोगों के साथ मिलकर पीड़िता की पिटाई कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद घर से भगा दिया गया। घटना के बाद महिला के मायके वाले भी जुनेदपुर गांव में पहुंच गए लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। शुक्रवार को महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति शिवम, ननद शैली और ननदोई हर्ष समेत पांच लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

किसानों ने रखी अंसल बिल्डर का लाइसेंस रद करने की मांग

ग्रेटर नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा (भूमि अधिकार) के आह्वान पर पूर्व में 1894 के कानून के तहत ली गई जमीन की एवज में ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर एक समान नीति के तहत बढ़ा हुआ मुआवजा,10 फीसदी विकसित प्लॉट आदि के लाभ एवं 1 जनवरी 2014 के बाद जमीन लिए जाने से प्रभावित किसानों को नए भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभ दिए जाने की मांग को लेकर पिछले 140 दिन से ग्रेटर नोएडा के रामगढ़ गांव में धरनारत किसानों ने सरकार से दो टूक मांग की है कि या तो अंसल बिल्डर और बुलंदशहर विकास प्राधिकरण 2013 के समझौते को लागू करें नहीं तो, सरकार इनका लाइसेंस रद्द कर किसानों को उनकी जमीन वापस करें। इस मांग को लेकर सरकार से निर्णायक वार्ता की मांग की आवाज बुलंद करते हुए मोर्चा में जुड़े हुए सभी संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रभावित गांवों के किसानों और महिलाओं ने शुक्रवार अंसल एपीआई बिल्डर,

- **मांगों को लेकर पिछले लगभग 140 दिन से ग्रेटर नोएडा के रामगढ़ गांव में धरनारत किसान**
- **प्रभावित गांवों में चलाया जन जागरण अभियान**

सर्वोत्तम बिल्डर और बुलंदशहर विकास प्राधिकरण से प्रभावित ग्राम दतावली और बोड़ाकी में घर घर जाकर जनजागरण अभियान चलाया और साथ ही स्वयं सेवक के तौर पर आंदोलन में जुड़ने के लिए कैमेटियां गठित करने के लोगों के नाम और मोबाइल नंबर की लिस्ट भी तैयार की।

किसानों की समस्याओं को लेकर बीकेयू एकता की पंचायत

जेवर, 01 मार्च (देशबन्धु)। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन एकता के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार जेवर को सौंपते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की तथा मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ढ

भारतीय किसान यूनियन एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकम चंद शर्मा ने बताया कि बार बार आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने के बाद भी केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की समस्याओं को नजर अंदाज किया जा

- **प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा**

रहा है। उन्होंने सभी फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून बनाने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, किसानों और खेतिहारी मजदूरो का पूर्ण कर्ज माफकरने तथा उनकी आर्थिक हालत को देखते हुए मासिक पेंशन देने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013को पूर्णत: लागू करने, बिजली संशोधन बिल 2020 को रद कर किसानों के हित को देखते हुए दोबारा कानून बनाकर देश मे सभी किसानों के लिए एक समान रूप से लागू करने, किसान आंदोलन में मृत किसानों को शहीद घोषित कर मुआवजा देने, नकली बीज, खाद, दवाइयां व कीटनाशक बनाने वाली कम्पनियों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने, आंदोलन के तहत किसानों पर लगे सभी मुकदमे वापस लेने, आपदा प्रभावित सभी किसानों को नष्ट हुई फसल का उचित प्रतिकर देने की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार विवेक कुमार को सौंपते हुए मांगो को पूरा करने की मांग की। इस मौके पर सत्य प्रकाश शर्मा, धर्म सिंह, संजीव शर्मा, डॉ. अमित गुप्ता, प्रताप सिंह, महेश सिंह, जयपाल, नत्थी प्रधान, अवनेश, राज कुमार, वकील पहलवान, प्रेमवीर, सुभाष प्रधान, राज शर्मा, धर्मेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस मुठभेड़ में शातिर अपराधी गिरफ्तार, इनाम घोषित

ग्रेटर नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। बीटा- दो थाने की पुलिस ने बीती रात को एक मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। लूटपाट सहित विभिन्न धाराओं में पुलिस को बदमाश की तलाश थी। बदमाश ने पूर्व में दरोगा अंकुर चौधरी के ऊपर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। वह इस घटना में घायल हो गए थे, तथा काफी दिन तक अस्पताल में उपचाराधीन रहे थे। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाना बीटा- दो पुलिस गुरुवार की देर रात को चेकिंग कर रही थी। तभी एक मारुति अर्टिगा कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने जब कार को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश कार लेकर वहां से भागने लगे। पुलिस ने पीछा करके थाना ईकोटेक- प्रथम क्षेत्र में बदमाशों को घेर लिया। बदमाश पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने लगे। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली विपिन पुत्र धर्मवीर गुर्जर निवासी ग्राम इमलिया के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से एक अर्टिगा कार, देसी तमंचा, कारतूस आदि बरामद हुआ है। अपर उपायुक्त ने बताया कि इस बदमाश के खिलाफपूर्व में चोरी, लूट, हत्या के प्रयास सहित कई मामले

- **पकड़ा गया अपराधी एक दरोगा के उपर कर चुका है जानलेवा हमला**

दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि कार में सवार इसके दो साथी मौके से भाग गए हैं। पुलिस को जांच में पता चला है कि ये बदमाश लूट करने की इरादे से कार में सवार होकर घूम रहे थे। उन्होंने बताया कि जो कार इनके पास से बरामद हुई है उक्त कार को इन्होंने पूर्व में लूटा था। पुलिस कमिश्नर ने बदमाश को पकड़ने वाली पुलिस टीम को पचास हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लाट नं0-1 सैक्टर नॉलिज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आर01 आवासीय भूखण्ड योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-बी-98, सैक्टर-पाई-01, आकार-60 वर्गमीटर आवंटन संख्या-140560, श्रीमती इन्दु भगत पत्नी श्री सत्य नारायण भगत के नाम आवंटित है। आवंटी श्रीमती इन्दु भगत पत्नी श्री सत्य नारायण भगत की मृत्यु दिनांक 11.03.2021 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वारिसान के आधार पर उनके पति श्री सत्य नारायण भगत पुत्र स्वं० श्री जगदेव भगत निवासी-विक्रमशिला कालोनी, रामसर, भागलपुर, बिहार-812002 द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्रीमती इन्दु भगत पत्नी श्री सत्य नारायण भगत के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनके पति श्री सत्य नारायण भगत पुत्र स्वं० श्री जगदेव भगत के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-3-F-605, 6th Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल-199.81 वर्ग मीटर, Shri Rakesh Gandhi S/o Late Shri Madan Mohan Gandhi & Mrs. Sabina Gandhi W/o Shri Rakesh Gandhi के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. Rakesh Gandhi की मृत्यु दिनांक-21.12.2020 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रुप से सह आवंटी (Mrs. Sabina Gandhi W/o Late Shri Rakesh Gandhi) ने उक्त भवन को अपने पक्ष मे नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mr. Rakesh Gandhi के स्थान पर पूर्ण रुप से सह आवंटी (Mrs. Sabina Gandhi W/o Late Shri Rakesh Gandhi) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

LOST & FOUND

I, Vikal Singh Bhati S/o Late Prakash Chand Bhati R/o Maincha, Teshil- Dadri, G.B. Nagar (U.P) have lost my Gun Licence No. 1632/ARMS/DM/SPN/13 Date 26.04.2013. If any find Please Contact 9999304552.

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

लीगल एड क्लिनिक प्रतियोगिता में जीबीयू को मिला प्रथम स्थान

ग्रेटर नोएडा, 01 मार्च (देशबन्धु)। लीगल एड क्लिनिक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को बेनेट विवि ग्रेटर नोएडा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित लीगल एड क्लिनिक कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में विजेता टीम गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को प्रमाण पत्र और दस हजार रुपए का पुरस्कार प्राप्त हुआ। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के तरफ से लीगल एड क्लिनिक के समन्वयक डॉ. संतोष कुमार तिवारी के निर्देशन में पैरा लीगल वालंटियर्स शिवांश द्विवेदी और महेंद्र प्रताप भारती ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। लीगल एड क्लिनिक के इस उपलब्धि पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रविन्द्र कुमार सिन्हा और कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने

समन्वयक डॉ. संतोष कुमार तिवारी और प्रतिभागी छात्रों शिवांश द्विवेदी और महेंद्र भारती को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया। विधि विभाग की इस उपलब्धि पर संकायाध्यक्ष डॉ. के.के. द्विवेदी, विभागाध्यक्ष डा. रमा शर्मा, डा. ममता शर्मा, डॉ. सतीश चन्द्र, डा पूनम वर्मा आदि शिक्षको ने लीगल एड क्लिनिक टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।

नवीकरणीय ऊर्जा समाधान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

ग्रेटर नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। जीएलबीआईएमआर कॉलेज के सेंटर ऑफ सस्टेनेबिलिटी और जीएचआरओडीसी ने उत्पादकता सप्ताह समारोह 2024 के अवसर पर भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय एवं राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद और ग्रेटर नोएडा के उत्पादकता परिषद के साथ 'नवीकरणीय ऊर्जा समाधान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर एक अंतर-कॉलेज वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस वाद-विवाद प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के बीच आलोचनात्मक

सोच को जगाना और इस बात पर चर्चा शुरू करना है कि आर्थिक उत्पादकता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग कैसे किया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव नादर यूनिवर्सिटी के एसोसिएट डीन-स्टूडेंट्स डॉ. बालामुर्गन बालुसामी थे और मुख्य वक्ता फेडरेशन ऑफ लोकल प्रोडक्टिविटी काउंसिल्स ग्रेटर नॉएडा के निदेशक और प्रमुख डॉ. आर. डी. मिश्रा थे। डॉ. आर.डी. मिश्रा ने नवीकरणीय ऊर्जा और इसके महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपने वक्तव्य में इस बात का भी जिक्र किया कि कैसे भारत और अन्य देश कार्बन उत्सर्जन के कारण नवीकरणीय ऊर्जा को अपना रहे हैं।

डॉ. बालमुर्गन बालुसामी ने एआई के बारे में बात की और पूछा कि क्या एआई ने मानव की जगह ले ली है। उन्होंने एआई की कमियों का भी उल्लेख किया और कहा कि जनसंख्या क्षेत्र के कारण अधिकांश डेटा उत्तरी और दक्षिणी एशिया से उत्पन्न होता है। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से कुल 10 टीमें थीं, जिनमें से 4 को पुरस्कृत किया गया। जेआईएमएस से टीम प्रांजलि चौधरी प्रतियोगिता की विजेता रहीं। जीएलबीआईएमआर से खुशबू मिश्रा पहली रनरअप रही। गलगोटिया यूनिवर्सिटी की टीम तरूणा अग्रवाल दूसरी रनरअप रही एनआईईटी की टीम गुड्डु कुमार प्रतियोगिता की तीसरी रनरअप रही।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रिठौरी की प्रस्तावित आबादी में आवटित आवटन सख्या-आर.आई.टी.01152, भूखण्ड सख्या-6, क्षेत्रफल-740 वर्ग मीटर सर्वश्री श्याम सिंह, ब्रह्म सिंह पुत्रगण स्व० श्री बदले, सर्वश्री जवाहर, प्रेम, राजेन्द्र, हर भजन पुत्र श्री खजान, श्री फूल सिंह, श्री मवासी, श्री चम्पत, निवासी-ग्राम-रिठौरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवंटी श्री प्रेम पुत्र श्री फूल सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री संजीव कुमार पुत्र स्व० श्री प्रेम, सर्वश्री राज कुमार, नरेश, मुकेश कुमार, बबली, पवन पुत्रगण स्व० श्री प्रेम, श्रीमती इमरती पत्नी स्व० श्री प्रेम, श्री सुमित कुमार पुत्र स्व० श्री उत्तम, श्रीमती कविता पत्नी स्व० श्री उत्तम, कु० पुष्पा, संजू पुत्रीगण स्व० श्री उत्तम, पौत्र/पुत्रबधु/पौत्री स्व0 श्री प्रेम, निवासी-ग्राम-रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ०प्र० में से श्री संजीव कुमार पुत्र स्व० श्री प्रेम, निवासी ग्राम रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री संजीव कुमार पुत्र स्व० श्री प्रेम, निवासी ग्राम रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

अभिमत

खेड़ा जल्दबाजी में 'सहिष्णुता' की तुलना गांधीवादी मूल्य से करते हैं और इसका अर्थ 'कायरता' बताते हैं। गांधीजी ने एक विदेशी भूमि दक्षिण अफ्रीका में एक सैन्य जनरल (जनरल जेन्स स्मट्स) के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भारतीयों को राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए 21 साल के लंबे संघर्ष का नेतृत्व किया और फिर भारत में ब्रिटिश साम्राज्यवाद की ताकत के खिलाफ़ स्वतंत्रता के लिए 28 साल तक संघर्ष किया। ये गांधीजी ही थे जिन्होंने दुनिया भर में मुक्ति संघर्षों की एक श्रृंखला के लिए टोन और गति निर्धारित की।

आखिर कौन है असली गांधीवादी ?

डॉ. डी.जॉन चेल्लादुरई

पवित्र पुस्तकों के संदेशों को व्यापक संभव अर्थों के लिए लिया जाना चाहिए। उससे कम अर्थों में नहीं लिया जाना चाहिए। खेड़ा ने उन लोगों का पक्ष लिया है जो अपने संदेश को सबसे संकीर्ण संभव अर्थ देने के लिए निंदात्मक ढंग से नीचे गिरते हैं क्योंकि उनका इरादा सत्य की खोज करने का कम है बल्कि एक ऐसे इंसान को बदनाम करने का अधिक है जिसे वह नफ़रत करने के लिए चुनता है। निश्चित रूप से शिव खेड़ा गांधीवादी नहीं हैं।

हाल के वर्षों में महात्मा गांधी और उनकी विचारधारा पर कई हमले हुए हैं। राष्ट्रपिता को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है, गलत पढ़ा जा रहा है और गलत व्याख्या की जा रही है। वास्तव में, यह एक मिनी-उद्योग है जो राष्ट्रपिता की छवि बिगाड़ने में महारत रखता है। यह लेख महात्मा गांधी के गलत चरित्र चित्रण को खारिज करना चाहता है जो इन परिस्थितियों में जरूरी है।)

महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी को कई बार यह कहते सुना गया है कि मैं गांधीवादी नहीं हूं। बाद में समझ में आता है कि उन्होंने विनम्रता से ऐसा कहा था। वे महात्मा गांधी के मानकों पर खरा उतरने में अपनी असमर्थता के प्रति सचेत थे और इसलिए उन्होंने ऐसा कहा है।

प्रसिद्ध प्रबंधन सलाहकार और प्रेरक वक्ता शिव खेड़ा ने एक छोटा वीडियो जारी किया है, जिसमें कहा गया है, 'मैं गांधीवादी नहीं हूं', तो ऐसा लगा कि यह एक और आत्म-साक्षात्कार वाले व्यक्ति का इक़बालिया बयान है। शिव खेड़ा लाखों लोगों को प्रेरित, प्रोत्साहित और उनकी वास्तविक क्षमता का एहसास कराने में मदद करते हैं। उन्हें युवाओं के एक बड़े वर्ग द्वारा गंभीरता से लिया जाता है, क्योंकि वह एक ऐसे सामाजिक शिक्षक हैं जिनकी बहुत मांग है।

जब इस तरह के बड़े व्यक्ति जनता से बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से उम्मीद की जाती है कि उनके शब्द तथ्यात्मक रूप से सही हों, नैतिकता पर आधारित हों और गहरे अर्थ रखते हों। जब वीडियो देखा तो और निराशा हुई। कुछ गांधीवादी विद्वानों से संपर्क किया तो अफ़सोस की बात है कि उन्होंने भी शिव खेड़ा के तर्कों को गलतबयानी से भरा पाया।

आइए जानें कि खेड़ा ने वीडियो में क्या कहा था। दर्शकों में से किसी ने उनसे पूछा- 'क्या आप गांधीवादी हैं ?' और उन्होंने जवाब दिया- 'गांधीवादी से आपका क्या मतलब है ?', 'गांधीवादी होने के मानदंड क्या हैं ?' फिर वे कहते हैं-'गांधीजी तीन सिद्धांतों में विश्वास करते थे- प्रेम, सहिष्णुता और अहिंसा।'

खेड़ा ने पूछा-'क्या भगवान राम गांधीवादी थे ? क्या वह प्रेम से हर किसी पर जीत हासिल करने में सक्षम थे ?' इसका उत्तर है 'नहीं'। इसलिए उनका तर्क चलता है-'क्या राम ने कहा कि- 'मैं बहुत सहिष्णु व्यक्ति हूं' ? आप मेरी पत्नी का अपहरण करते हैं तो कोई बात नहीं, मैं दूसरी पत्नी लाऊंगा और आप दूसरी पत्नी का अपहरण करेंगे और मैं तीसरी पत्नी लाऊंगा और यदि आप तीसरी का अपहरण करेंगे तो मैं चौथी पत्नी लाऊंगा।' राम ने ऐसा नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने कहा- 'मैं अपहरणकर्ताओं को बर्दाश्त नहीं करता और उन्होंने युद्ध किया। उन्हें लड़ना पड़ा जो अहिंसा नहीं है।' इसलिए खेड़ा निष्कर्ष निकालते हैं कि राम गांधीवादी के रूप में योग्य नहीं होंगे क्योंकि उन्होंने रावण के कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया था और उन्होंने हिंसा की थी।

खेड़ा कहते हैं- 'मैं बस इतना कह सकता हूं कि जब दुश्मन आपकी महिलाओं और बच्चों के सम्मान और गरिमा को नीलाम कर रहे हैं तो लड़ाई न करना कायरता कहलाता है, सहिष्णुता नहीं। अच्छे नेता किसी चीज के लिए स्टैंड लेते हैं और किसी चीज के खिलाफ स्टैंड लेते हैं। वे तटस्थ नहीं हैं। यदि वे तटस्थ हैं तो वे राजनेता हैं। राम ने यह नहीं कहा कि मैं तटस्थ व्यक्ति हूं। उन्होंने किसी बात के लिए-बुराई के खिलाफ एक स्टैंड लिया। यदि हम अपने शास्त्रों से सीखना चाहते हैं और इसे पूरी दुनिया में प्रोजेक्ट करना चाहते हैं तो यह समय है कि हम अपने शास्त्रों में लिखे अनुसार अमल करें।'

और फिर खेड़ा नतीजे पर पहुंचते हैं- 'ध्यान से सुनो, मैं गांधीवादी नहीं हूं।'

कहा जाए तो खेड़ा जल्दबाजी में 'सहिष्णुता' की तुलना गांधीवादी मूल्य से करते हैं और इसका अर्थ 'कायरता' बताते हैं। गांधीजी ने एक विदेशी भूमि दक्षिण अफ्रीका में एक सैन्य जनरल (जनरल जेन्स स्मट्स) के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भारतीयों को राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए 21 साल के लंबे संघर्ष का नेतृत्व किया और फिर भारत में ब्रिटिश साम्राज्यवाद की ताकत के खिलाफ़ स्वतंत्रता के लिए 28 साल तक संघर्ष किया। ये गांधीजी ही थे जिन्होंने दुनिया भर में मुक्ति संघर्षों की एक श्रृंखला के लिए टोन और गति निर्धारित की। इन संघर्षों में अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन, दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद विरोधी आंदोलन के नाम लिये जा सकते हैं। उनके संघर्ष और नेतृत्व से प्रभावित हो कर आधुनिक वियतनाम के शिल्पकार हो ची मिन्ह ने कहा कि 'हम गांधी के सच्चे शिष्य हैं। और खेड़ा को यह गांधी कायर और बुराई को सहन करने वाला लगता है।

गांधीजी की लड़ाई के तरीके को सत्याग्रह कहा जाता है। सत्याग्रह सभ्य, मानवीय और काफी अपरंपरागत रूप से समावेशी था क्योंकि गांधीजी का मानना था कि सभ्यता ने हमें क्रूरता और लड़ने के आदिम तरीकों के युग को पार करने के लिए पर्याप्त सिखाया है एवं मनुष्यों में यह विश्वास भरने के लिए पर्याप्त है कि हम सभी अनिवार्य रूप से जीवन-समर्थक लोग हैं तथा उस हद तक न्यायसंगत हैं। इसलिए हम सभी तर्क तथा सत्य के प्रति उत्तरदायी हैं।

गांधी सहिष्णुता के पक्षधर नहीं थे। वे जो सही समझते थे उसका बचाव करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने के लिए तैयार थे। वे सच्चाई समर्थक और जीवन समर्थक थे।

खेड़ा ने कुछ आवश्यक मुद्दों की अनदेखी की। सबसे पहले, खेड़ा 'बुराई' शब्द का उपयोग 'दुष्ट कर्म करने वाला' के अर्थ में करते हैं। गांधीजी के लिए यह समान शब्द नहीं हैं। वे दो अलग-अलग संस्थाएं हैं। बुराई एक बीमारी की तरह है जो बुरे काम करने वाले को हो जाती है। इस बीमारी को ठीक करना होगा और इसे ठीक किया जा सकता है।

गांधीजी के लिए बुराई करने वाला व्यक्ति 'मेरा सहयोगी इंसान' है और वे चाहते हैं कि उसे बचाया जाना चाहिए। धर्म का मानना है कि हम सभी ईश्वर की संतान हैं जो दिव्य क्षमता से संपन्न हैं। गलत करने वाले सहित हर कोई 'मेरा भाई' है। बुरा काम करने वाला भी इंसान है और बुराई से छुटकारा पाने का हकदार है। हम स्नान के बाद स्नान के पानी के साथ बच्चे को बाहर नहीं फेंकते हैं। बीमारी को खत्म करने के लिए डॉक्टर मरीजों को नहीं मारते हैं। यहां तक कि न्यूनतम सामान्य ज्ञान वाला डॉक्टर भी ऐसा नहीं करेगा। ऐसा करना 'लड़ाई' के उद्देश्य को धता बताने के बराबर है। खेड़ा इस तथ्य को अनदेखा कर बच्चे को बाहर फेंकना चाहते हैं।

यह बड़ी अजीब बात है कि एक आदमी जिसने जनरल स्मट्स और तानाशाही ताकतों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने लोगों की गरिमा और अधिकारों को हासिल करने में सफल रहा वह व्यक्ति खेड़ा को कायर व दब्बू प्रतीत होता है।

क्या राम हिंसक थे ? भगवान राम का कार्य रावण को मारने के लिए निर्देशित नहीं था। उनकी लड़ाई का उद्देश्य धर्म की रक्षा करना, धर्म को बहाल करना था। यह संघर्ष आखिरी समय तक रावण को उसके अहंकार और पाप से छुड़ाने के लिए था। यह मिशन सफल नहीं हुआ, सर्जरी विफल रही और रोगी की मृत्यु हो गई। एक असफल सर्जरी में रोगी की मृत्यु के लिए डॉक्टर को हत्यारे के रूप में नहीं रखा जाता है। नैतिक रूप से कहें तो रावण की मृत्यु भगवान राम के एक इच्छित कार्य का परिणाम नहीं थी। यह वास्तव में रावण के अधर्म के पालन के कारण था जिसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं था और जो सुधरने के लिए तैयार नहीं था। धर्म की स्थापना के संघर्ष में रावण की मृत्यु अवश्यंभावी थी इसलिए यह जानबूझकर किया गया काम नहीं था। और उस हद तक यह पूरी लड़ाई सत्य-समर्थक एवं जीवन-समर्थक थी।

गांधीजी ने अपने लोगों से कहा कि हमारे लोगों के सम्मान की रक्षा में हमें अंत तक लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। भले ही इसके लिए आपको अपनी जान देनी पड़े। उन्होंने महिलाओं से पूछा, 'प्रकृति ने आपको नाखून और दांत क्यों दिए ?' गांधीजी ने अपनी बात बिल्कुल स्पष्ट कर दी। अहिंसा 'परमोधर्म' है, एक बहुत ही श्रेष्ठ सिद्धांत है। जो लोग इसमें विश्वास करते हैं उन्हें सभी परिस्थितियों में अपने जीवन के लिए अहिंसक रूप से लड़ना चाहिए। हालांकि अगर कोई अहिंसा की सर्वोच्चता के बारे में आश्वस्त नहीं है तो उसे हिंसक तरीके या अपने जीवन की रक्षा में लड़ना चाहिए क्योंकि बुराई के प्रति मूक समर्पण कायरता है और कायरता हिंसा से भी बदतर अपराध है।

रक्षा के इस तरह के कार्य को चौर-हिंसक आक्रामकता' माना जाता है।

किसी व्यक्ति को किसी विशिष्ट बात का श्रेय देना तथा उस व्यक्ति को बदनाम करने के लिए उस विशिष्ट बात को केवल अपना अर्थ देना बौद्धिक बेईमानी होगी। खेड़ा ने गांधीवादी मूल्यों को गलत अर्थ के लिए जिम्मेदार ठहराया और इसके लिए गांधी के व्यक्तित्व की हत्या कर दी। ऐसा करना गोडसे जैसी प्रवृत्ति है।

वेद और उपनिषद पवित्र ग्रंथ हैं, भगवान राम जैसे अवतार और युधिष्ठिर जैसे नेता भी ऐसे ही हैं। वे सर्वव्यापी वास्तविकता का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसी पवित्र पुस्तकों के संदेशों को व्यापक संभव अर्थों के लिए लिया जाना चाहिए। उससे कम अर्थों में नहीं लिया जाना चाहिए। खेड़ा ने उन लोगों का पक्ष लिया है जो अपने संदेश को सबसे संकीर्ण संभव अर्थ देने के लिए निंदात्मक ढंग से नीचे गिरते हैं क्योंकि उनका इरादा सत्य की खोज करने का कम है बल्कि एक ऐसे इंसान को बदनाम करने का अधिक है जिसे वह नफ़रत करने के लिए चुनता है। निश्चित रूप से शिव खेड़ा गांधीवादी नहीं हैं।

(लेखक इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज़, एमजीएम यूनिवर्सिटी, औरंगाबाद के डीन हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)

बीता सप्ताह

24 फरवरी
- महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी का निधन हो गया।
- इसरो के आदित्य एल-1 मिशन को मिली कामयाबी, सौर पवन में इलेक्ट्रान व आयन की संख्या में दिखा इजाफा।
- अमेरिका ने 50 से अधिक वर्षों बाद पहली बार की चंद्रमा पर लैंडिंग।
- सीएएस अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्यता निलंबन के खिलाफ रूस की अपील खारिज कर दो गई।

25 फरवरी
- राजिम कुंभ कल्प मेला शुरु हुआ जो 25 फरवरी से 8 मार्च तक चलेगा।
- असम सरकार ने मुस्लिम विवाह अधिनियम निरस्त किया।
- गृह मंत्रालय ने की घोषणा एक जुलाई से लागू होंगे तीनों नए आपराधिक कानून।
- कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरे जवाहरात के खजाने को कोलंबिया का रोबोट 316 साल पुराने 'सैन जोंस' गैलियन (नौकायन जहाज) को ढूंढेगा।

26 फरवरी
- हरियाणा इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की गोली मारकर हत्या कर दी गई।
- क्रिकेटर अश्विन भारत में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।
- भारतीय सेना और जापानी ग्राउंड सेल्फ डिफेन्स फोर्सेस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास राजस्थान में शुरू हुआ।
- नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रसाद ने सपरिवार रामलला के दर्शन किए।

27 फरवरी
- सुप्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास का निधन हो गया।
- मरियम नवाज पाकिस्तान की पहली महिला मुख्यमंत्री चुनी गईं।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 554 रेल्वे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन किया।
- तुगलु में आम चुनाव होने के बाद फेलेटी रेओ बने नए प्रधानमंत्री।

28 फरवरी
- सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के 'भ्रामक' विज्ञापनों पर रोक लगाई।
- संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हो गया।
- गगनयान के 4 अंतरिक्ष यात्रियों के नाम का ऐलान हुआ जिसमें पहला ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, दूसरा ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, तीसरा ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और चौथा विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला।
- हंगरी के सांसदों ने संवैधानिक न्यायालय के प्रमुख तमस सुलिओक को देश का नया राष्ट्रपति चुना।

29 फरवरी
- राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की घोषित आय में भाजपा के पास सबसे ज्यादा 2361 करोड़ रुपए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने यह रिपोर्ट दी है।
- झारखंड के जामताड़ा में ट्रेन से कटकर 12 लोगों की मौत हो गई।
- हिमाचल में राज्यसभा चुनाव में छै विधायकों की क्रॉस वोटिंग के बाद उपजा सियासी भूचाल खत्म हो गया। सुखविंदर सुक्खू ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे।
- बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) डेविड हेम्प और आंद्रे एडम्स को दो साल के अनुबंध पर बल्लेबाज और गेंदबाजी कोच नियुक्त किया।

1 मार्च
- संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के आरोपी शाहजहां शेख 55 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया।
- केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्यधर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी गई। एक करोड़ घरों में 300 यूनिट बिजली दी जाएगी।
- 1993 के ट्रेन बम सीरियल ब्लास्ट मामले में दोषी अब्दुल करीम टुंडा को अजमेर की टाडा कोर्ट ने बरी कर दिया।
- पुरातात्विक अरुण शर्मा का निधन हो गया।

भाजपा ने आया-राम-गया-राम राजनीति में हासिल की महारथ

■ के आर सुधामन

भारत में आया राम गया राम की राजनीति तब शुरू हुई जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। उन पर थोक में निर्वाचित प्रतिनिधियों को खरीदकर विपक्षी दलों को कमजोर करने का आरोप लगता था। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के जमाने में यह जोर पकड़ा जब उन्होंने कांग्रेस सरकार बनाने के लिए थोक में विपक्षी विधायकों को खरीदा, हालांकि पार्टी चुनाव में अल्पमत में थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस कला में महारथ हासिल कर ली है और भारतीय राजनीति में इस खतरे को अगले स्तर पर ले गये हैं।

जैसा कि राजनीतिक विश्लेषक और कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता संजय झा ने एक बार कहा था कि जिस तरह से अब दलबदल हो रहा है, 2024 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस (नेहरू) बनाम कांग्रेस (मोदी) के बीच मुकाबला होने जा रहा है। इसका मतलब यह हुआ कि भारतीय राजनीति को कांग्रेस मुक्ता भारत बनाने की भाजपा की भव्य योजना के बजाय भाजपा कांग्रेस सदस्यों से भरी हुई हो जायेगी।

गंभीर बात यह है कि इस तरह की व्यापक आया राम, गया राम की राजनीति एक बुनियादी सवाल उठाती है - नैतिकता को क्या हो गया है, खासकर भारतीय राजनीति में। परिपक्व पश्चिमी लोकतंत्र में ऐसा अक्सर होता नहीं दिखता। लोग एक विशेष विचारधारा के प्रति अपनी प्राथमिकता के कारण एक विशेष पार्टी में हैं जिसके माध्यम से वे लोगों की सेवा करना चाहते हैं। यहां भारत में राजनीतिक विचारधारा केवल अपनी सेवा करना प्रतीत होती है। इससे भी बुरी बात यह है कि भाजपा, जो एक विचारधारा पर आधारित पार्टी होने और एक अलग पार्टी होने का दावा करती है, अब आया राम गया राम की राजनीति के सबसे खराब रूप में शामिल हो गई है। यह न केवल अक्सर होता है बल्कि थोक में होता है।

> **इस तरह की व्यापक आया राम, गया राम की राजनीति एक बुनियादी सवाल उठाती है - नैतिकता को क्या हो गया है, खासकर भारतीय राजनीति में। परिपक्व पश्चिमी लोकतंत्र में ऐसा अक्सर होता नहीं दिखता। लोग एक विशेष विचारधारा के प्रति अपनी प्राथमिकता के कारण एक विशेष पार्टी में हैं जिसके माध्यम से वे लोगों की सेवा करना चाहते हैं। यहां भारत में राजनीतिक विचारधारा केवल अपनी सेवा करना प्रतीत होती है।**

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन लोगों के खिलाफ गंभीर भ्रष्टाचार और आपराधिक मामले लंबित हैं और खुद भाजपा ने उन पर आरोप लगाये हैं, उन्हें अपने पाले में ले लिया है। एक बार कार्रवाई होने के बाद, मामले या तो गायब हो जाते हैं या ठंडे बस्ते में डाल दिये जाते हैं, जिससे कथित अपराधियों को बड़ी राहत मिलती है।

ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का अब कोई मूल्य नहीं रह गया है। यह इस तथ्य को उजागर करता है कि देश में साक्षरता, कौशल और शैक्षिक स्तर में पर्याप्त सुधार के सभी बड़े दावों के बावजूद हमारी शैक्षिक प्रणाली पूरी तरह से दोषपूर्ण है। सच तो यह है कि हमारी शिक्षा प्रणाली जीवन की मूलभूत आवश्यकता यानी नैतिकता नहीं सिखाती। नैतिक शिक्षा का मतलब धार्मिक शिक्षा नहीं है। देखिए इस देश में लोग किस तरह गाड़ी चलाते हैं। नियमों का उल्लंघन करने में डर की कोई झलक नहीं है। यहां तक कि पुलिसकर्मी भी ट्रैफिक सिग्नल पर दूसरी तरफ मुड़ जाते हैं, यह जानते हुए भी कि बड़ी संख्या में लोगों ने सिग्नल पर लाइन पार करके या सिग्नल जंप करके नियमों का उल्लंघन किया है।

भारत में नियम दंड मुक्ति के साथ तोड़े जाने के लिए बने हैं। दोपहिया वाहन चालक अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट नहीं पहनते हैं और पुलिसकर्मी इस उल्लंघन पर संज्ञान नहीं लेते हैं। एक विशेष पोस्टिंग पाने के लिए पुलिसकर्मियों ने स्वयं नियमों का उल्लंघन किया होगा और भ्रष्टाचार में लिप्त होंगे। मूल रूप से कानून का कोई डर नहीं है, जिसे आसानी से झुकाया जा सकता है, खासकर नैतिकता की कीमत पर अमीर और शक्तिशाली लोगों द्वारा। जब उन्हें पढ़ाने वालों में ही नैतिकता नहीं है तो स्कूली छात्रों को दोष क्यों दिया जाये ? वे सत्ताधारी स्थानीय राजनेताओं को रिश्वत देकर स्कूलों में, विशेषकर सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नौकरियां पाते हैं।

इस उद्देश्य के लिए संगठित दलाल हैं। निजी स्कूलों में, शिक्षकों को नियामक संस्था द्वारा निर्धारित वेतनमान से कम वेतन दिया जाता है और स्कूल प्राधिकारी उनसे एक शपथ पत्र लेते हैं कि उन्हें आधिकारिक वेतनमान का भुगतान किया गया है। यह हमारे विद्यालयों की मूल नैतिकता है। इसी तरह सरकारी नौकरियों में भी भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद है। पिछड़ों के उत्थान के लिए दी गयी संवैधानिक गारंटी आरक्षण में भ्रष्टाचार है। ब्राह्मण के अलावा हर समुदाय के कुछ उप-संप्रदाय आरक्षण श्रेणी के अंतर्गत आते हैं ताकि अमीर और शक्तिशाली लोग शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में प्रवेश पाने के लिए झूठे प्रमाण पत्र प्राप्त करके इस आरक्षण नीति का दुरुपयोग कर सकें। इन सभी मामलों में कुछ को छोड़कर मेधावी और योग्य अनेकों को लाभ नहीं मिल पाता है।

तमिलनाडु में डीएमके के पूर्व मंत्री सेंथिलबालाजी का मामला लीजिए। उन्हें राज्य परिवहन निगमों में नौकरियों के संबंध में भ्रष्टाचार के आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। मामले उस समय के हैं जब वह एआईएडीएमके सरकार में मंत्री थे। अब वह डीएमके में हैं। द्रमुक नेता, एम के स्टालिन, जिन्होंने स्वयं बालाजी के अन्नाद्रमुक में रहने के दौरान भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया था, अब उन्हें बचाते नजर आ रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी के बाद उन्होंने कई महीनों तक उन्हें बिना विभाग के मंत्री बनाये रखा। हालांकि उन्होंने हाल ही में इस्तीफा दे दिया, शायद अपना केस लड़ने के किसी मकसद से।

भाजपा भी मुख्य दोषियों में है, अगर कोई बंगाल में शुभेन्दु अधिकारी, असम में हिमंतविश्व शर्मा, अजीत पवार, महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण इत्यादि के मामलों को आधार बनाया जाये। इन सभी व्यक्तियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं और प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा द्वारा अक्सर इन पर आरोप लगाये जाते रहे हैं। अब वे भाजपा का हिस्सा हैं और उनके भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कोई बात नहीं होती। ये व्यक्तिगत राजनेताओं के पाला बदलने के मामले हैं। भाजपा द्वारा गोवा, कुछ पूर्वोत्तर राज्यों, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि में सरकार बनाने के लिए धन और बाहुबल के माध्यम से विपक्षी दलों के कुछ विधायकों का समर्थन प्राप्त करके सरकारें बनाई गई हैं। हाल ही में वे हिमाचल प्रदेश में विधिवत निर्वाचित बहुमत वाली कांग्रेस सरकार को गिराने का प्रयास कर रहे हैं।

अब भाजपा सत्ता में है और मोदी के करिश्मे, पार्टी के बाहुबल और धनबल तथा आरएसएस के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के समर्थन से, इस अनैतिक आया राम गया राम की राजनीति के कारण सत्तारूढ़ दल को कुछ अल्पकालिक लाभ होना तय है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि उन्होंने कांग्रेस से सबक नहीं सीखा, जो इंदिरा गांधी के समय से जो इस राजनीति की मूल प्रवर्तक थी। नि:संदेह, दो गलतियां एक को सही नहीं बनातीं। लेकिन ध्यान देने वाली बात यह है कि आया राम गया राम की राजनीति के बाद से कांग्रेस की लोकप्रियता और वोट शेयर में लगातार गिरावट आ रही है।

इस गिरावट की वजह इस तरह की राजनीति के प्रति कैडर की नाराजगी है। कैडर स्थानीय स्तर पर पार्टी के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन उन्हें किसी अन्य पार्टी से आयातित कोई ऐसा व्यक्ति मिल जाता है, जिसके पास कोई वैचारिक आधार नहीं होता और वह उनका नेता बन जाता है। जीतने की क्षमता का कारक एक या दो चुनावों में काम कर सकता है, लेकिन कैडर परेशान हो जाता है और पार्टी मामलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बंद कर देता है। यह नाराजगी तुरंत सामने नहीं आयेगी, लेकिन लंबे समय में इसका असर पड़ेगा, खासकर भाजपा जैसी कैडर आधारित पार्टी पर।

आज तो उनके लिए सब ठीक है, लेकिन वह समय दूर नहीं, जब यह एक और कांग्रेस बन जायेगी, जिसमें केवल नेता होंगे, कैडर नहीं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि सही सोच वाले नागरिकों को इस बात पर विचार करना शुरू करना होगा कि हम अपनी नैतिक शिक्षा कैसे सुधारें और उन राजनेताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर जितायें, जो सच्चे, नैतिक, ईमानदार हैं और अपने कल्याण के बजाय निर्वाचन क्षेत्र और लोगों के कल्याण के बारे में सोचते हैं। इसके लिए अधिकांश लोगों, विशेषकर उत्पीड़ित लोगों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने के लिए एक ठोस प्रयास की आवश्यकता होगी। यह आसान नहीं होने वाला है और इसके लिए पीढ़ियों तक जबरदस्त प्रयास की आवश्यकता है।

'एमएसपी' को कानूनी दर्जा देने से मजबूत होगी कृषि

■ के आर सुधामन

कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि 'भारतीय खाद्य निगम' (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यत: गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी 'एमएसपी' पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाज़ार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएं कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 'एमएसपी' फसलों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है।

अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं, जिनका निजी बाज़ार मज़बूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है। इन फसलों के लिए 'एमएसपी' एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में 'फ्लोर प्राइस' बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं - वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए च्विंटल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। 'एमएसपी' का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार 'एमएसपी' के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए। यह दो तरीकों से हो सकता है।

> **अक्सर 'एमएसपी' के संदर्भ में कहा जाता है कि वित्तीय बोझ होगा। यदि हम मानकर चलें कि फसलों के लिए हमें सरकारी उपार्जन और निजी बाज़ार दोनों की ज़रूरत है, तो उपार्जन का खर्चा अपने आप कम हो जाता है। दूसरा, इसे सब्सिडी की नज़र से न देखकर निवेश के रूप में देखें। क्या इस निवेश से विकास की पूर्ति हो रही है ? किसानों को उचित भाव मिलना और खेती में सुरक्षा एवं गरिमा महसूस करना महत्वपूर्ण लक्ष्य है।**

मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार 'एमएसपी' से कम दाम पर न हो। जहां मिल द्वारा उपज खरीदी जाती है, वह भी 'एमएसपी' से कम पर न हो। यदि भाव को नियंत्रित करना ज़रूरी हो तो अंश-कालिक सरकारी खरीदी खोल देनी चाहिए। कॉम्पिटिशन से निजी बाज़ार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएंगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाज़ार भाव 'एमएसपी' के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की ज़रूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है।

दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव 'एमएसपी' से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब 'एमएसपी' का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी 'एमएसपी' नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाज़ार 'एमएसपी' के नीचे ही चलता रहा। ऐसी स्थिति में सरकार के लिए केवल 'एमएसपी' के नियम को लागू करने से काम नहीं चलेगा। भाव को ऊपर खींचना होगा। इसके लिए सरकार को विकेंद्रीकृत तरीके से हर जिले में छोटे-छोटे उपार्जन-केंद्र खोलने होंगे और 10 से 40 प्रतिशत फसल खरीदने की व्यवस्था बनानी होगी।

उदाहरण के लिए गेहूं को देखें। एक जिले में 50 से अधिक उपार्जन केंद्र हैं। किसान पंजीयन करते हैं और उन्हें पास का केंद्र मिल जाता है। उपार्जन के बाद पैसे उनके बैंक खाते में डाल दिए जाते हैं। इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण 30 से 50 प्रतिशत किसान इसका लाभ ले पाए। बड़ी बात यह रही कि निजी व्यापार पर कॉम्पिटिशन का असर पड़ा और मंडी के भाव 'एमएसपी' के पास या अधिक रहे। उपार्जन ने निजी व्यापार भाव को भी ऊपर उठाया। 40 से 60 प्रतिशत व्यापार निजी बाज़ार से हुआ और किसानों को उचित भाव मिले।

नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है। हर वर्ष 'एमएसपी' की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूं और चावल को छोड़कर) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 'एमएसपी' फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएंगे।

इसे अनिवार्य करने के लिए 'एमएसपी' की घोषणा से उपार्जन को जोड़ना होगा और केंद्र द्वारा संचालित 'एफसीआई' को जिम्मेदारी एवं वित्तीय खर्च उठाना होगा। हर राज्य के लिए गेहूं और धान के साथ चुनिन्दा क्षेत्रीय फसलों पर यह नियम लागू होगा। केन्द्र और राज्य इसे तय करेंगे। कई मायनों में 'एफसीआई' का काम बढ़ेगा। उन्हें उन राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर या सार्वजनिक व्यवस्था में निवेश करना होगा, जहां आज उपार्जन की व्यवस्था नहीं है। 'एफसीआई' को गेहूं और चावल इन नए इलाकों से भी खरीदने होंगे और उसे अन्य फसलों के लिए भंडारण और वितरण की व्यवस्था बनानी होगी। गेहूं और चावल को छोड़कर 'एफसीआई' को 30 प्रतिशत दूसरी फसलों का भण्डारण करना चाहिए, अन्यथा बिना उपार्जन वाली 'एमएसपी' व्यवस्था एक खोखली घोषणा भर बनी रहेगी।

जैसा पहले कहा गया है, केवल उपार्जन से बात नहीं बनेगी। मंडी में निजी बाज़ार भाव को ऊपर उठाना होगा। 60-70 प्रतिशत व्यापार निजी बाज़ार से होना है। इसके लिए राज्य सरकार को सार्वजनिक मंडी को म

देश विदेश

चाड में संघर्ष से सात की मौत, 20 गिरफ्तार

याउंडे 01 मार्च (एजेंसियां) चाड में सरकारी बलों और विपक्षी सोशलिस्ट पार्टी विदाउट बॉर्डर्स (पीएसएफ) के सदस्यों के बीच गोलीबारी में कम से कम सात लोग मारे गए और 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देश के संचार मंत्री एवं सरकार के प्रवक्ता अब्देरमन कौलामल्ला ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुधवार को चाड की राजधानी एन जामेना में हुई झड़पों के दौरान पीएसएफ नेता याया डिल्लो सहित चार सैनिक और तीन पीएसएफ सदस्य मारे गए।

मस्क ने ओपनएआई व उसके सीईओ पर किया मुकदमा

मस्क 2018 तक ओपनएआई के मूल बोर्ड के सदस्य थे

सैन फ्रांसिस्को, 1 मार्च (एजेंसियां)। टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने ओपनएआई और उसके सीईओ सैम ऑल्टमैन पर एआई से जुड़े मूल संविदा करार के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है।

अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में दायर मुकदमा ओपनएआई के नवीनतम नेचुरल लैंग्वेज मॉडल जीपीटी-4 के इर्द-गिर्द केंद्रित है।

एक्स के मालिक ने आरोप लगाया कि ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट (जिसने सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी में अरबों डॉलर का निवेश किया है) ने इस बात पर सहमति व्यक्त करने के बावजूद कि आर्टिफिशल जेनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) क्षमताएं गैर-लाभकारी और मानवता के लिए समर्पित रहेंगी, गलत तरीके से जीपीटी -4 को लाइसेंस प्रदान किया है।

दायर मुकदमे में कहा गया है, मस्क ने लंबे समय से माना है कि एजीआई मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है - शायद आज के दौर में अस्तित्व संबंधी सबसे बड़ा खतरा। मस्क के मुकदमे में करार के उल्लंघन, दूसरे पक्ष के सर्वोत्तम हित में अपेक्षित कर्तव्य का उल्लंघन

- मस्क ने लंबे समय से माना है कि एजीआई मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है
- अनुचित कारोबारी व्यवहार जैसी शिकायतों का दिया विवरण

और अनुचित कारोबारी व्यवहार जैसी शिकायतों का विवरण दिया गया है। मस्क 2018 तक ओपनएआई के मूल बोर्ड सदस्य थे। मुकदमे के अनुसार, ओपनएआई का प्रारंभिक शोध खुले, डिजाइन, मॉडल और कोड तक मुफ्त और सार्वजनिक पहुंच प्रदान करने में किया गया था। जब ओपनएआई शोधकर्ताओं ने पाया कि ट्रांसफॉर्मर्स नामक एक एल्गोरिदम, जिसका मूल रूप से गूगल द्वारा आविष्कार किया गया था, बिना किसी स्पष्ट प्रशिक्षण के कई नेचुरल लैंग्वेज कार्य कर सकता है, पूरा समुदाय ओपनएआई द्वारा जारी किए गए मॉडल को बढ़ाने और विस्तारित करने के लिए आगे आया।

ऑल्टमैन 2019 में ओपनएआई के सीईओ बने। ओपनएआई ने 22 सितंबर 2020 को माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक समझौता किया, जिसमें विशेष रूप से माइक्रोसॉफ्ट को उसके जेनरेटिव प्रीट्रेन्ड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) -3 लैंग्वेज मॉडल का लाइसेंस दिया गया।

मुकदमे में कहा गया है, सबसे गंभीर बात यह है कि माइक्रोसॉफ्ट लाइसेंस केवल ओपनएआई की प्री-एजीआई तकनीक पर लागू होता है। माइक्रोसॉफ्ट को एजीआई पर कोई अधिकार नहीं मिला। और ओपनएआई कब एजीआई के चरण में पहुँच गया यह तय करना ओपनएआई के गैर-लाभकारी बोर्ड पर निर्भर था, न कि माइक्रोसॉफ्ट पर। मस्क ने कहा कि यह मामला ओपनएआई को स्थापना के समय के करार का पालन करने और मानवता के लाभ के लिए एजीआई विकसित करने के उसके मिशन पर लौटाने के लिए मजबूर करने के लिए दायर किया गया है, न कि व्यक्तिगत प्रतिवादियों और दुनिया की सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी को व्यक्तिगत रूप से लाभ पहुंचाने के लिए।

अली अमीन गंडापुर चुने गए खैबर पख्तूनख्वा के सीएम

इस्लामाबाद, 1 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर को शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया, जबकि पीएमएल-एन के सरदार अयाज सादिक नेशनल असेंबली के स्पीकर बने।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा पर 8 फरवरी के आम चुनावों में धांधली में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। अली अमीन गंडापुर ने पीटीआई की महिला उम्मीदवारों के खिलाफ एफआईआर को रद्द करने की भी मांग की और पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा से 9 मई की हिंसा की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग बनाने को कहा। उन्होंने पीटीआई के संस्थापक इमरान खान के लिए निष्पक्ष सुनवाई और जेल से उनकी रिहाई की मांग की।

पाकिस्तान में 9 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव

इस्लामाबाद, 1 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि देश के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 मार्च को होगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान 9 मार्च को स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। एक अधिसूचना में कहा गया है कि मतदान संसद भवन और पाकिस्तान की चार प्रांतीय विधानसभाओं में होगा। शेड्यूल के अनुसार, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को 2 मार्च को अपना नामांकन पत्र जमा करना होगा। ईसीपी अधिसूचना के अनुसार, नामांकन पत्रों की जांच 4 मार्च को होगी।

सुडोकू 6483

7	9			5			2	
		2	7					4
	8							
				7	8	4		9
	6						7	
1		4	3	2				
							6	
6					7	3		
	3			4			9	2

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 2 मार्च, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7

राशिफल

मेष - आज दिन में स्नेहीजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। नए वस्त्र तथा आभूषणों की खरीदी कर सकेंगे। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोपहर के बाद आप को संयमित व्यवहार करना पड़ेगा।

वृषभ - व्यापार के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी है। पारिवारिक वातावरण भी सुख-शांति का बना रहेगा। विरोधियों पर आप को विजय प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थल पर सहकर्मी विशेष सहायक बनेंगे।

मिथुन - आज का दिन मध्यम फलदायी है। नए काम का आरंभ ना करें। बौद्धिक चर्चाओं के लिए आज का दिन शुभ नहीं है। संतान संबंधी चिंता आपको बनी रहेगी। दोपहर के बाद घर का वातावरण सुख शांतिवाला रहेगा।

कर्क - आप की हताशा मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार से आप को चिंतित करेगी। संभवत: यात्रा को आज टाल दें। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बहुत ध्यान रखने की जरूरत है।

सिंह - आज धार्मिक यात्रा हो सकती है। किसी भी तरह के नए काम की शुरुआत आज कर पाएंगे। विदेश से लाभदायी समाचार मिलने की संभावना है। पूंजी-निवेश करनेवालों के लिए समय अच्छा रहेगा।

कन्या - आज किसी भी तरह के डिसीजन ले पाने की स्थिति में नहीं रहेंगे। आज नए काम का प्रारंभ करना उचित नहीं है। ज्यादातर समय आप मौन ही रहें, अन्यथा किसी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

तुला - आज दिन की शुरुआत अच्छी होगी। मन को दृढ़ रखकर किसी भी तरह का काम शुरू करेंगे, तो सफल होगा। नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में पैसा खर्च होगा। दोपहर के बाद आप मानसिक रूप कमजोर रहेंगे।

वृश्चिक - आध्यात्मिक और ईश्वर की भक्ति से आज मन को शांति प्राप्त होगी। मन में उठ रही नेगेटिव भावनाओं पर संयम रखना आवश्यक होगा। कोर्ट- कचहरी के काम में संभलकर चलें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

धनु - आज आप की आय में वृद्धि और लाभ होगा। सामाजिक कामों में भाग लेने से मन प्रसन्न रहेगा। मान-सम्मान और आय में वृद्धि होगी। व्यापार से लाभ होने की संभावना है। वाहन संभलकर चलाएं।

मकर - स्थायी संपत्ति के काम के लिए आज का दिन श्रेष्ठ है। व्यापार में सफलता मिलेगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। आज पदोन्नति के योग हैं। परिवार का वातावरण आनंदपूर्ण रहेगा।

कुंभ - आज व्यापार करने वालों को संभलकर चलना होगा। नौकरी में अधिकारियों के साथ बातचीत करते समय बहुत ध्यान रखें। संतान के स्वास्थ्य या पढ़ाई के विषय में चिंता रहेगी। लंबे समय के प्रवास की योजना बनेगी।

मीन - किसी के साथ वाद-विवाद या तकरार न करें। आज गुस्से पर पर संयम रखें। धार्मिक या ज्योतिष संबंधी चीजों में आपकी रुचि बनी रहेगी। गहन चिंतन आप के मन को शांति प्रदान करेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

ईरान में मतदान जारी, सर्वोच्च नेता खामेनेई ने डाला वोट

तेहरान, 1 मार्च (एजेंसियां)। ईरान की 12वीं संसदीय और असेंबली ऑफ एक्सपर्ट चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हो रहा है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने अपना वोट डाला। इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कुल 61,172,298 मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। इसमें 30,945,133 पुरुष और 30,227,165 महिला शामिल हैं। चुनाव मुख्यालय के अनुसार, संसदीय चुनाव के लिए कुल 15,000 लोग मैदान में हैं, जबकि असेंबली ऑफ एक्सपर्ट के लिए 144 लोग मैदान में हैं। मतदाता मजलिस (ईरानी संसद) के लिए 290 प्रतिनिधियों और असेंबली ऑफ एक्सपर्ट के लिए 88 प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। देश में सर्वोच्च नेता, मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों, जैसे सामाजिक स्वतंत्रता और आर्थिक स्थिति पर महत्वपूर्ण फैसला लेते हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनका कहना है कि मतदान से परहेज करने से कुछ भी हल नहीं होगा, इसलिए मतदान जरूर करें।

न्यूजीलैंड में अवैध आग्नेयास्त्रों पर कार्रवाई

वेलिंगटन 01 मार्च (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड सरकार ने शुक्रवार को नए उपायों की घोषणा की जो पुलिस को आग्नेयास्त्र निषेध आदेश (एफपीओ) के माध्यम से आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसने में सक्षम बनाएगी।

सहायक न्याय मंत्री (आग्नेयास्त्र) निकोल मैककी ने कहा, आग्नेयास्त्रों का इस्तेमाल अवैध रूप से गिरोहों द्वारा डराने-धमकाने, अपने लाभ कमाने हेतु हिंसक अपराध करने और विभिन्न गिरोहों के बीच संघर्ष शुरू करने के लिए किया जा रहा है जिसमें कानून का पालन करने वाले नागरिक भी फंस जाते हैं।

उन्होंने कहा,आग्नेयास्त्र निषेध आदेश विधान संशोधन विधेयक पुलिस को आग्नेयास्त्रों रखने वाले गिरोह के सदस्यों की खोज करने के लिए अधिक शक्तियां प्रदान करता है जो कानून और व्यवस्था को बहाल करने के सरकार के लक्ष्य का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अदालतें किसी ऐसे गिरोह के किसी भी सदस्य या सहयोगी को आदेश जारी करने में सक्षम होंगी, जिसे किसी महत्वपूर्ण अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो। उन्होंने कहा कि पुलिस को एफपीओ के तहत किसी भी समय अपराधियों के वाहनों और आग्नेयास्त्रों की तलाशी लेने के लिए नयी शक्तियां भी

- पुलिस को अपराधियों के वाहनों और आग्नेयास्त्रों की तलाशी लेने के लिए नयी शक्तियां मिलेगी

प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बिल एफपीओ व्यवस्था में भी संशोधन करता है ताकि लोगों को अपने एफपीओ को अलग करने, संशोधित करने या रद्द करने के लिए पांच साल के बाद अदालत में आवेदन करने की अनुमति मिल सके। अगर कोई यह प्रदर्शित कर सके कि वह अब सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि ये बदलाव न्यूजीलैंड को एक सुरक्षित स्थान बना देंगे।

शुक्रवार की घोषणा गिरोहों पर नकेल कसने के उपायों की श्रृंखला में से एक थी। इससे पहले सोमवार को न्यूजीलैंड पुलिस ने घोषणा की कि उनके पास गिरोहों पर नकेल कसने के लिए अधिक कानूनी शक्ति होगी, जिससे अदालतें अधिक कठोर दंड देने में सक्षम होंगी।

वर्ग पहेली 6483

१		२		■	■	३		४	
	■		■	५			■		■
६					■	७			८
	■		■	९			■	■	
■	१०		११		■	■	१२		
■		■		■	१३			■	
१४		१५		■		■	१६	१७	
	■		■	१८		१९	■		■
२०			■		■	२१			२२
	■	२३					■	■	

बायें से दायें:-

१. विदूषक, हँसी, परिहास प्रिय (उर्दू)
३. तिरस्कृत, बेइज्जत
५. मुग्ध करने वाला
६. जलयानों के रुकने-ठहरने की जगह
७. जिसे वरदान प्राप्त हो
९. पात्रता, काबिलियत
१०. दूसरे के अधीन, परतंत्र
१२. बहुत अधिक
१३. विशेष बौद्धिक शक्ति, चमक
१४. पूंजी, व्यापार आदि में लगाया गया धन
१६. अंगूठी, कंकण, दो-दो पंक्तियों की सैनिक स्थिति, घेरा
१८. बधिर, जिसके कानों में सुनाई न दे
२०. जलपान
२१. नाश करने वाला
२३. रूढ़िवादी (उर्दू)

ऊपर से नीचे:-

१. कलाई
२. सावधान, सचेत
३. बेचैनी
४. बेजान
५. मोह का बंधन
८. सूर्य पुत्र
१०. प्रारंभ, शुरुआत
११. बखान
१२. कमी, न होने का भाव
१३. बहाव
१४. मूल्य निर्धारण
१५. साधुवाद, कृतज्ञता प्रकाश, वाह-वाही
१७. तीव्र, लालसा
१८. श्रेष्ठ, उत्तम
१९. असुर, दैत्य
२२. काटा-छांटा या बदला गया, निरस्त, बेकार, निकम्मा (उर्दू)

वर्ग पहेली-6482

१ च	टु	२ ला	ल	३ स	■	४ व	क्ष	५ स्थ	ल
र्म	■	भ	■	६ म	वे	शी	■	गि	■
७ का	रिं	दा	■	झ	■	८ क	ल्प	त	९ रू
र	■	य	■	१० दा	य	र	■	■	प
■	११ मि	क	१२ दा	र	■	■	१३ ब	ढ़ि	या
■	लिं	■	खि	■	१४ वि	द्रो	ह	■	पै
१५ ब	द	१६ हा	ल	■	वा	■	१७ स	१८ ह	सा
र	■	स्य	■	१९ वा	ह	२० क	■	ल	■
२१ सा	रं	गी	■	सू	■	२२ जा	य	फ	२३ ल
त	■	२४ त	त्प	र	ता	■	■	■	ज्जा

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

रूसी सुरक्षा एजेंसी ने किया यूक्रेनी आतंकवादी पकड़ने का दावा

मॉस्को, 01 मार्च (एजेंसियां)। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने एक महिला और एक पुरूष को रूस में पकड़ने का दावा करते हुए शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने इन दोनों को क्रीमिया में आतंकवादी हमले करने के लिए भेजा है।

एफएसबी की ओर से जारी बयान में कहा गया, वह क्रीमियाई प्रायद्वीप में यूक्रेन की विशेष सेवा के आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने वाले एजेंटों के उस नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए काम कर रही है और इसी क्रम में 1984 में सिम्फेरोपोल में पैदा हुए एक रूसी नागरिक को हिरासत में लिया गया है। इसे क्रीमिया गणराज्य के परिवहन स्थलों में से एक पर आतंकवादी हमले की योजना तैयार करने के निर्देश यूक्रेनी विशेष सेवा द्वारा दिये गये थे। इसी रूसी नगारिक ने पिछले साल मई में सिम्फेरोपोल में रेल रोड ट्रैक पर हुए हमले में भी सहायता की थी, जिसे यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय की देखरेख में एक डायवर्जन समूह द्वारा अंजाम दिया गया था। बयान में कहा गया, एक रूसी महिला और यूक्रेनी नागरिक को हिरासत में लिया गया है।

यूरोप में कोई भी यूक्रेन में सेना भेजने की योजना नहीं बना रहा : पेट्र फियाला

प्राग, 01 मार्च (एजेंसियां)। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने शुक्रवार को कहा कि कोई भी यूरोपीय देश यूक्रेन में अपनी सेना भेजने की योजना नहीं बना रहा है। चेक टेलीविजन ने संसद की बैठक में फियाला के हवाले से कहा, यूरोप में कोई भी यूक्रेन में सेना नहीं भेजने जा रहा है। मैक्रों ने पेरिस बैठक के मौके पर इस विचार को सामने रखा और वहां यह कम से कम बात का विषय रहा।

उल्लेखनीय है कि फरवरी 2022 में यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद से यूरोपीय संघ के सदस्य देशों सहित पश्चिमी देश कीव को सैन्य और वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।

आज का इतिहास

1717- द लव ऑफ मार्स और वीनस का पहला बैले शो इंग्लैंड में किया गया।
1776- अमेरिकियों ने बोस्टन में ब्रिटिश सैनिकों पर गोलाबारी करना शुरू कर दी थी।
1776- जॉर्जिया और दक्षिण कैरोलिना से अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-पैट्रियट मिलिशिया ने जॉर्जिया के सवाना में लंगर डाले गए आपूर्ति जहाजों को जब्त करने और हटाने के लिए ब्रिटिश कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया था।
1807- अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पास कर देश में गुलामों के आयात पर रोक लगा दी थी। दास प्रथा की समाप्ति की दिशा में यह अहम कदम था।
1825- अंतिम सफल कैरिबियन समुद्री डाकू में से एक, रॉबर्टो कॉफ्रेसि को युद्ध में हराया गया और अधिकारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया।
1835- फर्डिनेंड ऑस्ट्रिया का सम्राट (राजा) बन गया।
1836- टेक्सास क्रांति-वाशिंगटन-ऑन-द-ब्रेजोस में प्रतिनिधियों के एक सम्मेलन में, टेक्सास के मैक्सिकन राज्य ने टेक्सास गणराज्य को स्थापित करते हुए, निर्भरता की घोषणा को अपनाया।
1852- पहले अमेरिकी प्रायोगिक भाप फायर इंजन का परीक्षण किया।
1853- कपड़े की कंपनी लेवी स्ट्रॉस एंड कंपनी संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित की गयी।
1865- ब्रिटिश अखबार 'सुबह क्रोनिकल' प्रकाशन शुरू किया गया।
1866-निड्ल कंपनी एक्सेलसियर ने सिलाई मशीन की सुई बनानी शुरू की।

वार्ता *ग्रीक आर्थिक विशेषज्ञ ने किया चीनी शैली के आधुनिकीकरण की प्रशंसा, बोले*

लोगों की आजीविका में सुधार जारी रखना अत्यंत कठिन कार्य

बीजिंग, 1 मार्च (एजेंसियां)। ग्रीस में यूरोपीय और विदेश नीति कोष के वरिष्ठ शोधकर्ता जॉर्ज त्ज़ोगोपोलोस ने कहा कि जल्द ही आयोजित होने वाले एनपीसी और सीपीपीसीसी के दो सत्र चीन के राजनीतिक जीवन में एक प्रमुख घटना हैं और इस वर्ष के दो सत्रों के एजेंडे में चीनी शैली के आधुनिकीकरण से संबंधित मुद्दे निश्चित रूप से शामिल होंगे। त्ज़ोगोपोलोस ने कहा कि आधुनिकीकरण की अवधारणा का व्यापक रूप से सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में उपयोग किया जाता है।

हालांकि, चीन की आबादी के विशाल आकार के कारण, पूर्ण गरीबी को खत्म करने के बाद लोगों की आजीविका में सुधार जारी रखना एक अत्यंत कठिन कार्य है, जिसके लिए विभिन्न तकनीकी लक्ष्यों के साथ-साथ चलने की आवश्यकता है।

इस वर्ष के दो सत्रों में चीनी शैली के आधुनिकीकरण से संबंधित मुद्दों को निश्चित रूप से शामिल किया जाएगा, क्योंकि इससे चीन के लोगों की आजीविका में सुधार करने में मदद मिलेगी।

आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञ के रूप में, त्ज़ोगोपोलोस ने यह भी कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था ने स्थिरीकरण के संकेत दिखाए हैं और भविष्य में विश्व अर्थव्यवस्था के विकास में महान योगदान देना जारी रखेगा। बीते साल 2023 में

चीन की अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी इसकी पुष्टि की है।

त्ज़ोगोपोलोस के विचार में चीन की आर्थिक वृद्धि विश्व आर्थिक वृद्धि और विश्व व्यापार के लिए बहुत लाभकारी है। चीन ने पिछले कुछ दशकों में विश्व अर्थव्यवस्था में महान योगदान दिया है और भविष्य में भी इस प्रवृत्ति की उम्मीद की जा सकती है।

चीनी राजदूत ने किया फिलिस्तीन-इज़राइल स्थिति पर चीन का रुख स्पष्ट

बीजिंग। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और स्विट्जरलैंड में अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में चीन के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत छन श्य्वी ने मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में फिलिस्तीन और इज़राइल के बीच स्थिति पर चीन का रुख स्पष्ट किया। छन श्य्वी ने बताया कि गाजा पट्टी इस समय एक अभूतपूर्व मानवीय आपदा से जूझ रही है। तत्काल युद्धविराम अंतरराष्ट्रीय समुदाय का जबरदस्त आह्वान है और शांति की बहाली के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता है।

दुनिया को जानें

संरा ने दी गाजा में भुखमरी के बढ़ते खतरों की चेतावनी

जिनेवा, 1 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और अधिकारियों ने गुरुवार को युद्धग्रस्त गाजा में भुखमरी, हताशा और सामाजिक अव्यवस्था के बढ़ते खतरों की चेतावनी दी। उन्होंने सहायता चाहने वाले फिलिस्तीनी नागरिकों की हत्या की भी निंदा की और संघर्ष को समाप्त करने का आग्रह किया।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता ने गुरुवार को गाजा पर एक बयान जारी कर कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गाजा में संघर्ष में हुई दुखद मानवीय क्षति से स्तब्ध हैं।

बयान में कहा गया कि महासचिव आज उत्तरी गाजा में हुई घटना की निंदा करते हैं जिसमें जीवन-रक्षक सहायता मांगते समय कथित तौर पर 100 से अधिक लोग मारे गए या घायल हो गए। गाजा में हताश नागरिकों को तत्काल मदद की जरूरत है, जिसमें घिरे उत्तर के लोग भी शामिल हैं जहां संयुक्त राष्ट्र ने एक सप्ताह से अधिक समय में सहायता देने में सक्षम नहीं हूं।

प्रादेशिकी

किसानी घाटे का सौदा बन गई है: अभय सिंह चौटाला

चंडीगढ़, 1 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र और हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकारों के शासन में किसानी घाटे का सौदा बन गया है और किसान सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। श्री चौटाला ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, के कृषि अर्थशास्त्री डॉ. विनय मेहला की एक रिपोर्ट के हवाले से कहा कि प्रदेश के किसान का खर्च उसकी आमदनी से कहीं अधिक है। अध्ययन के अनुसार जो किसान परिवार फसलों की खेती के साथ में डेयरी करते हैं उनकी वार्षिक आय लगभग 2,48,206 रुपये है। उनका खाद्य पदार्थों और स्वास्थ्य, शिक्षा समेत जीवन निर्वहन के लिए जरूरी चीजों पर सालाना खर्च लगभग 3,79,832 रुपये आता है।

उत्तराखंड के 38 युवा बने अधिकारी सीएम ने सौंपा नियुक्त पत्र

देहरादून, 1 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में अधीनस्थ सेवा

■ 35 सहायक समाज कल्याण अधिकारी व 3 छात्रावास अधीक्षकों को मिली तैनाती

चयन आयोग से समाज कल्याण विभाग में चयनित 35 सहायक समाज कल्याण अधिकारियों तथा 03 छात्रावास अधीक्षकों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर सरकारी रिक्त पड़े पदों पर भर्तियां करवाई जा रही है। जिसके फल स्वरुप नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम भी निरंतर चल रहे हैं। विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने का अभियान जारी है। उन्होंने कहा कड़ी मेहनत, परिश्रम करने वाले आज सभी मेहनती यवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों से जीवन में हमेशा अनुशासन रखे जाने की बात कही। उन्होंने कहां स्वयं में अनुशासन रखकर हम आमजन को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करवा सकते हैं। अपनी सेवाओं के दौरान अच्छे काम करके दिखाना है ताकि हम अपनी सेवाओं से अंत्योदय के सिद्धांत को पूर्ण कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कड़ा नकल विरोधी कानून लाकर नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने का काम किया है। नकल के अपराध में शामिल लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा है। अब राज्य में पूर्ण पारदर्शिता से परीक्षाएं हो रही है। योग्यता प्रतिभावान क्षमतावान अभ्यर्थी ही परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं

इस दौरान सचिव बृजेश कुमार संत, प्रभारी निदेशक जीआर नौटियाल, उप निर्देशक वासुदेव आर्य, मुख्य वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिंह सहायक निदेशक हेमलता पांडे एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

नाबालिग की संदिग्ध मौत के बाद बवाल, लोगों ने फ्लैट मालिक को पीटा

देहरादून, 1 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में अपराध की घटनाएं दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। ये मामले विधानसभा में भी उठते रहे हैं। शहर में घटे ताजा घटनाक्रम ने एक बार फिर आपराधिक घटनाओं को लेकर कई सवाल खड़े किए। लेकिन कुछ देर बार ही मामले ने नया मोड़ ले लिया। दरअसल, देहरादून के रेस कोर्स स्थित एक फ्लैट में नाबालिग लड़की की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। यह घटना विधायक आवास के पास स्थित फ्लैट में घटित हुई। इस फ्लैट में रहने वाले परिवार में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की काम करती थी। गुरुवार सुबह सूचना मिली कि लड़की ने फ्लैट में आत्महत्या कर ली है, लेकिन स्थानीय लोगों ने घटना को हत्या बताकर फ्लैट में जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि लड़की पास की ही बस्ती में रहती थी और वो यहां इस फ्लैट में काम करती थी। हालांकि, पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को सुसाइड के रूप में ही देख रही थी। लेकिन आसपास के लोगों का कहना था कि यह मामला सुसाइड नहीं बल्कि हत्या से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने मामले में परिवार (जहां वो लड़की काम करती थी) के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, कुछ ऐसे वीडियो भी सामने आए हैं जहां कुछ लोग परिवार के

■ पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने चैंकाया, मौत का कारण निकला आत्महत्या

■ शरीर पर न कोई चोट के निशान मिले, न हुआ सेक्सुअल असॉल्ट

लोगों को फ्लैट के अंदर पीट रहे हैं। इस घटना के सामने आने के बाद विधानसभा सत्र के बीच से ही कांग्रेस के तमाम विधायक रेस कोर्स पहुंचे और यहां मौजूद पुलिस अधिकारियों से इस पूरी घटना की जानकारी ली। ईटीवी भारत से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि यह पूरा मामला संदिग्ध नजर आता है। जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, उसे देखकर लगता है कि मामला आत्महत्या का ना होकर हत्या का है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मामले में जो घटनाक्रम हुआ है, उससे लगता है कि लड़की की हत्या की गई है। दरअसल, इस छात्रा की मौत सुबह ही होने की बात कही जा रही है। आरोप है कि पुलिस या परिजनों को इसकी जानकारी देने के बजाय परिवार (जहां वो लड़की काम करती थी) द्वारा छात्रा को अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। यही नहीं, मृतक छात्रा के परिजनों को फौरन जानकारी देने के बजाय दोपहर 2 बजे उसकी मौत होने की बात बताई गई। इस मामले में देहरादून के एसएसपी अजय सिंह ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि डाक्टरों के पैनल द्वारा मृतका का पोस्टमॉर्टम करने के बाद रिपोर्ट में मौत का कारण आत्महत्या पाया गया है।

नाबालिग उत्पीड़न के मामले का महिला आयोग ने लिया संज्ञान, जांच के आदेश

देहरादून। गुरूवार को देहरादून के पॉश इलाके रेसकोर्स में नाबालिग की संदिग्ध अवस्था में मौत व सेलाकुई में नाबालिग से दोस्ती व दुष्कर्म के मामले का उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। इस मामले में आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने एसएसपी व डीआइजी से वार्ता कर जांच के निर्देश दिए हैं।आयोग की अध्यक्ष ने बताया कि डीआइजी पी रेणुका से वार्ता के दौरान उन्होंने नाबालिग किशोरी की मौत के कारण की स्पष्ट जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसमें सभी तथ्यों की स्पष्ट जांच हो। साथ ही नाबालिग से इस प्रकार से अपने फ्लैट में नौकरी करवाने वालों व उसके माता पिता के विरुद्ध भी धाराओं में मामला लिखा जाए। आयोग की अध्यक्ष ने सेलाकुई निवासी मुस्लिम युवक ने इंस्टाग्राम पर आठवीं कक्षा की किशोरी को दोस्ती की आड़ में बहला फुसला कर दुष्कर्म के मामले में एसओ सेलाकुई व एसएसपी देहरादून वार्ता कर आरोपितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

सार संक्षेप

दहेज उत्पीड़नः विवाहिता से मारपीट कर घर से निकाला मामला दर्ज

रुड़की। दहेज की मांग पूरी हो न होने पर विवाहिता से मारपीट कर घर से निकाल दिया। दहेज उत्पीड़न के मामले में विवाहिता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति, सास व ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में पड़ताल की जा रही है। पुलिस को दी तहरीर में विवाहिता के भाई ने बताया कि उसकी बहन की निकाह रुड़की कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। निकाह में लड़की के परिजनों ने अपनी हैसियत से अधिक दहेज दिया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग इससे संतुष्ट नहीं थे और निकाह के कुछ समय बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसे तरह-तरह से प्रताड़ित कर रहे थे। इसी बीच विवाहिता ने तीन बच्चों को जन्म दिया। लेकिन इसके बाद भी ससुराल पक्ष के लोगों की दहेज की मांग जारी रही.आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल व पांच लाख की नगदी की मांग कर रहे थे। मांग पूरी ने होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

प्रतिबंधित कांजल काठ की लकड़ी के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

उत्तरकाशी। प्रतिबन्धित कांजल काठ लकड़ी की तस्करी मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने शुक्रवार सुबह दो तस्करों को 246 नग कांजल काठ की लकड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से तस्करी में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की गयी है। पुलिस द्वारा वन तस्करों पर पिछले दो दिनों में यह दूसरी कार्यवाही की गयी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह थाना धरासू पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ वन तस्कर वन सम्पदा की तस्करी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी। इस दौरान नगुण बैरियर पर एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया तो कार चालक साथी सहित भागने का प्रयास करने लगा। इस पर उन्हे घेर कर रोका गया। कार की तलाशी के दौरा उसमें रखी 246 गुटके कांजल-काठ की लकड़ी बरामद की गयी है।

युवती की संदिग्ध मौत में दो गिरफ्तार

देहरादून। रेसकोर्स मे फ्लैट के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवती की मौत पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रेसकोर्स क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवती की मृत्यू के सम्बन्ध में उसके परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना नेहरू कालोनी में धारा 302, 323, 354, 342 भादवि तथा 7/8 पोक्सो एक्ट व 3(क)4 बाल श्रम प्रतिशेध अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया था।

सुडोकू 6483 का हल

7	9	3	8	5	4	1	2	6
5	1	2	7	6	3	9	8	4
4	8	6	1	9	2	5	3	7
3	2	5	6	7	8	4	1	9
9	6	8	4	1	5	2	7	3
1	7	4	3	2	9	6	5	8
2	4	7	9	3	1	8	6	5
6	5	9	2	8	7	3	4	1
8	3	1	5	4	6	7	9	2

बेबस सरकार के चलते ही अपराधियों के हौसले बुलंदः हुड्डा

सिरसा, 1 मार्च (एजेंसियां)। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा में हो रही हत्या, लूट, फिरौती की संगीन घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि रोहतक के लाखनमाजरा के पास शुक्रवार को अज्ञात शूटर्स ने गुडग़ाँव के एक कारोबारी की गाड़ी पर दना-दन गोलियाँ बरसा कर कारोबारी की दुस्साहसिक ढंग से हत्या कर दी।

श्री हुड्डा ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले तक जो हरियाणा विकास प्रदेश के रूप में जाना जाता था वो 10 साल की खट्टर सरकार में आज अपराध प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है। हुड्डा सरकार के समय जिन अपराधियों की हरियाणा में घुसते हुए पिंडी कांपती थी आज वो दनदनाते घूम रहे हैं। दस साल की खट्टर सरकार की यही देन है कि हरियाणा आज देश भर में बेरोजगारी, नशे और अपराध में नंबर-1 पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि ये सरकार पूर्ण रूप से विफल साबित हुई है और प्रदेश में जंगलराज बना दिया है। खट्टर सरकार पुलिस बल का प्रयोग अपराधियों पर नहीं बल्कि किसान, मजदूर, कर्मचारी, आढ़ती समेत हर वर्ग पर अत्याचार करने और उनकी आवाज दबाने के लिये कर रही है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि खट्टर सरकार और सरकारी कानून-व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। अपराधियों के आगे सरकार बेबस नजर आ रही है। हरियाणा में बेबस सरकार के चलते ही अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सरकार के सुशासन के तमाम दावे गोलियों के धमाके के बीच हवा हो गये हैं। सच्चाई ये है कि अपराधी बेखौफ हैं और आम जनता खौफ के साये में जीवन व्यतीत कर रही है। पिछले एक महीने के ही अखबार देखें तो रोहतक, बहादुरगढ़, सांपला, गोहाना, तोशाम, खरखौदा, आदि कई जगहों पर गैंगस्टर्स द्वारा फायरिंग, हत्या, फिरौती, अपहरण की अनेकों घटनाएं सामने आयी। इसके बाद दीपेन्द्र हुड्डा ने गांव चौटाला में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. के.वी. सिंह के निवास पर पहुँचकर उनकी भाभी जी के निधन पर शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन

देहरादून, 1 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल और कांग्रेस नेता रहे अजीज कुरैशी का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि कुरैशी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। 83 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। वहीं उनके निधन की खबर मिलने के बाद से सियासी गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। बता दें कि 24 अप्रैल 1941 को भोपाल में जन्में कुरैशी उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के पूर्व में राज्यपाल रह चुके हैं। 2014 में एक महीने के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। उनकी मौत की खबर मिलने के बाद से सियासी गलियारे में शोक की लहर है। अजीज कुरैशी को 24 जनवरी 2020 को मध्य प्रदेश की तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया था। अजीज कुरैशी साल 1973 में मध्य प्रदेश में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं।

गलत फहमी में इंटेलिजेंस के जवान से भी की मारपीट

देहरादून, 1 मार्च (देशबन्धु)। गुरूवार को दून में संदिग्ध हालत में हुई नाबालिग छात्रा की मौत मामले में पुलिस ने मृतका के परिजनों को

■ अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए परिजन

उसके शव का अंतिम संस्कार करने के लिए मना लिया है। एतियात के तौर पर शुक्रवार को भी मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह गलतफहमी में लोगों ने इंटेलिजेंस के जवान के साथ मारपीट कर डाली। किसी तरह से सूझबूझ के साथ मामले को नियंत्रण में किया गया। मृतक के परिजन इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग कर रही है। गहमागहमी के बीच पुलिस ने परिजनों को मनाया और शव का अंतिम संस्कार करने के लिए परिजनों को साथ ले गए। नाबालिग छात्रा की मौत के मामले में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आ चुकी है। उधर परिजनों और स्थानीय लोगों में छात्रा की मौत से भारी आक्रोश है। आम लोग लगातार पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते रहे हैं। हालांकि छात्रा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में किसी तरह की कोई गंभीर चोटें या दुराचार की बात सामने नहीं आई है। लेकिन परिजन लूथरा परिवार पर छात्रा के साथ मारपीट करने की बात कहते हुए आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते रहे हैं। स्थानीय लोग सुबह से ही मृतक छात्रा के घर पर डटे रहे। इस गहमागहमी में इंटेलिजेंस के एक जवान जो कि इस घटना की रिपोर्ट कार्यालय में दे रहा था, उसे सुबह के समय लोगों ने घेर लिया और मारपीट भी की। लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश था कि पुलिस इस मामले में गलत रिपोर्ट आगे दे रही है। इसी गलतफहमी के कारण इंटेलिजेंस के जवान को क्षेत्रीय लोगों ने घेर कर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद घटना की जानकारी मिलने के बाद इंटेलिजेंस के तमाम जवान यहां पर पहुंच गए।

खट्टर व विज को हत्या की धमकी देने के आरोप में बराड़ गिरफ्तार

सिरसा, 1 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व गृह मंत्री अनिल विज की हत्या करने की धमकी देने के आरोप में ऐलनाबाद पुलिस ने गांव तलवाड़ा खुर्द निवासी किसान जरनैल सिंह बराड़ को गुरुवार रात्रि उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। ऐलनाबाद पुलिस थाना में एक पुलिस कर्मी की शिकायत पर जरनैल बराड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार दोपहर बराड़ को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जमानत मिल गई। पुलिस के अनुसार किसान नेता जरनैल सिंह बराड़ ने सोशल मीडिया पर एक मैसेज लिखा था कि किसान आंदोलन में शहीद होने वाले किसान शुभकरण पर गोलियां सरकार के आदेश पर चलाई गई है। अगर सरकार इस बात को नहीं मानती है तो श्री खट्टर और श्री विज को एक महीने के अंदर अंदर अपना लाई डिटेक्ट टेस्ट करवाना चाहिए। अगर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गृह मंत्री अपना लाई डिटेक्ट टेस्ट नहीं करवाते तो मैं इनकी हत्या करने को मजबूर रहूंगा। उसने यह भी लिखा था कि किसान आन्दोलन पर गोलियां चलाना कायरता और भारत की एकता, अखंडता, लोकतंत्र पर सीधा हमला है । भारत की एकता, अखंडता और लोकतंत्र पर हमला कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। गोलियां मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के आदेश के बिना कभी नहीं चलाईं जाती। उन्होंने लिखा था कि मैं किसान आन्दोलन पर गोलियां चलाना और शुभकरण की हत्या लोकतंत्र की हत्या मानता हूं।

उत्तराखण्ड कांग्रेस महिला अध्यक्ष ने की मल्लिकार्जुन खड़के से मुलाकात

देहरादून, 1 मार्च (देशबन्धु)। धीरे-धीरे लोकसभा चुनाव के रंग में उत्तराखण्ड भी रंगता जा रहा है। कांग्रेस और भाजपा के चुनाव लड़ने के इच्छुक संभावित उम्मीदवार हाईकमान की गणेश परिक्रमा करने में लगे है। इसी कड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को कांग्रेस पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक दिल्ली में होने जा रही है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पूरी करने में जुट गया है। माना जा रहा है कि शनिवार को होने जा रही कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों के नाम फाइनल हो सकते हैं। प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कब होगी, यह कहना अभी मुश्किल है। लेकिन नाम फाइनल होने से पहले उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने बीते रोज दिल्ली में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि ज्योति रौतेला ने पौड़ी लोकसभा सीट से अपनी दावेदारी जताई है। हालांकि ज्योति रौतेला ने मुलाकात को लेकर जो ट्वीट किया है उसमें उन्होंने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। ज्योति रौतेला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं को लोकसभा और

विधानसभा चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की पक्षधर रही है। इसलिए उन्होंने भी पौड़ी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के समक्ष अपनी इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती को लेकर महिला कांग्रेस लगातार प्रदेश भर में नारी न्याय सम्मेलन आयोजित कर रही है। सम्मेलनों के माध्यम से महिला कांग्रेस गांव-गांव जाकर महिलाओं से मिल रही है। उनके अधिकारों की बात करने के साथ ही उनकी समस्याओं को पूछा जा रहा है। ज्योति रौतेला का कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर शीर्ष नेतृत्व की ओर से इंटरनल सर्वे किया जा रहा है।

भू-वैज्ञानिकों की टीम ने किया मनसा देवी पैदल मार्ग का निरीक्षण

हरिद्वार, 1 मार्च (देशबन्धु)। जनपद की मनसा देवी मंदिर की पहाड़ी पर भूस्खलन रोकने के लिए भू-वैज्ञानिकों की टीम ने एक बार फिर स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम के निर्देश पर सिंचाई विभाग,आईआईटी रुड़की से आए प्रोफेसर और यूएलएमएमसी के अधिकारियों ने मनसा देवी पैदल मार्ग पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार मनसा देवी मंदिर पर हर साल बरसात के सीजन में भूस्खलन होता है। जिससे हरकी पैड़ी क्षेत्र खतरे की जद में आ गया है। पिछले साल डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने

पहाड़ी का सर्वे कराकर ट्रीटमेंट कराने की बात कही थी। इसको लेकर अब तक कई मीटिंग और निरीक्षण हो चुके हैं, हालांकि ट्रीटमेंट अभी तक शुरू नहीं हुआ है। सिंचाई विभाग ईई मंजू डैनी ने बताया कि पहाड़ का ट्रीटमेंट दो भागों में किया जाएगा। पहले शॉर्ट टर्म कार्यों को पर फोकस किया जाएगा. उसके बाद मेजर कार्यों पर फोकस किया जाएगा। शॉर्ट टर्म कार्यों की अगर बात की जाए तो उसमें चेक डैम पहाड़ का ट्रीटमेंट और पहाड़ पर प्लांटेशन इत्यादि का कार्य किया जाएगा।

मेजर कार्यों की बात की जाए तो पहाड़ से मिट्टी शहर की ओर ना आए इसके लिए पहाड़ पर मिट्टी को रोकना व इसी के साथ पहाड़ की विशेषज्ञों द्वारा दी गई राय पर विचार करके मेजर कार्य किए जाएंगे। पहले चरण में हमारे द्वारा शॉर्ट टर्म कार्य पर फोकस किया जाएगा।

धर्मपुर में भावुक हुए सुखविंदर सिंह सुक्खू, कहा सत्ता के बजाए लोगों की सेवा मेरी प्राथमिकता

शिमला, 1 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश की स्यासी उठापटक के बाद एक बार फिर जनता के बीच गए हैं उन्होंने ने सोलन जिला के कसौली विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान जहां 88.78 करोड़ रुपये की 13 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए वहीं धर्मपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।

कांग्रेस के कुछ विधायकों ने अपना ईमान बेच दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के कुछ विधायकों ने अपना ईमान बेच दिया और पार्टी के विरुद्ध जाकर राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट किया। उन्होंने कहा ''जिन लोगों ने क्रॉस वोट के लिए अनैतिक आचरण अपनाया, पार्टी को धोखा दिया, उन्हें कोई दैवीय ताकत भी नहीं बचा सकती। 28 फरवरी को बजट पारित होना था, लेकिन कुछ विधायकों ने स्पीकर को धमकाया। सीपीआरपीएफ और हरियाणा पुलिस की सुरक्षा में कांग्रेस पार्टी के छह बागी

■ कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के प्रयास

विधायक हेलीकॉप्टर से शिमला पहुंचे, लेकिन बजट पास करवाने के लिए विधानसभा में नहीं बैठे। आज बागी छुपे हुए हैं और परिजन भी उनके लिए परेशान हैं।''

उन्होंने कहा कि आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने बिना किसी मांग के अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जो शायद भाजपा को पसंद नहीं आई। अपने पहले बजट में राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के प्रयास किए, जबकि इस बार दूसरे बजट में आम लोगों के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि न्यूनतम दिहाड़ी बढ़ाकर 400 रुपये की, विधवा महिलाओं के बच्चों की उच्च शिक्षा का खर्च उठाने के लिए राज्य सरकार योजना लाई तथा दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया, लेकिन जब बजट पारित करने की बारी आई तो पार्टी के ही छह विधायकों ने विश्वासघात

किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के तहत आज प्रदेश के 4000 अनाथ बच्चे सम्मान के साथ जीवन जी रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं आपके लिए आया हूं, आपके लिए काम करूंगा और षड़यंत्रों से डरने वाला नहीं। प्रदेश की संपदा को किसी भी कीमत पर लुटने नहीं दूंगा। जो ईमान बेचकर आये हों, वो क्या सेवा करेंगे। धन नहीं, बल्कि जनता ही वर्तमान राज्य सरकार की ताकत है।'' अपने भावुक सम्बोधन में ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष शायद सत्ता के भूखे हैं जबकि मुझे कुर्सी से अधिक जनता की सेवा का मोह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन भर उन्होंने संघर्ष किया, मुसीबतों का डटकर सामना किया है। वर्तमान राज्य सरकार पांच वर्ष का कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि वह राहुल गांधी के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बने हैं और राहुल गांधी ने ही उन्हें गरीबों की ईमानदारी से सेवा करने की राह दिखाई है।

वर्तमान राज्य सरकार आमजन की सरकार

लोकतंत्र संविधान के अनुरूप चलना चाहिए : शांडिल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि लोकतंत्र बलिदानों से मिला है और लोकतंत्र संविधान के अनुरूप चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लालची लोगों ने लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया, जिसका मुंह तोड़ जवाब दिया गया है। उन्होंने कहा कि सुबह का भूला शाम को घर वापिस आ जाए तो उसे भूला नहीं कहते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं राजनीति के लिए नहीं, बल्कि लोगों की सेवा के लिए लाई गई हैं।

भूखे लोगों ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने का प्रयास किया : राम कुमार

मुख्य संसदीय सचिव चौधरी राम कुमार ने कहा कि सत्ता के भूखे लोगों ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ईमानदारी से लोगों की सेवा कर रहे हैं और सरकार पूरे पांच साल तक चलेगी। पिछले 14 माह में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। मुख्यमंत्री ईमानदारी से लोगों के काम करने में विश्वास रखते हैं और वे सभी विधायकों द्वारा बताए गए जनहित के कार्र्यों को प्राथमिकता से पूरा कर रहे हैं।

प्रादेशिकी

डम्पर-बाइक की भिड़ंत में बाइक चालक की मौत

फर्रुखाबाद, 1 मार्च (देशबन्धु)। राजेपुर थाना क्षेत्र में एक डम्पर और बाइक की जोरदार भिड़ंत में बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई और पीछे बैठी बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद थाना क्षेत्र के कुरेबदा का निवासी छत्रपाल उम्र करीब 45 वर्ष एक बाइक से अपनी रिश्तेदार उम्र करीब 10 वर्षीय बालिका आराध्या को फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के याकूतगंज में छोड़ने के लिए जा रहा था। पुलिस के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र में आज शुक्रवार को दोपहर करीब 11:30 बजे यह बाइक सवार अलीगढ़ चौराहे के समीप तेज रफ्तार से गुजर रहा था। तभी इसी समय एक डम्पर की चपेट में आने से बाइक सवार ग्रामीण छत्रपाल व पीछे बैठी बालिका गंभीर रूप से घायल हो गए।

विकास के अवसर प्रदान कर रही सरकार : अरुण

लखनऊ, 1 मार्च (देशबन्धु)। योगी सरकार उत्तर प्रदेश में समाज के हर तबके तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है, जिसका प्रभाव ट्रांसजेंडर कम्युनिटी में भी देखने को मिल रहा है। ट्रांसजेंडर कम्युनिटी के लोगों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और वो अब परंपरागत आय के साधन छोड़कर नए व्यवसाय से जुड़कर प्रदेश की प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं। शुक्रवार को भागीदारी भवन, गोमती नगर लखनऊ के प्रेक्षागृह में आयोजित भारत के प्रथम ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 2024 में ट्रांसजेंडर कम्युनिटी से जुड़े प्रमुख लोगों ने भी इसका उल्लेख किया। इस

- **समाज कल्याण विभाग का प्रथम ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह आयोजित**
- **समाज की मुख्य धारा में आकर प्रदेश की प्रगति में योगदान दे रही ट्रांसजेंडर कम्युनिटी**

अवसर पर ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र और उसके लाभ पर भी चर्चा की गई। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित स्माइल योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ, गरिमा गृह, आयुष्मान प्लस कार्ड, छात्रवृत्ति इत्यादि का लाभ लेने की प्रक्रिया पर भी विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा में लाने के लिए अच्छा काम कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और वो अपने परंपरागत आय के साधन छोड़ कर नए व्यवसाय अपना रहे हैं और समाज और देश की प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं। वहीं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, असीम अरुण ने कहा कि योगी सरकार समाज के हर व्यक्ति को समान रूप से विकास के अवसर प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया है। हमारा प्रयास है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज में सम्मानजनक स्थान मिले एवं समाज की मुख्य धारा में आकर वह अपने एवं देश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान साहित्य, कला एवं संगीत के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा में लाने की आवश्यकता और प्रयासों पर भी परिचर्चा हुई। इसके अलावा कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक, नृत्य नाटिका,रैंप वॉक, भावाभिव्यक्ति द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्हें भी समाज में समान अधिकार है और समाज को बदलने को हम भी अपना योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड सोनम चिश्ती, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण डॉ. हरिओम, निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत, महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि, देविका देवेंद्र एस मंगलामूखी, सदस्य ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के साथ ट्रांसजेंडर समुदाय से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री ने आनंदीबेन पटेल से की शिष्टाचार भेंट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजभवन जाकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की और उनको रोम-रोम में राम पुस्तक भेंट की। समझा जाता है कि इस मुलाकात का एक उद्देश्य निकट भविष्य में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार करना भी है जिसके लिए सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान अक्सर परेशान दिखते हैं। राजभर रह-रहकर बयानबाजी भी करते रहते हैं।

मवाना क्षेत्र में चारों ओर अवैध कालोनियों की भरमार

■ अनिल शर्मा

मवाना, 1 मार्च (देशबन्धु)। मवाना क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों की भरमार हो रही है। नगर के चारों छोर पर बनाई जा रही अवैध कालोनियों में कालोनाइजर आम आदमी को सब्जबाग दिखाकर

- **कई बार प्लॉट खरीदकर फंस जाता है आम आदमी**
- **मोटी कमाई करने के बाद चंपत हो जाते है प्रॉपटी डीलर**

मोटी कमाई करने के बाद चंपत हो जाते हैं। बाद में प्लाट खरीदने वाले आम आदमी अपने को ठगा महसूस करते हैं। मवाना नगर के मेरठ रोड, फलावदा रोड, किला परीक्षतगढ़ रोड, हस्तिनापुर रोड पर अनेक अवैध कालोनियां बन रही है। नैशनल हाइवे से सटा होने के कारण फलावदा व मेरठ रोड पर जमीन की कीमतें उछाला मार रही है। इसी कारण आसपास की प्रॉपर्टी में बूम सा आ गया है।

कालोनाइजर खेती की जमीनों पर दर्जन भर से अधिक आवासीय कॉलोनी काट रहे हैं। उन पर 15 से लेकर 22 हजार रुपये तक प्रति गज प्लॉट काट रहे हैं। प्लॉट की चाह रखने वाले ग्राहकों को लुभाने के लिए कालोनाइजर मेन गेट बनाकर बिजली के पोल लगा देते हैं। साथ ही कॉलोनी को पूरी तरह से विकसित करने का आश्वासन देते रहते हैं। लेकिन सचाई यह है कि कालोनाइजर कॉलोनी के प्लॉट काटकर बेचने के बाद नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। मवाना में कामिल पम्प के पीछे काटी गई कालोनी में कालोनाइजर ने केवल पोल लगा दिए और प्लाट काटकर बेच नो-दो ग्यारह हो गए।

मेडा ने दो दिन पहले की कार्रवाई

मेरठ विकास प्राधिकरण के अफसरों ने दो दिन पहले कार्रवाई कई अवैध रूप से बन रही कालोनियों में विकास कार्यों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। प्राधिकरण के जोनल अधिकारी अर्पित यादव कहते है कि मेरठ विकास प्राधिकरण 2031 महायोजना का विस्तार होने के बाद देहात क्षेत्र भी प्राधिकरण के क्षेत्र में आ गया है। इस क्षेत्र के अंर्तगत मवाना, बहसूमा, हस्तिनापुर, किला परीक्षतगढ़, फलावदा व रामराज कस्बे में चारों ओर अवैध कालोनियां बनायी जा रही है। अब इन पर ही कार्रवाइ करने का फोकस है। अवैध कालोनी नहीं बनेगी तो गरीब लोग नहीं फंस पाएंगे। अवैध कालोनियों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलती रहेगी।

सार संक्षेप

सूरज ने जिले व राज्य का नाम किया रौशन

मेरठ। बुढ़ाना निवासी जनपद मुजफ्फरनगर, सूरज पंवार पुत्र जोगेंद्र पंवार को परीक्षा में सफलता, 99.97 परसेंटाइल हासिल करके देशभर में 13वीं रैंक हासिल की। मेहनत और लगन के साथ परीक्षा की तैयारी की जाए तो सफलता आपके कदमों में होती है हम बात कर रहे हैं मेरठ की चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के छात्र सूरज पंवार की। सूरज ने अपनी मेहनत और लगन से सीएसआईआर नेट जेआरएफ परीक्षा में जिले और राज्य का नाम रोशन किया है।

सीसीएसयू हॉस्टल फेस्ट का हुआ आयोजन

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में 10 दिवसीय सीसीएसयू हॉस्टल फेस्ट 2024 का बृहस्पति भवन सभागार में प्रोफेसर मृदुल कुमार गुप्ता, प्रोफेसर वीरपाल सिंह, प्रोफेसर दिनेश कुमार, प्रोफेसर विजय जायसवाल, प्रोफेसर अजय विजय कौर , डॉ. सुदेष्णा, डॉक्टर विवेक कुमार त्यागी, डॉ. सरु कुमारी ने सरस्वती मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर मृदुल कुमार गुप्ता व मुख्य अतिथि प्रोफेसर बीरपाल सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास होता है। फेस्ट 2024 के अंतर्गत प्रतिदिन किसी एक छात्रावास के तत्वाधान में तथा वहां के छात्रवास प्रशासन व इवेंट कोऑर्डिनेटरों की देखरेख में किसी न किसी एकेडमिक अथवा क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।

महंगाई, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी के खिलाफ दिया धरना

फर्रुखाबाद। आवास विकास स्थिति समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा बेतहाशा महंगाई के खिलाफ, बेरोजगारी के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ, सरकारी संसाधनों के निजीकरण के खिलाफ, डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान में दिए गए आरक्षण को खत्म करने की साजिश के विरोध में सपा मजदूर सभा की ओर से एक दिवसीय भूख हड़ताल रखी गई। इस अवसर पर मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने कहा कि आज जिस प्रकार भाजपा तानाशाही रवैया अपना कर देश के संसाधनों का व देश की सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

मवाना के व्यापारियों ने प्रदूषण का मुद्दा उठाया

मवाना, 1 मार्च (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आयोजित हुई, जिसमें मवाना नगर के अनेक व्यापारी शामिल हुए। मवाना के व्यापारियों ने मवाना मिल से क्षेत्र में हो रहे प्रदूषण का मुद्दा उठाया। मवाना से संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन मवाना के अध्यक्ष शैवाल दुबलिश ने बताया कि मवाना नगरवासी मवाना शुगर मिल की चिमनी से निकलने वाले काली छाई से बेहद परेशान है। उप जिलाधिकारी मवाना को भी इससे संबंधित ज्ञापन दिया जा चुका है और तहसील दिवस पर भी दो बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं मिला, जिसके कारण इस विषय को व्यापार बंधु की बैठक में उठाना पड़ रहा है। इस पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश कुमार सिंह ने प्रदूषण नियंत्रण विभाग से उपस्थित अधिकारी को जनता के हित में मवाना शुगर मिल की चिमनी से निकलने वाली राख की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए। शैवाल दुबलिश ने बताया कि प्रदूषण विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। नगर से जारी किला परीक्षतगढ़ रोड से गुजरने वाले अनेक गांवों के ग्रामीण परेशान रहते है।

व्यापार बंधु की बैठक में शामिल हुए व्यापारी

सीसीएस विवि में संगोष्ठी आयोजित

मेरठ, 1 मार्च (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में इतिहास विभाग एवं भारतीय इतिहास संकलन समिति मेरठ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली के अंतर्गत पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र (मेरठ , उत्तराखंड एवं ब्रज प्रांत) का क्षेत्रीय अधिवेशन एवं इस अवसर पर एकदिवसीय संगोष्ठी इतिहास लेखन की समस्याएं विविध आयाम विषय पर आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के माननीय राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ बालमुकुंद पांडे एवं राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री श्रीमान संजय मिश्र का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। ब्रज प्रांत , उत्तराखंड प्रांत एवं मेरठ प्रांत के इतिहास संकलन समिति से जुड़े वरिष्ठ एवं प्रमुख इतिहासकार उपस्थित रहेंगे।

शोभित विश्वविद्यालय ने लावड़ में लगाया स्वास्थ्य शिविर

मोदीपुरम, 1 मार्च (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय ने लावड़ में स्वास्थ्य कैंप लगाया। स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग एंड लाइफ साइंसेज एवम कुंवर शेखर विजेंद्र आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवम रिसर्च सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन सैनी ने किया। इस कैंप में कुंवर शेखर विजेंद्र आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज गंगोह की डॉ. शगुफ्ता मल्होत्रा के नेतृत्व में डॉक्टरों ने ब्लड प्रेशर, ईसीजी, मधुमेह, फेफड़ों, प्लांटर प्रेशर, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की।साथ ही विशाखा द्वारा नगर के लोगो को दूध में मिलावट की जांच के बारे में बताया गया एवं जांच करके भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम में सभासद यादराम, पिंटू, मनोहर सैनी, और अंकित कौशिक ने भी विशेष सहयोग दिया। मौके पर महलका एजुकेशन सेन्टर से सहजाद नसीर, तुषार टोंक, निशु राजवंशी आदि मौजूद रहे।

समूह सखी एम-4 का आवासीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

मेरठ, 1 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन, मेरठ और नाफेड संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में समूह सखी एम-4 का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। जिला प्रशिक्षक आजीविका मिशन इटावा लोकेन्द्र मिश्रा व कामिनी प्रिया द्विवेदी ने प्रथक-पृथक अपने बैच में माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर एम-4 प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। बीएमएम विजय व धर्मेंद्र ने इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबी व बेरोजगारी व्यक्ति को अक्षम बनाती है। समूह एवं समूह के द्वारा प्रदत रोजगार से महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से मानसिक मजबूती, वित्तीय लेनदेन एवं वित्तीय सदुपयोग के लिए उनको तैयार किया जा रहा है। इससे इनकी विपनता मूल रूप से खत्म हो सकेंगी। जिला प्रशिक्षक आजीविका मिशन इटनव लोकेन्द्र मिश्रा ने सर्वप्रथम सभी का परिचय लिया,प्रशिक्षण के नियम लिखवाए तथा प्रशिक्षण से सभी समूह सखियों की अपेक्षाएं जानी,पूर्व के प्रशिक्षण का ज्ञान प्रशन उत्तर विधि से जाना तदुपरांत सभी को ग्राम संगठन की अवधारणा एवं ग्राम संगठन की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक सभी समूह सखी दीदियों को समझाया। प्रशिक्षक कामिनी प्रिया द्विवेदी ने सभी दीदियों से कहा की यह आपका अंतिम प्रशिक्षण है।इस प्रशिक्षण में आप अत्यथिक गम्भीर रहें तथा अपनी समस्त जिज्ञासाओं का समाधान लेकर ही घर जावें तथा आप सभी विषयों का सतत अभ्यास करें। नाफेड कॉर्डिनेटर रोहित कुमार ने सभी समूह सखी दीदियों को पठन पाठन व लेखन सामिग्री वितरित की।

वाणी से मनुष्य प्राप्त कर सकता है उच्च उपलब्धि

मवाना/हस्तिनापुर,1 मार्च (देशबन्धु)। जैन धर्म नगर स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिये आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के 13वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। शुक्रवार को भंगवतों का स्वर्ण कलश अभिषेक विपिन कुमार जैन शान्तिधारा सुभाष जैन दुष्यंत और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन सुनीता जैन के द्वारा किया गया। तदोपरांत बा.ब्र. सुनीता दीदी ने विश्व के सभी जीव सुखी रहें ऐसी मंगल भावना के साथ शान्तिधारा का उच्चारण किया। तीर्थंकर भगवान हमें यही शिक्षा देते हैं कि जीवन में शांति, सुख पाना है तो अपने आप को संसार की परवस्तुओं से हटकर स्वातत्व की और आना होगा एवं मन, वचन, काय पर वहीं महान पुरूष विजय प्राप्त कर सकता है।

केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, मेरठ

केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, (CBRSETI) (मेरठ) द्वारा संविदा के आधार पर अधो. लिखित पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। आवेदक की उम्र 22 से 40 वर्ष होनी चाहिए आवेदक का अंग्रेजी व हिन्दी बोलने तथा टाईपिंग में निपुण होना आवश्यक है तथा स्थानीय भाषा में निपुणता होनी चाहिए। उत्कृष्ट संचार कौशल वाले अभ्यार्थी को वरीयता दी जायेगी। भर्ती लिखित, कौशल परीक्षा तथा साक्षात्कार एवं निर्धारित पात्रता के अनुसार होगी।

क०स०	पद का नाम	पद की संख्या	वेतन	शैक्षिक योग्यता	कम्प्यूटर ज्ञान
1	कार्यालय सहायक	02	संस्थान के वर्तमान HR पॉलिसी के अनुसार	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से स्नातक में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।	एम०एस० ऑफिस (वर्ड एक्सेल) और इन्टरनेट संचालन में निपुणता के साथ एकाउन्टटिंग बुनियादी ज्ञान होना आवश्यक है।

नोटः–
01. आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी अपना सम्पूर्ण बायोडाटा (सभी प्रमाण पत्र छायाप्रति सहित) पद का नाम जिसके लिए आवेदन करना चाहते है आदि फोटो सहित अपना आवेदन सामान्य अथवा पंजीकृत डाक द्वारा निदेशक, केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, 140/2 द्वितीय तल केनरा बैंक भवन, भवानी पुरम जेल चुंगी यूनिवर्सिटी रोड, मेरठ पिन 25002 उ0प्र0 को प्रेषित करे। जोकि 16–03–2024 तक अवश्य पहुँच जाना चाहिए। इसके बाद प्राप्त आवेदनो पर विचार नहीं किया जायेगा।
02. आरंभिक नियुक्ति संविदा (अनुबंध) के आधार पर 03 वर्ष की अवधि के लिए इस प्रावधान के साथ होगी कि अभ्यार्थी का कार्य संतोषजनक होने पर ही आगे 3 वर्षों के लिए उसके अनुबंध का पुर्ननवीनीकरण किया जा सकेगा।
03. योग्य एवं समान क्षेत्र में अनुबन्ध रखने वाले उम्मीदवार को उम्र में अधिकतम 05 वर्ष तक छूट की अनुमति दी जा सकती है।

निदेशक

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी–रजपुरा (मेरठ)

पत्रांकः 4790/टेन्डर नोटिस/23–24 दिनॉक 1–03–2024

–ःअति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचनाः–

एतद्द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदया उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र विकास निधि, योजना से निम्न कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता दिनॉक 02–03–2024 से दिनॉक 07–03–2024 तक प्रातः 10.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से खाता संख्या प्राप्त कर खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के खाते में निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कराकर निविदा क्रय कर सकते हैं तथा दिनॉक 07–03–2024 अपराहन 2.00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र के साथ फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र, श्रम कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन नं0, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नं0, शपथ पत्र, क्रास चैक संलग्न करना अनिवार्य है। निविदादाता द्वारा 02 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के नाम बन्धक कराकर देनी होगी। शेष 8 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा स्वीकृति के समय एफ डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के नाम बन्धक कराकर जमा करनी होगी अन्यथा भुगतान के समय कटौती कर ली जाएगी। निविदा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष दिनॉक 07–03–2024 को अपराह्न 3–00 बजे खोली जायेगी। निविदा की अन्य शर्ते निविदा के साथ दी जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित है।

क्र0 सं0	मद	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत लाख रू0	2 प्रति0 धरोहर राशि रू0	निविदा प्रपत्र मूल्य 18 प्रति0 जी0एस0टी0 स्टेशनरी चार्जेज कुल मूल्य रू0	कार्य की अवधि
01	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम सिसौली में संजय प्रधान के घर से इकबाल के घर तक सी0सी0रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	990000–00	19800–00	300+54+500=854	तीन माह
02	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम जिठौली में मुख्य मार्ग से कृपाल सिंह प्रधान जी के मकान तक सी0सी0रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	990000–00	19800–00	300+54+500=854	तीन माह
03	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम छिलौरा में सुरेन्द्र सिंह के घर से औरंगाबाद मार्ग तक सी0सी0रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	990000–00	19800–00	300+54+500=854	तीन माह
04	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम पचगॉव पट्टी सांवल में अंत्येष्टि स्थल की दीवार का शेष भाग गेट सी0सी0 रोड बंच एवं सोलर लाईट आदि का कार्य	990000–00	19800–00	300+54+500=854	तीन माह
05	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम भावनपुर में मुख्य मार्ग से विकास जाटव के मकान तक सी0सी0 रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	980000–00	19600–00	300+54+500=854	तीन माह
06	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम उल्देपुर में देवेन्द्र चौहान के खेत से माता के मंदिर तक सी0सी0 रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	990000–00	19800–00	300+54+500=854	तीन माह
07	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम इंचौली में खायला तालाब एवं कब्रिस्तान के मध्य तिरंगा चौक तक सी0सी0 रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	980000–00	19600–00	300+54+500=854	तीन माह
08	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम कस्तला में रजनीश के मकान से विकलेश के मकान तक सी0सी0 रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	300000–00	6000–00	225+41+500=766	तीन माह
09	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम कस्तला में अलाउद्दीन के मकान से माता क मंदिर तक सी0सी0 रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	300000–00	6000–00	225+41+500=766	तीन माह
10	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम पंचगांव पट्टी सावंल में मुख्य मार्ग से राजवीर सिंह के मकान तक सी0सी0 रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	400000–00	8000–00	225+41+500=766	तीन माह
11	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम स्याल में बालक राम के घर से जतन के घर तक सी0सी0 रोड अथवा इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य	990000–00	19800–00	300+54+500=854	तीन माह
12	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम मामेपुर में पंचायत भवन की बाउंड्री वाल का कार्य	200000–00	4000–00	225+41+500=766	तीन माह
13	15वॉ वि0/पं0वि0	विकास खण्ड रजपुरा के कार्यालय के सामने क्षेत्र पंचायत की भूमि पर मिट्टी भराव का कार्य	350000–00	7000–00	225+41+500=766	तीन माह
14	15वॉ वि0/पं0वि0	ग्राम सिसौली में गढ़ रोड ओम धर्म कांटे से किशोरी मास्टर के घर की ओर जाने वाले रास्ते के षेश का इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य	600000–00	12000–00	300+54+500=854	तीन माह

खण्ड विकास अधिकारी
रजपुरा (मेरठ)।

दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 2 मार्च, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

फिल्म 'लुका छुपी' ने उन्हें नई पहचान दी : कार्तिक आर्यन

मुंबई। कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म 'लुका छुपी' ने अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं। इसे लेकर एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उनकी यह फिल्म 2018 में उनकी ब्लॉकबस्टर सोनू के टीटू की स्वीटी के बाद रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उन्हें पहचान दी। पोस्ट में कार्तिक ने लुका छुपी का एक सीन शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि फिल्म लुका छुपी ने अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी के ठीक बाद रिलीज हुई, इसने मुझे पहचान दी। लुका छुपी की पूरी टीम और दर्शकों का धन्यवाद। फिल्म में एक्ट्रेस कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी कार्तिक के किरदार गुड्डू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक रिपोर्टर है।

वैज्ञानिकों ने अध्ययन में किया खुलासा

धूम्रपान छोड़ने वाले लोग धूम्रपान न करने वालों के समान जीते हैं जीवन

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि 40 साल की उम्र से पहले धूम्रपान छोड़ने वाले लोग, धूम्रपान न करने वालों के ही समान ही जीवन जीते हैं।

एनईजेएम एविडेंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि जो लोग किसी भी उम्र में धूम्रपान छोड़ देते हैं वह धूम्रपान न करने वाले व्यक्ति जितना ही जीवन जीने के करीब होते हैं। इसका लाभ उस व्यक्ति को केवल तीन वर्षों के भीतर मिल जाता है।

टोरंटो विश्वविद्यालय के दल्ला लाना स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर प्रभात झा ने कहा कि धूम्रपान छोड़ना मौत के जोखिम को कम करने में प्रभावी है, और लोग इसका लाभ बहुत जल्दी पा सकते हैं।

इस अध्ययन में चार देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और नॉर्वे) के 1.5 मिलियन वयस्कों को शामिल किया गया, जिन पर 15 वर्षों तक नजर रखी गई। 40 से 79 वर्ष की आयु के बीच धूम्रपान करने वालों में उन लोगों की तुलना में मरने का लगभग तीन गुना जोखिम था, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया, जिसका अर्थ है कि उन्होंने औसतन 12 से 13 साल का जीवन खो दिया।

शोधकर्ताओं ने पाया कि पूर्व में धूम्रपान छोड़ने वालों में धूम्रपान न करने वालों की तुलना में मृत्यु का जोखिम 1.3 गुना (या 30 प्रतिशत अधिक) कम हो गया।

अध्ययन में कहा गया है, 'किसी भी उम्र में धूम्रपान छोड़ना लंबे समय तक जीवित रहने से जुड़ा था, और यहां तक कि जिन लोगों ने तीन साल से कम समय के लिए धूम्रपान छोड़ा, उनकी जीवन छह साल तक बढ़ गया।'

झा के अनुसार, खासकर अधेड़ उम्र में बहुत से लोग सोचते हैं कि धूम्रपान छोड़ने में बहुत देर हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि लेकिन ये परिणाम उस विचारधारा के विपरीत हैं। अभी भी बहुत देर नहीं हुई है। आप बड़ी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं, जिसका अर्थ है आपने जीवन लंबा और बेहतर जिया।

इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि धूम्रपान छोड़ने से विशेष रूप से वैस्कुलर डिजीज और कैंसर से मरने का खतरा कम हो जाता है। धूम्रपान छोड़ने वालों में श्वसन रोग से मृत्यु का जोखिम भी कम हो जाता है।

103 साल की उम्र में हर्निया का सफल ऑपरेशन

■ इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ ■ बीस वर्षों के लंबे समय से हर्निया की थी समस्या

जयपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित इटर्नल हॉस्पिटल ने एक 103 वर्षीय व्यक्ति के हर्निया का सफल ऑपरेशन करने की उपलब्धि हासिल की जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की अथॉरिटी ने शुक्रवार को इस केस को सफलतापूर्वक करने वाले अस्पताल के सीनियर जनरल सर्जन डॉ. डी एस मलिक और उनकी टीम को रिकॉर्ड दर्ज करने का प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चिकित्सकों और रिकॉर्ड टीम ने 103 साल की उम्र के व्यक्ति के हर्निया का सफल ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सबसे उम्रदराज तुलसीराम शर्मा का यह सफल ऑपरेशन किया गया है। इस अवसर पर डॉ. डी एस मलिक ने बताया कि मरीज को करीब पिछले बीस वर्षों के लंबे समय से हर्निया की समस्या थी लेकिन उम्र ज्यादा होने और अन्य समस्याओं के कारण वह सर्जरी नहीं करवा रहे थे। कुछ समय पहले से उनकी तकलीफ इतनी बढ़ गई कि चलते वक्त भी उन्हें हर्निया को हाथ से सपोर्ट देना पड़ता था। ऐसे में उन्होंने सर्जरी कराने का निर्णय लिया। इस हाई रिस्क सर्जरी में सीनियर एनेस्थेटिस्ट डॉ. मोना बाना एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। ऑपरेशन के दूसरे दिन ही उन्होंने चलना फिरना शुरू कर दिया और तीसरे दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

इस मौके पर इटर्नल हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा और सीईओ डॉ. प्राचीश प्रकाश ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ सर्जरी की जटिलताएं भी बढ़ती जाती हैं लेकिन हमारे अनुभवी चिकित्सक, टीम वर्क, विश्वस्तरीय मल्टी स्पेशियल्टी बैकअप एवं मरीज की हिम्मत का नतीजा है कि 103 साल की उम्र में भी हर्निया का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इसका रिकॉर्ड बुक में दर्ज होना हम सभी के लिए गौरव की बात है।

देवोलीना के दोस्त की अमेरिका में गोली मारकर हत्या, शव वापस लाने के लिए पीएम से गुहार

मुंबई, 1 मार्च (एजेंसियां)। लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपने दोस्त और डांसर अमरनाथ घोष के शव को अमेरिका से वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मदद मांगी है। अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

'साथ निभाना साथिया' और 'दिल दियां गल्लां' की अभिनेत्री ने शुक्रवार को एक्स पर कोलकाता के अपने दोस्त के बारे में एक लंबा नोट लिखा। दोस्त की मंगलवार शाम को अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

मेरे दोस्त अमरनाथ घोष की मंगलवार शाम को अमेरिका के सेंट लुइस अकादमी के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वह परिवार में अकेला था। उसकी मां की तीन साल पहले मौत हो गई थी, पिता का बचपन में ही निधन हो गया था। खैर, आरोपियों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। उसके कुछ दोस्तों के अलावा उसके परिवार में कोई नहीं है। वह कोलकाता से था।

अपने दोस्त के बारे में आगे देवोलीना ने लिखा कि वह बेहतरीन डांसर था, पीएचडी कर रहा था। शाम की सैर करने निकला था कि अचानक एक अज्ञात शख्स ने उसे गोली मार दी। उन्होंने अपनी अपील के साथ नोट को समाप्त किया कि अमेरिका में कुछ दोस्त शव लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसके बारे में कोई अपडेट नहीं है। भारतीय दूतावास, कृपया इसे देखें। कम से कम हमें उसकी हत्या का कारण पता होना चाहिए। इस साल शुरू हुए हमलों की एक श्रृंखला से पूरे अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा पर ध्यान गया है। पिछले कुछ महीनों में कम से कम पांच की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई है।

एक्शन सीरीज में पुलिस अधिकारी के किरदार में दिखाई देंगे गुलशन देवैया

मुंबई, 1 मार्च (एजेंसियां)। एक्टर गुलशन देवैया जल्द ही एक एक्शन सीरीज में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। उन्होंने अपने किरदार की तैयारियों के बारे में खुलकर बात की। किरदार के बारे में बात करते हुए गुलशन ने कहा कि हम 8 एपिसोड की सीरीज पर काम कर रहे हैं। इसका अनुभव बेहद मजेदार और दर्दनाक दोनों तरह का रहा है।

अभिनेता ने एक्शन दृश्यों और स्टंट की शूटिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि एक्शन सीक्वेंस और स्टंट करना कठिन था, लेकिन असली कठिन काम दौड़ना था। इस सीरीज का निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है और इसमें अनुराग कश्यप भी हैं। इसमें रवि वर्मा द्वारा कोरियोग्राफ किए गए एक्शन सीक्वेंस हैं।

आगामी एक्शन सीरीज के दृश्यों के लिए गुलशन को लंबी दूरी तक दौड़ लगानी पड़ी।

गुलशन ने कहा कि हमारे निर्देशक आदित्य और एक्शन निर्देशक रवि वर्मा ने ऐसे दृश्यों को डिजाइन किया था, जिसमें मुझे 200 मीटर से भी अधिक दौड़ना पड़ता था। कई बार तो इसमें कई टेक लिए जाते थे। गुलशन ने कहा कि केबल स्टंट रिहर्सल के दौरान मेरा टखना मुड़ गया था, यह मेरे लिए एक वास्तविक संघर्ष था।

स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की याद दिलाती है सारा अली खान की 'ऐ वतन मेरे वतन'

मुंबई, 1 मार्च (एजेंसियां)। सारा अली खान अभिनीत फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' का टीजर कुछ अलग तरीके से लॉन्च किया गया। प्राइम वीडियो के साथ करण जौहर ने इस फिल्म की कहानी बताते हुए इसे सामने लाया। फिल्म में एक्ट्रेस 22 साल की उषा का किरदार निभाती नजर आएंगी। जिन्होंने 'क्विट इंडिया मूवमेंट' में एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाकर देश के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा दिखाई थी।

टीजर एक मिनट 32 सेकंड का है। करण जौहर एक पुराने संग्रहालय में खड़े नजर आ रहे हैं जहां एक बोर्ड भी दिखाई दे रहा है जिस पर 'ऐ वतन मेरे वतन' लिखा हुआ है। टीजर में एक पुराने रेडियो रिसीवर को भी देखा जा सकता है। वीडियो में निर्देशक-निर्माता को यह कहते हुए दिखाया गया है, 1942 में अंग्रेज 'क्विट इंडिया मूवमेंट' को बेरहमी से कुचल रहे थे। लेकिन फिर आईं उषा, 22 साल की उम्र में उषा ने हमारी जंग में एक नई जान भरी,अंग्रेजों को चकमा देते हुए अपनी जान पर खेलकर एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाया। 'ऐ वतन मेरे वतन' में मिलिए उषा से जिनके रेडियो ने अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया था। उषा की कहानी मुझे हमारे कई युवा, गुमनाम नायकों की याद दिलाती है।

नींद की भी मानीटरिंग करेगी ऑनर की चॉइस वॉच

लखनऊ, 1 मार्च (एजेंसियां)। ऑनर ने बेहतरीन फीचर के साथ अपनी एआईओटी डिवाइसेज में नई स्मार्टवॉच ऑनर चॉइस वॉच पेश की है। ब्लैक और व्हाइट कलर वैरिएंट्स में लॉन्च की गई इस घड़ी का मूल्य 6,499 रुपए है, जो 500 रुपए के इंट्रोडक्टरी डिस्काउंट के साथ केवल 5,999 रुपए में खरीदी जा सकती है। वॉच की बिक्री चार मार्च से ब्रांड की वेबसाइट और अमेजन.इन पर शुरु होगी। ऑनर चॉइस वॉच ऑनर हेल्थ ऐप की मदद से स्मार्टफोन से आसानी से कनेक्ट हो जाती है। यह ऐप स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें एक ऑल-डे स्ट्रेस मॉनिटरिंग फंक्शन है, जो विभिन्न अंतरालों पर लगातार हार्ट रेट के संकेतों को एकत्र करके तनाव का स्तर माप लेता है।

HIRING !
GLORIOUS PUBLIC SCHOOL
JEWAR (G.B. Nagar)
We are looking to hire a Special Educator (B.Ed) & 1 Peon is also required
Interested may Contact 8954395993

रोहिणी फेडरेशन ऑफ़ कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी ने स्वच्छता कर्मचारियों को किया सम्मानित

नई दिल्ली 1 मार्च (एजेंसियां)। अग्रवाल भवन प्रशांत विहार मे रोहिणी फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी ने रोहिणी के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि रोहिणी ज़ोन की उपायुक्त निधि मलिक (आईएएस) रही वहीं सहायक आयुक्त रोहिणी ज़ोन नवीन जी व ज़ोन के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहें। फेडरेशन के पदाधिकारीयों मे आर्य मुनी (प्रधान), डॉ. एस एल सागर (महासचिव), संरक्षक राजीव राणा व ओ पी मल्होत्रा, उपाध्यक्ष मे हर्ष जिंदगर, ज्योति शर्मा, राम नैय्यर, प्रदीप हंस, राजेंद्र शर्मा, सतीश सागर, कोषाध्यक्ष नेपाल सिंह, एवं फेडरेशन के अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें. सम्मान के क्रम मे स्वच्छता कर्मचारियों के साथ ही फेडरेशन के अंतर्गत 11 सोसाइटी को जीरो वेस्ट मेनेजमेंट के लिए सम्मानित किया गया। रोहिणी के कुछ वरिय नागरिक के साथ ही नारी वैद् डॉ. तारा चंद शर्मा को भी सम्मानित किया गया। फेडरेशन के अंतर्गत सभी सोसाइटी के स्वच्छता कर्मचारी को भी सम्मानित किया गया। उपायुक्त रोहिणी ज़ोन निधि मलिक ने फेडरेशन के इस कार्य की जमकर सराहना कि और कहा की इससे कर्मचारियों का हौंसला बढ़ता है. वहीं फेडरेशन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त का धन्यवाद किया और कहा की फेडरेशन समाजहित के कार्यो मे हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

ऑर्किड्स स्कूल, गुरुग्राम ने नमो एनजीओ के सहयोग में ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर एक वर्कशॉप की

गुरुग्राम 1 मार्च (एजेंसियां)। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने नमो एनजीओ के साथ मिलकर ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर आयोजित एक वर्कशॉप में भाग लिया। नमो एक प्रमुख एनजीओ है, जो पर्यावरण की स्थिरता के लिये समर्पित है। इस वर्कशॉप का लक्ष्य इलेक्ट्रॉनिक कचरे की ज्वलंत समस्या और पर्यावरण को उससे होने वाले नुकसान पर जागरूकता बढ़ाना था। इस वर्कशॉप की मदद से ऑर्चिड द इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को सीखने का एक बेजोड़ अनुभव मिला है। नमो एनजीओ के प्रतिनिधियों ने ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को ई-वेस्ट से होने वाले खतरों पर

जानकारी दी। सत्र में विद्यार्थियों को कचरे के दूसरे प्रकारों से ई-वेस्ट को अलग करने की जरूरत भी बताई गई और उसके अलग निपटान का महत्व समझाया गया। इसके अलावा, विद्यार्थियों को गीले और सूखे कचरे के डिब्बों के साथ-साथ ई-वेस्ट के लिये कूड़ेदान रखने का निर्देश दिया गया। एनजीओ ने एक विस्तृत प्रस्तुति भी दी, जिसमें ई-वेस्ट को रिसाइकल करने की प्रक्रिया पर रोशनी डाली गई। ई-वेस्ट के पर्यावरण पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों को कम करने के लिये अपनाने के योग्य संवहनीय पद्धतियों के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा, विद्यार्थियों को ई-वेस्ट इकट्ठा करने और उसके सही निपटान के लिये कॉमन सर्विस सेंटरों के इस्तेमाल का तरीके के बारे में जानकारी दी गई। इसमें विभिन्न प्रकारों के ई-वेस्ट को छांटना और उन्हें मैनेज करना आसान बनाने में नमो जैसे एनजीओ की भूमिका पर जोर दिया गया। इस अवसर पर ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल विभा गुप्ता ने कहा, ई-वेस्ट के सही मैनेजमेंट पर जागरूकता बढ़ाकर हम अगली पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिये सशक्त कर रहे हैं।

Venkateshwara WORLD SCHOOL
VENKATESHWARA WORLD SCHOOL
A Senior Secondary School Affiliated to CBSE New Delhi
(Pre Nur–XII) Affiliation Number-2133484
ADMISSION OPEN
Pre Nur–IX, XI 2024-25
Science, Commerce & Humanities
Special Features:
• Focus on Foreign Language Japanese & Spanish.
• Curriculum Based on New Education Policy.
• Skill Based Education.
• Happy School
• Experiential Learning
• Day Boarding
• Inclusion School.
Transport Available
Individual attention & Regular monitoring of Weak / Special needs / Academically low esteemed children.
Main Wing-1: Destination : NH-58, Delhi Roorkee By Pass, Meerut (U.P.)
Wing-2: 208-A, Saket Opposite LIC Building, Meerut
Wing-3: Defence Enclave, Pocket-B, Kankerkhera, Meerut
principalvenkateshwara75@gmail.com
vwsmeerut.in | venkateshwaraworldschool
7055009632 / 7055009633 / 8859500758 / 7055009643

युवा न्यूरो सर्जन टीम भावना और हमेशा सीखते हुए करे काम

जयपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। विश्व न्यूरोट्रोमा सोसायटी के अध्यक्ष डा. एंड्रू रेसनर सहित देश और दुनिया के अनेक बड़े न्यूरो सर्जन्स ने कहा है कि न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में आ रहे युवा चिकित्सकों को टीम भावना के साथ काम करने और नया सीखने की ललक हर कदम पर बनाए रखना चाहिए।

तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिसेंट एडवांसेज इन न्यूरो ट्रोमेटोलॉजी (इकरान-2024) के पहले दिन आज यहां आयोजित विशेषज्ञों से मुलाकात सत्र में इन विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन ने अपने कामयाब जीवन के अनुभव साझा करते हुए यह सलाह दी। उन्होंने कहा कि रोगी को अपना सर्वोत्तम देने वाले न्यूरो सर्जन का यह पहला और महत्वपूर्ण लक्षण है कि वह अपने और अपने पेशे के प्रति सदैव मेहनती और ईमानदार रहे।

इन चिकित्सकों ने कहा कि आपस में आगे बढ़ने की होड़ करने के बजाय टीम भावना से काम करना और सर्जरी के बाद अच्छी न्यूरो पुनर्वास सेवाएं देना पेशे और रोगी, दोनों के हित में रहता है। डॉ. वी एस मेहता ने युवाओं को सर्वोत्तम बनने की सलाह दी। फिलीपीन्स के डॉ. लिन लुसीना ने अपने देश में न्यूरोट्रोमा सोसायटी के जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी।

डॉ. के श्रीधर ने अच्छी न्यूरोट्रोमा सेवाएं प्रदान करने में आने वाली परेशानियों का जिक्र किया। डॉ. सुमित सिन्हा ने संभागियों को ट्रोमेटिक ब्रेन सर्जरी को लेकर भारतीय दिशा निर्देशों पर बात की। डॉ. अनीता हाड़ा ने भी अपने विचार रखे। आज चर्चाओं की शुरूआत पांच दशक के दौरान हेड इंज्यूरी के क्षेत्र में चोट और इलाज में आए परिवर्तनों से हुई। इससे पहले अंगदान और सड़क सुरक्षा को लेकर एक वॉकथान आयोजित की गई जिसको जयपुर के पुलिस कमिश्नर बीजू जोसफ जॉर्ज के साथ न्यूरो ट्रोमेटोलॉजी सोसायटी के अध्यक्ष एंड्रू रेसनर और एशियन ऑस्ट्रेलियन सोसायटी ऑफ न्यूरोसर्जन के अध्यक्ष डॉ. के ड्रमंड ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पद्मश्री डॉ. माया टंडन के नेतृत्व में 200 स्कूली बच्चे इसमें शामिल हुए।

'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' में कॉमेडी का तड़का लगाएएंगे हास्य कलाकार

मुंबई, 1 मार्च (एजेंसियां)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' में हास्य कलाकार कॉमेडी का तड़का लगाते नजर आएंगे।

कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 9 मार्च से रात 9:30 बजे शुरू हो रहा है। इस शो में परितोष त्रिपाठी, स्नेहिल दीक्षित मेहरा, गौरव दुबे, केतन सिंह, अंकिता श्रीवास्तव, कुशाल बद्रीके, इंदर साहनी, और हेमांगी कवि जैसे हास्य कलाकार नजर आएंगे। हर हास्य कलाकार को हुमा कुरेशी द्वारा मजेदार चुनौतियां और कार्य दिए जाएंगे। शो में शामिल होने के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, परितोष त्रिपाठी ने कहा कि मैं 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं क्योंकि मैं इसे अपने और अपने साथी हास्य कलाकारों के लिए हमारी विविध प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और व्यक्तिगत स्तर पर दर्शकों से जुड़ने का एक अविश्वसनीय अवसर मानता हूं।

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

एल एंड टी	2.36 प्रतिशत
पॉवरग्रिड	1.97 प्रतिशत
हिंदुस्तान यूनिलीवर	0.38 प्रतिशत
एचडीएफ़सी बैंक	0.10 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.08 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

एशियन पेंट	3.90 प्रतिशत
टाटा स्टील	1.99 प्रतिशत
टाइटन	1.95 प्रतिशत
टेक महिंद्रा	1.82 प्रतिशत
भारतीय एयरटेल	1.46 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2750-2850
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	3590-3690
चीनी एम	4150-4250
मिल डिलीवरी	3470-3570
गुड़	4600-4700

दाल-दलहन

चना	5500-5600
दाल चना	6500-6600
मसूर काली	7350-7450
उड़द दाल	10000-10100
मूंग दाल	9550-9650
अरहर दाल	12500-12600

भारत बनेगा सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केंद्र : वैष्णव

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मोदी सरकार द्वारा देश में सेमीकंडक्टर निर्माण की दिशा में दी जा रही गति का उल्लेख करते हुये आज कहा कि भारत सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनने ही राह पर आगे बढ़ रहा है।



श्री वैष्णव ने यहां पत्रकारों से कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देश में सेमीकंडक्टर के निर्माण के लिए ईकोसिस्टम बनाने का शुरू कर दिया था क्योंकि सेमीकंडक्टर बनाने में 16 हजार तरह के रसायन और विभिन्न उत्पाद लगते हैं। इसके लिए पूरा तंत्र बनाना होता है और यह वैश्विक उत्पाद है क्योंकि कोई भी देश इसको अपने बूते पर पूरी तरह से नहीं बना सकता है। इसमें रसायन के साथ ही गैस का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश के 104 विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी कर छात्रों को सेमीकंडक्टर के बारे में बताया जा रहा है और उनको इसके लिए तैयार किया जा रहा है। स्टार्टअप का सहयोग भी लिया जा रहा है और उन्हें भी इसके निर्माण में आगे लाया जा रहा है। अभी भारत में दुनिया का एक तिहाई अर्थात तीन लाख डिजाइन इंजीनियर हैं जो पूरी दुनिया भर की कंपनियों के लिए सेमीकंडक्टर डिजाइन का काम कर रहे हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि देश को सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए 20 वर्षों का रोडमैप तैयार किया गया है क्योंकि इसके निर्माण 16 हजार से अधिक चीजें लगती है जो किसी एक देश में उपलब्ध होना असंभव है। लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से भारत को इस क्षेत्र में प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनाने की रूपरेखा तय की है और उसी के अनुरूप काम जारी है। उन्होंने कहा कि कल मंत्रिमंडल ने 125600 करोड़ रुपये के निवेश और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर करीब 80 हजार रोजगार के अवसर सृजित करने वाली तीन और सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी प्रदान की है। इस तरह देश में अब तक चार इकाइयों को मंजूरी दी गयी है जिनमें वार्षिक तीन हजार करोड़ चिप निर्माण होगा। देश में करीब दो लाख करोड़ डॉलर अर्थात 24 लाख करोड़ रुपये के चिप निर्माण की उम्मीद है। उन्होंन कहा कि कल मंजूर की गयी इकाइयों का निर्माण 100 दिनों में शुरू हो जायेगा। पहले स्वीकृत माइक्रोन कंपनी की इकाई का भी 100 दिनों में निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में देश में बहुत सी कंपनियां इस क्षेत्र में आने के लिए प्रयासरत है क्योंकि 10 साल पहले कहा जाता था कि भारत क्यों जाये, आज कहा जा रहा है कि भारत कब जाना है और आने वाले वर्षों में कहा जायेगा कि भारत क्यों नहीं गये।

सीतारमण ने किया सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया।.

इस अवसर पर श्रीमती सीतारमण ने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परियोजनाओं की योजना बनाई जाए और उन्हें बिना किसी देरी के पूरा किया जाए और संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण समय पर शुरू हो और परियोजनाएं तय समय सीमा के भीतर पूरी हों।

उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं अधिकारियों के आत्मविश्वास को नवीनीकृत करती हैं और उनका मनोबल बढ़ाती हैं, सरकार उनके कल्याण और खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से अमृत काल में राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया।

इस मौके पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के लिए वित्त मंत्री ने आयकर अधिकारियों के लिए टाइप- दो और तीन के 198 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर के निर्माण की आधारशिला रखी जो फरीदाबाद के सेक्टर-28 में स्थित है। इसके साथ ही उन्होंने आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवासीय घर उपलब्ध कराने के वास्ते गुरूग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की

आधारशिला भी रखी, जिसमें टाइप- दो से चार के 214 क्वार्टर शामिल हैं।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के लिए श्रीमती सीतारमण ने सेक्टर-सीबीआईसी के अधिकारियों के लिए टाइप-चार, पांच और छह के 256 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर का उद्घाटन किया जो राजधानी के द्वारका में स्थित है।

वित्त मंत्री ने गिफ्टी सिटी में भारतीय स्टेट बैंक के नए स्थानीय प्रधान कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। भारतीय जीवन बीमा निगम का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र भवन और केनरा बैंक की आईएफएससी बैंकिंग इकाई के साथ ही चेन्नई में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नए प्रधान कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया।

मेटा ने जनवरी में भारत में एफबी, इंस्टा पर 2.2 करोड़ से अधिक कंटेंट हटाए

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा ने जनवरी में भारत में फेसबुक पर 1.78 करोड़ से अधिक खराब कंटेंट और इंस्टाग्राम पर 48 लाख से अधिक आपत्तिजनक कंटेंट को हटा दिया। मेटा ने देश के आईटी नियमों के अनुरूप जारी आँकड़ों में बताया कि जनवरी में फेसबुक को भारतीय शिकायत तंत्र के माध्यम से 29,548 रिपोर्टें प्राप्त हुईं, और कहा कि उसने 21,060 मामलों में यूजरों के मुद्दों का समाधान किया। मेटा ने कहा, अन्य 8,488 रिपोर्टों में से जहां विशेष समीक्षा की आवश्यकता थी, हमने अपनी नीतियों के अनुसार सामग्री का विश्लेषण किया, और कुल 4,632 शिकायतों पर कार्रवाई की। शेष 3,856 शिकायतों की समीक्षा की गई, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई। इंस्टाग्राम पर कंपनी को भारतीय शिकायत तंत्र के माध्यम से 19,311 रिपोर्टें प्राप्त हुईं।

इसमें कहा गया है, इनमें से हमने 9,476 मामलों में यूजरों को उनके मुद्दों को हल करने के लिए उपकरण प्रदान किए। अन्य 9,835 रिपोर्टों में से जहां विशेष समीक्षा की आवश्यकता थी, मेटा ने सामग्री का विश्लेषण किया और कुल 4,849 शिकायतों पर कार्रवाई की। शेष 4,986 रिपोर्टों की समीक्षा की गई लेकिन हो सकता है कि उन पर कार्रवाई न की गई हो। नए आईटी नियम 2021 के तहत 50 लाख से अधिक यूजरों वाले बड़े डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होती है। मेटा ने दिसंबर 2023 में फेसबुक के लिए 1.98 करोड़ से अधिक कंटेंट और इंस्टाग्राम के लिए 62 लाख से अधिक कंटेंट हटा दिया

फरवरी में जीएसटी राजस्व 1.68 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह फरवरी 2024 में 168337 करोड़ रुपये रहा है जो फरवरी 2023 में संग्रहित 149577 करोड़ रुपये की तुलना में 12.50 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जनवरी में जीएसटी संग्रह 172129 करोड़ रुपये रहा था।

फरवरी 2024 में संग्रहित जीएसटी चालू वित्त वर्ष में 11 महीने में से नौ ऐसा महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। मई 2023 और अगस्त 2023 में जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये से कुछ कम रहा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल महीने में यह सबसे अधिक 187035 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष में औसम मासिक जीएसटी संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

वित्त मंत्रालय द्वारा आज जारी जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार फरवरी

2024 में कुल जीएसटी संग्रह 168337 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीटी 31785 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 39615 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 84098 करोड़ रुपये जिसमें आयात पर संग्रहित 38593 करोड़ रुपये भी शामिल है। इसके साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति कर के तौर पर 12839 करोड़ रुपये जिसमें आयात पर संग्रहित 984 करोड़ रुपये भी शामिल है। सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 41856 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 35953 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से कुल सीजएसटी 73641 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 75569 करोड़ रुपये रहा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक 11 महीने में जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित राशि से 11.7 प्रतिशत अधिक है।

फरवरी 2024 के कलेक्शन का विवरण

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) : 31,785 करोड़ रुपये

राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) : 39,615 करोड़ रुपये

एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (आईजीएसटी) : 84,098 करोड़ रुपये, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 38,593 करोड़ रुपये शामिल है।

उपकर : 12,839 करोड़ रुपये, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 984 करोड़ रुपये शामिल है।

तूफानी तेजी में निवेशकों ने कमाये 4.29 लाख करोड़

मुंबई 1 मार्च (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था के अनुमानों से बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही देश में सेमीकंडक्टर के विनिर्माण के लिए 1.26 लाख करोड़ रुपये निवेश वाली तीन इकाइयों को मंजूरी मिलने और वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बल पर हुयी लिवाली से शेयर बाजार में आज तूफानी तेजी रही जिससे बीएसई 74 हजार अंक की ओर लपक गया। इस दौरान आयी तेजी से निवेशकों को 4.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक कमाई हुयी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1245.05 अंकों की उछाल लेकर 74 हजार अंक की ओर लपकते हुये 73745.35 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 355.95 अंक की तेजी लेकर 22338.75 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली कुछ सुस्त रही जिससे बीएसई का मिडकैप 0.89 प्रतिशत बढ़कर 39696.49 अंक पर और स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत उठकर 45532.46 अंक पर रहा।

आज की तेजी से बीएसई का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 39225029.98 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो पिछले दिवस के 38795690.23 करोड़ रुपये की तुलना में 429339.75 करोड़ रुपये अधिक है। इस तरह से निवेशकों ने 4.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में देश का



सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहा है जिससे चालू वित्त वर्ष में जीएसटी के अब 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया है जबकि पहले अग्रिम अनुमान में इसके 7.3 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी। आर्थिक गतिविधियों में आयी इस तेजी के साथ ही सरकार ने कल देश में सेमीकंडक्टर निर्माण को गति देते हुये 1.26 लाख करोड़ रुपये के निवेश वाली तीन इकाइयों के निर्माण को मंजूरी दी। इससे दुनिया भर के निवेशकों को आकर्षण भारत की ओर बढ़ा है।

बीएसई में शामिल समूहों में से टेक 0.43 प्रतिशत, आईटी 0.55 प्रतिशत और हेल्थकेयर 1.08 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष सभी समूहों में तेजी रही। इसमें धातु 3.84 प्रतिशत, सीजी 2.49 प्रतिशत, बैंकिंग 2.48 प्रतिशत, एनर्जी 2.14 प्रतिशत, ऑटो 2.25 प्रतिशत, कमोडिटी 2.12 प्रतिशत और सीडी 2.22 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बीएसई में कुल 3947 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2366 बढ़त और 1489 नुकसान में रही जबकि 92 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई का सेंसेक्स 106 अंकों की तेजी लेकर 72606.31 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 72591.14 अंक के निचले स्तर तक टूटा लेकिन इसके बाद शुरू हुयी लिवाली के बल पर 74 हजार अंक की ओर लपकते हुये 73819.21 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 72500.30 अंक की तुलना में 1.72 प्रतिशत अर्थात 1245.05 अंकों की उछाल लेकर 73745.35 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 26 कंपनियों में तेजी रही जबकि चार को नुकसान हुआ।

पीएमएलए के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है क्योंकि वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत पीपीबीएल पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना किया है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय द्वारा आज जारी बयान में कहा गया है कि पीएमएलए की धारा 13(2)(डी) के तहत यह जुर्माना किया गया है। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 (पीएमएल नियम) के साथ पढ़े जाने वाले पीएमएलए के तहत अपने दायित्वों के उल्लंघन के संदर्भ में पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर 5.49 करोड़ रुपये का का जुर्माना लगाया गया है। एफआईयू आईएनडी ने ऑनलाइन जुए के आयोजन और सुविधा प्रदान करने सहित कई अवैध कार्यों में लिप्त कुछ संस्थाओं और उनके व्यवसायों के नेटवर्क के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से विशिष्ट जानकारी प्राप्त करने पर पीपीबीएल की समीक्षा शुरू की। इसके अलावा, इन

अवैध परिचालनों से उत्पन्न धन, यानी अपराध की आय को इन संस्थाओं द्वारा पीपीबीएल के खातों के माध्यम से भेजा गया था। उपरोक्त मामले की गहन जांच करने और रिकॉर्ड दस्तावेजों की जांच करने पर पीएमएलए नियमों के उल्लंघन के लिए बैंक को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और लाभार्थी खातों के संबंध में एएमएल/सीएफटी/केवाईसी आदि की जानकारी मांगी गयी थी। पीपीबीएल के लिखित और मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद, रिकॉर्ड पर उपलब्ध भारी सामग्री के आधार पर, एफआईयू-आईएनडी के निदेशक ने पाया कि पेटीएम के खिलाफ आरोप प्रमाणित थे।

सार संक्षेप

घरेलू हेल्थटेक फर्म प्रिस्टिन केयर ने लगभग 120 नौकरियों में की कटौती

नई दिल्ली। हेल्थकेयर यूनिकॉर्न प्रिस्टिन केयर ने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत लगभग 120 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। लगभग सभी टीमों के कर्मचारी इससे प्रभावित होंगे। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यह पुनर्गठन अभ्यास 2027 में सार्वजनिक होने से पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभदायक बनने की कंपनी की योजना का हिस्सा है। कंपनी के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, परिवर्तन के हिस्से के रूप में, कार्यबल संरचना में समायोजन किया जाएगा, जिससे 1,700 कर्मचारियों में से 7 से 8 प्रतिशत से भी कम कर्मचारी प्रभावित होंगे, जिनमें से अधिकांश प्रवेश स्तर और सहायक कार्यों में होंगे। इसमें कहा गया है, ये बदलाव कंपनी की दक्षता, प्रदर्शन उत्कृष्टता और दीर्घकालिक स्थिरता के लिए आवश्यक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कर्मचारियों को उनके नोटिस पीरियड के आधार पर एक पैकेज दिया जाएगा, और उनके ईएसओपी निहितीकरण में भी तेजी लाई जाएगी। स्टार्टअप ने प्रभावित श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए चिकित्सा बीमा कवरेज को अगले छह महीनों के लिए भी बढ़ा दिया है। पिछले साल, प्रिस्टिन केयर ने कथित तौर पर सभी विभागों से 350 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया था जिसमें सेल्स, टेक और प्रोडक्ट टीमों के कर्मचारी प्रभावित हुए थे। हालांकि, उस समय स्टार्टअप ने कहा था कि उसने केवल लगभग 45 कर्मचारियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर नौकरी से निकाला है।

वेंकटेश तारक्कड़ अपग्रेड के पहले मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त

नई दिल्ली। रोनी स्क्रूवाला द्वारा स्थापित अपग्रेड ने शुक्रवार को कहा कि एडटेक यूनिकॉर्न ने वेंकटेश तारक्कड़ को पहला मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है। तारक्कड़ ने डीलशेयर में वित्त, इन्वेंट्री और रणनीतिक पहल का नेतृत्व किया और 1 मार्च से अपग्रेड में अपना कार्यभार संभाल लिया। वह मुंबई में अपग्रेड के मुख्यालय से बाहर रहेंगे। अपग्रेड के सह-संस्थापक और एमडी मयंक कुमार ने एक बयान में कहा, हमने एक मजबूत व्यवसायिक नींव रखी है। अपनी पेशकशों का निर्माण और विस्तार किया है और जैसा कि हम वैश्विक नेतृत्व के लिए प्रयास करते हैं, उनकी परिचालन उत्कृष्टता एक मजबूत क्रेडिट प्रोफ़ाइल, एंड-टू-एंड अनुपालन और पारदर्शी कॉर्पोरेट और वित्तीय सुनिश्चित करेगी। कंपनी ने अपने बयान में कहा, तारक्कड़ अपग्रेड की घरेलू और वैश्विक वित्तीय रणनीतियों की देखरेख के लिए जिम्मेदार होंगे, जिसमें निवेशक संबंध, व्यापार वित्त, कॉर्पोरेट वित्त, उद्यम और लेखा नियंत्रण, वित्तीय योजना और विश्लेषण, जोखिम प्रबंधन, कर और ट्रेजरी कार्यों जैसे व्यापक क्षेत्र शामिल होंगे। उन्होंने कंपनियों को अपने वित्तीय संचालन को बनाने और बढ़ाने में मदद की। अनुपालन और शासन ढांचे की स्थापना की और उद्यम संसाधन योजना कार्यान्वयन सहित स्वचालित प्रक्रियाओं, प्रबंधित अधिग्रहण, फंडिंग राउंड का नेतृत्व किया और कंपनी को सार्वजनिक किया।

चुनिंदा खाद्य तेलों में घटबढ, जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगभग स्थिरता रहने के बीच स्थानीय स्तर पर आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में चुनिंदा खाद्य तेलों में घटबढ़ देखा गया जबकि दाल दलहन, अनाज मंडी और मीठे के बाजार में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3967 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.05 सेंट की तेजी के साथ 44.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिश्रित रूख रहा। सरसों तेल 220 रुपये प्रति क्विंटल और सोया तेल 220 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान अरहर दाल, चना , चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 6000-6000, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 12500-12600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

भारत ने पहली बार समुद्र के रास्ते अमेरिका को किया अनार का निर्यात

नई दिल्ली, 1 मार्च (आईएएनएस)। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के तत्वावधान में भारत ने नवी मुंबई के वाशी से समुद्र के रास्ते अमेरिका के लिए अनार की पहली व्यावसायिक परीक्षण खेप रवाना की है। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आईएनआई फार्म्स के 4,200 बक्से (12.6 टन) वाले अनार के शिपमेंट को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पिछले साल एपीडा ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सोलापुर स्थित राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र के साथ एक तकनीकी भागीदार के रूप में विकिरण उपचार और स्टैटिक ट्रायल के तहत विमान से अनार का शिपमेंट भेजा था।

भारत दुनिया में अनार के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है, और अब शीर्ष अनार निर्यातक देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। यूरोपीय संघ, पश्चिम एशिया और एशियाई देशों में अपने बाजार के विस्तार के साथ देश एक प्रमुख निर्यातक है।

परीक्षण हवाई शिपमेंट, स्टैटिक समुद्री परीक्षण और समुद्री कंटेनर को एपीडा-पंजीकृत आईएनआई फार्म्स

द्वारा निष्पादित किया गया है - जो भारत से फलों और सब्जियों का एक शीर्ष निर्यातक है, और दुनिया भर के 25 से अधिक देशों में उसके उपज निर्यात होते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, फर्म ने वैश्विक बाजारों के सख्त मानकों को पूरा करने के लिए अनार की गुणवत्ता और शेल्फ जीवन को बढ़ाने के लिए व्यापक प्रयास किए हैं। एग्रोस्टार समूह की कंपनी आईएनआई फार्म्स ने महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में किसानों के साथ सीधे काम करके अनार के लिए एक वैल्यू चेन विकसित किया है।

ये फल महाराष्ट्र के सांगोला के अनारनेट पंजीकृत किसानों से खरीदे गये थे। गौरतलब है कि किसानों को मिलने वाला प्रीमियम अन्य निर्यात बाजारों की तुलना में 20 प्रतिशत और घरेलू बाजार की तुलना में 35 प्रतिशत है।

अनार भारत की एक महत्वपूर्ण कृषि उपज है। फल से जुड़ा समृद्ध इतिहास और इसका पोषण मूल्य इसकी लोकप्रिय मांग में योगदान देता है। भारत गुणवत्ता की दृष्टि से नरम मांसल बीज, कम अम्लता और आकर्षक रंग के साथ अनार की कुछ सर्वोत्तम किस्मों का उत्पादन करता है। भगवा अनार को दुनिया भर में सबसे अच्छी किस्मों में से एक माना जाता है। पिछले दशक में भारत ने अनार के क्षेत्रफल के साथ-साथ उत्पादन में भी वृद्धि की है और निर्यात में भी वृद्धि देखी गई है।

भारत निर्यात गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए प्रशिक्षित किसानों के साथ पूरे वर्ष अनार की आपूर्ति करने में सक्षम है जो अनार बाजार में उसे एक महत्वपूर्ण लाभ की स्थिति प्रदान करता है। हाल के वर्षों में अनार का उत्पादन 20-25 प्रतिशत की अच्छी दर से बढ़ रहा है। भारत में प्रमुख अनार उत्पादक राज्य महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान और आंध्र प्रदेश हैं और उत्पादन में महाराष्ट्र का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक है।

खेल जगत

ओपनिंग जोड़ीदार स्मृति पर बहुत गर्व है : सोफी डिवाइन

बेंगलुरु, 1 मार्च (एजेंसियां)। यह कप्तान स्मृति मंधाना और उनकी सलामी जोड़ीदार, न्यूजीलैंड की महान ऑलराउंडर सोफी डिवाइन के बीच चल रही आपसी प्रशंसा गाथा में भूमिका के उलटफेर की शाम थी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन के दौरान 99 रनों की तूफानी पारी से स्मृति को चकित करने के बाद, अब तारीफ करने की बारी सोफी की थी, जब उन्होंने गुरुवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपनी कप्तान को आरसीबी के दिल्ली विरोधियों के खिलाफ 74 रनों की पारी खेलते हुए देखा। सोफी के साथ 77 रन की शुरुआती साझेदारी में स्मृति की पारी लगातार जीत के बाद सीजन की पहली हार में आरसीबी के लिए सबसे उज्ज्वल बिंदु थी, और न्यूजीलैंड की कप्तान ने इसकी प्रशंसा की। सोफी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हाँ, देखो, मुझे स्मृति पर बहुत गर्व है। मुझे लगता है कि पिछला सीज़न उसके लिए काफी कठिन था।

न्यूजीलैंड की पहली पारी 179 पर सिमटी, ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी में 13 रन दो विकेट गंवाए

वेलिंगटन 29 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के साथ खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 383 रन का स्कोर बनाया और उसके बाद नेथन लायन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड को 179 रन पर समेट दिया। दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 13 रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। उस की बढ़त 217 रन की हो गई है और उस्मान ख्वाजा नाबाद पांच रन, नेथन लायन नाबाद छह रन क्रीज पर है।

कल के 279 के स्कोर आगे खेलते हुए ग्रीन और हेजलवुड ने आखिर विकेट के लिए 116 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। हेजलवुड 22 रन बनाकर आउट हुए। कैमरून ग्रीन के 174 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 383 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही उसने मात्र 29 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। टॉम लेथम पांच रन, विल यंग नौ रन, केन विलियमसन शून्य और रचिन रविंद्र शून्य पर आउट हुये। नेथन लायन और जॉश हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान न्यूजीलैंड को पहली पारी में 41.1 ओवर में मात्र 179 रनों पर ही सिमट दिया था। न्यूजीलैंड की ओर ग्लेन फिलिप्स सर्वाधिक 71 रन बनाये उसके बाद मैट हेनरी ने 34 गेंदों में 42 रनों की पारी खेली। टॉम ब्लंडल 33 रन और डैरिल मिचेल 11 रन बनाकर आउट हुये।

ऑस्ट्रेलिया की ओर नेथन लायन ने चार विकेट लिये। जॉश हेजलवुड को दो विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। स्टीव स्मिथ शून्य, मार्नस लाबुशेन दो रन बनाकर आउट हुये। दोनों ही विकेट टिम साउदी ने लिये। दिन का खेल समाप्त होने के साथ ऑस्ट्रेलिया ने आठ ओवर में दो विकेट पर 13 रन बना लिये है और उस्मान ख्वाजा नाबाद पांच रन, नेथन लायन नाबाद छह रन क्रीज पर है।

इससे पहले कल कैमरून ग्रीन की नाबाद 103 की शतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए पहले दिन का खेल समाप्त होने तक नौ विकेट पर 279 रन बना लिये है।

न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने टॉस जीतकर पहलें गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया एक समय अपने चार विकेट 89 रन पर गंवा दिये थे। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 31 बनाये। उन्हें हेनरी ने ब्लिंडन के हाथों कैच आउट कराया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्नस लाबुशेन एक रन को स्कॉट कुग्गेलिन ने मिचेल के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेजा। उस्मान ख्वाजा 33 रन को हेनरी ने बोल्ड आउट किया। ट्रैविस हेड एक रन, मिचेल मार्श 40 रन, एलेक्स कैरी 10 रन, मिचेल स्टार्क नौ रन, पैट कमिंस 16 रन और नेथन लायन पांच रन बनाकर आउट हुये।

न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के नौ विकेट गिरा दिये है। उनकी आक्रमक गेंदबाजी के आगे कंगारु बल्लेबाजों की एक नहीं चली और तू चल मैं आया की तर्ज पर एक-एक करके पवेलियन लौटे चले गये। ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन ने संभल कर खेलते हुए 155 गेंदों में 16 चौकों की मदद से नाबाद 103 रन बनाये। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक और न्यूजीलैंड के खिलाफ यह पहला शतक है।

न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 20 ओवर में 43 रन देकर चार विकेट लिये। उन्होंने स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा मार्श और नाथन लियोन को आउट किया। उनके अलावा विलियम ओरूर्के और स्कॉट कुग्गेलिन को 2-2 विकेट मिले। रचिन रविंद्र ने एक बल्लेबाज को आउट किया। आज दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 85 ओवर में नौ विकेट पर 279 रन बना लिये और ग्रीन नाबाद 103 रन और हेजलवुड शून्य पर क्रीज पर मौजूद थे।

आयरलैंड ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट दर्ज की

टॉलेरेंस ओवल 1 मार्च (एजेंसियां)। आयरलैंड ने अबू धाबी में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की है।

अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 218 रन पर समेटने के बाद आयरलैंड को 111 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने चार विकेट पर हासिल कर लिया। एक समय आयरलैंड ने 40 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिए थे। उसके बाद एंडी बालबर्नी और लॉरकन टकर टीम को संभाला। एंडी बालबर्नी नाबाद 58 रन बनाये। वहीं लोर्कान टकर 27 रन पर नाबाद रहे। आयरलैंड ने 31.3 ओवर में चार विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। यह आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत है।

अफगानिस्तान की ओर से दूसरी पारी में नवीद जदरान को दो विकेट मिले। निजात मसूद और जिया उर रहमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले मार्क अडायर के 39 रन पर पांच विकट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान को 54.5 ओवर में 155 रन पर ढ़ेर कर दिया था। इब्राहिम जदरान ने टीम के लिए सर्वाधिक 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली और करीम जनत 41 रन, कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी 20 रन, नवीद जदरान 11 रन बनाकर आउट हुये। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका।

आयरलैंड की ओर से मार्क अडायर ने पांच विकेट लिये। क्रेग यंग और कर्टिस कैमफर को दो-दो विकेट मिले। बैरी मक्कार्थी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड ने पॉल स्टर्लिंग की 52 रनों की अर्धशतकीय पारी, कर्टिस कैमफर 49 रन, लोर्कान टकर 46 रन, एंडी मैक्ब्राइन 38 रन, हैरी टेक्टर 32 रन, मार्क ऐडेयर 15 रन और पीजे मूर के 12 रनों के योगदान से 83.4 ओवर में 263 रन का स्कोर खड़ा कर पहली पारी के आधार पर 108रनों की बढ़त ले ली।

जिया उर रहमान ने पांच विकेट लिये। नवीद जदरान को तीन विकेट मिले। निजात मसूद और जहीर खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

दूसरी पारी में अफगानिस्तान के लिए हशमतउल्लाह शहीदी 55 रन, रहमानउल्लाह गुरबाज के 46 रन, नूर अली के 32 रन, नवीद ज़दरान 15 रनों की पारी खेली। अफगानिस्तान की पूरी टीम 75.4 ओवर में 218 रन पर सिमट गई। मार्क अडायर, बैरी मक्कार्थी और क्रेग यंग ने तीन- तीन विकेट झटके।

राजस्थान लेजेंड्स ने मुंबई चैंपियंस को आठ विकेट से हराया

■ नमन शर्मा ने खेली 148 रन की शानदार पारी

ग्रेटर नोएडा, 1 मार्च (देशबन्धु)। आईवीपीएल लीग में नमन शर्मा ने मुंबई चैंपियंस के खिलाफ विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 61 गेंदों पर 148 रनों की शानदार पारी खेली। शुक्रवार को शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के 14वें मुकाबले में नमन शर्मा ने राजस्थान लेजेंड्स की तरफ से खेलते हुए मुंबई चैंपियंस को 8 विकेट से शिकस्त दी।

मुंबई चैंपियंस ने ओपनिंग बल्लेबाज फिल मस्टर्ड की अर्धशतकीय पारी और डेथ ओवरों में पीटर ट्रेगो के विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में 224/3 रन बनाए। राजस्थान लेजेंड्स ने नमन शर्मा की आतिशी पारी और एंजलो परेरा की तूफानी फिफ्टी के दम पर 5 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के 14वें मुकाबले में मुंबई चैंपियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान वीरेंद्र सहवाग और फिल मस्टर्ड की आतिशी पारी ने स्कोर बोर्ड पर 9 ओवर में 88 रन लगा दिए थे। हालांकि राजस्थान लेजेंड्स की ओर से अभिषेक झुनझुनवाला ने टीम की शानदार वापसी करवाते हुए पहले विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे मस्टर्ड को पवेलियन भेजा और 2 ओवर के भीतर ही वीरेंद्र सहवाग को भी आउट कर दिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौट जाने के बाद मुंबई चैंपियंस की टीम की तरफ से पीटर ट्रेगो ने 9 चौके और 5 छक्के की मदद से 28 गेंदों पर 77 रन की बेहतरीन पारी खेली। जबकि रजत सिंह ने भी अंत में आकर अपने हाथ खोलते हुए 23 गेंदों पर 47 रन जड़ दिए। जिस वजह से मुंबई पहले बल्लेबाजी करते हुए 224/3 रन बनाने में कामयाब हुई थी। 225 रनों का पीछा करते हुए जहां नमन शर्मा छक्के चौके उड़ा रहे थे।

जबकि सतीश जैन भी उनका बखूबी साथ निभा रहे थे। 9वें ओवर में जाकर मुंबई चैंपियंस को सतीश जैन के रूप में पहली सफलता मिली थी। जबकि अगले ही ओवर में उन्होंने एस प्रसन्ना का विकेट भी गंवा दिया था। राजस्थान लेजेंड्स की ओर से मैच जिताऊ पारी खेलने वाले नमन शर्मा को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। नमन ने उनकी टीम को मुंबई के खिलाफ यादगार जीत दिलाई और पांच गेंद पहले ही मैच समाप्त कर दिया।

मल्टी डे महिला टूर्नामेंट का बीसीसीआई करेगा आयोजन : रिपोर्ट

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत में क्रिकेट खेल नहीं, जुनून है। यहां फैंस को फर्क नहीं पड़ता कि क्रिकेट के कौन से फॉर्मेट का मैच खेला जा रहा है। हालांकि, ये जुनून महिला क्रिकेट के मामले में थोड़ा ठंडा पड़ जाता है, लेकिन बीते कुछ साल में महिला क्रिकेटरों ने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यही वजह है कि बीसीसीआई महिला प्रीमियर लीग के बढ़ते क्रेज के बीच अब महिला रेड-बॉल टूर्नामेंट आयोजित करने पर भी विचार कर रहा है। पिछले कुछ सालों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जितनी तरक्की की है उसका कोई जवाब नहीं। डब्ल्यूपीएल 2024 के बीच खबर आ रही है कि बीसीसीआई ने एक बहु-दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित कर देश में महिला रेड-बॉल क्रिकेट शुरू करने की योजना तैयार की है। अगर ऐसा होता है तो भारतीय महिला क्रिकेट के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है। बताया जा रहा है कि यह टूर्नामेंट मौजूदा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल 2024) के तुरंत बाद आयोजित होने वाला है, जो 17 मार्च को समाप्त होगा। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मल्टी डे महिला टूर्नामेंट का आयोजन करने का फैसला किया है। यह तीन दिन का होगा। टूर्नामेंट 29 मार्च से पुणे में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों को क्षेत्रों के आधार पर बांटा गया है। इसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य और नॉर्थ ईस्ट की टीम इसमें शामिल होंगी। ये टीमें पांच मैचों की सीरीज में हिस्सी लेंगी।

टूर्नामेंट 29, 30 और 31 मार्च को एक साथ होने वाले दो क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू होगा। इस चरण के बाद चैंपियनशिप दो सेमीफाइनल तक पहुंच जाएगी, जो 5, 6 और 7 अप्रैल को आयोजित होने की उम्मीद है।

सार संक्षेप

नंबर 4 पर खेलते हुए शतक जड़ ग्रीन ने अपनी काबिलियत साबित की : हॉकले

वेलिंगटन। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच बेसिल रिर्जव में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन की शतकीय पारी चर्चा में रही। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने भी उनकी तारीफ में कसीदे पढ़ते हुए कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ कैमरून ग्रीन की शानदार नाबाद 174 रन की पारी चयनकर्ताओं के उन्हें बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर बनाए रखने के सही फैसले की गवाही देती है। इस साल की शुरुआत में एशेज के दौरान मिचेल मार्श के बेहतर प्रदर्शन के कारण बाहर होने के बाद ग्रीन ने टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11 में अपना स्थान वापस हासिल कर लिया। लेकिन, ग्रीन वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन पारियों में 50 रन के पार जाने में नाकाम रहे। बेसिन रिजर्व में चल रहे पहले टेस्ट में ग्रीन ने 275 गेंदों पर 174 रनों की जवाबी पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को 89/4 के मुश्किल समय से बाहर निकालते हुए अपनी टीम को पहली पारी में 383 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। हॉकले ने एसईएन रेडियो पर कहा, मैं ग्रीन के लिए खुश हूं। वो आत्मविश्वास के साथ क्रीज पर डटे रहे और 174 रनों की दमदार पारी खेली। उनकी यह पारी इस बात की गवाह है कि चयनकर्ताओं ने उन्हें नंबर 4 पर रखने का फैसला बिल्कुल सही लिया है। उम्मीद है कि वह आने वाले कई अन्य मैचों में यही फॉर्म बनाए रखेंगे। यह शानदार पारी है। इससे पता चलता है कि मौके मौजूद हैं। जाहिर तौर पर एक बहुत ही सुलझी हुई पुरुष टीम है, लेकिन इतने सारे लोगों का आना और स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार रहना बहुत अच्छा है।

ऑस्ट्रेलिया की पुरुष फुटबॉल टीम पांच साल बाद कैनबरा में लेबनान से करेगी मुकाबला

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष फुटबॉल टीम पांच साल बाद पहली बार कैनबरा में लेबनान के खिलाफ खेलेगी। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण इस मैच को कैनबरा में स्थानांतरित किया गया है। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि सॉकरोस 26 मार्च को कैनबरा स्टेडियम में अपने दूसरे 2026 फीफा विश्वकप क्वालीफाइंग मुकाबले में लेबनान से भिड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले 21 मार्च को सिडनी में ग्रुप मुकाबले में खेलेगी। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने पहले संकेत दिया था कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच लेबनान के घरेलू मैच को कहीं और खेले जायेंगे। सॉकरोस के मुख्य कोच ग्राहम अर्नोल्ड ने एक बयान में कहा, मुझे लगता है कि यह शानदार है कि हम अपने परिसंघ के एक सदस्य की सहायता करने में सक्षम हुए हैं जो चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहा है।

दिल्ली की आरसीबी पर जीत का श्रेय पूरी टीम को जाता है : मारिजैन कप्प

बेंगलुरु, 1 मार्च (एजेंसियां)। डब्ल्यूपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स का दमदार प्रदर्शन जारी है। बॉलिंग ऑलराउंडर मारिजैन कप्प के एक और शानदार प्रदर्शन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 25 रनों से हराकर डब्ल्यूपीएल में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मारिज़ैन ने पहले 16 गेंदों में 32 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 194 रन का स्कोर खड़ा किया। इतना ही नहीं उन्होंने अपने स्पैल में मात्र 35 रन देकर दो विकेट भी लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच भी चुना गया। यूपी वारियर्स के खिलाफ स्पैल में 3/5 लेने के बाद डब्ल्यूपीएल 2024 में यह उनका दूसरा प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार था। उन्होंने कहा, हमारे सामने के बल्लेबाजों ने हमारे लिए खुलकर खेलने के लिए खूबसूरती से तैयारी की। जब तक मेरे हाथ में गेंद नहीं थी तब तक मुझे अच्छा स्कोर लग रहा था। मुझे लगा कि हम थोड़ा पीछे रह गए, लेकिन यह एक अद्भुत टीम प्रयास था। बल्ले से मारिज़ैन ने जेस जोनासेन के साथ 22 गेंदों में 48 रनों की साझेदारी की। 194 के बचाव में मारिज़ैन ने स्मृति मंधाना को आउट करके डीसी के लिए सबसे बड़ी चुनौती दूर की। फिर, उन्होंने ऋचा घोष को आउट किया। 34 वर्षीय मैरिज़ेन ने लगातार दो जीत के लिए डीसी की गेंदबाजी इकाई के अन्य सदस्यों को श्रेय दिया। मारिज़ैन कप्प ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास प्रतियोगिता में सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमणों में से एक है। आपके पास मजबूत बल्लेबाज हो सकते हैं, लेकिन अगर आपके पास गुणवत्ता वाले गेंदबाज नहीं हैं, तो आप अक्सर हारने वाले पक्ष में रहेंगे।

हमारी निगाहें चीन में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब बरकरार रखने पर : हार्दिक

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ खुद को चीफ कोच फुल्टन की नई शैली व रणनीति के मुताबिक डालने की कोशिश में

नई दिल्ली, 1 मार्च (देशबन्धु)। मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान आक्रामक मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा कि उनकी टीम की निगाहें चीन में 8 से 17 सितंबर तक होने वाली एशियन पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में अपना खिताब बरकरार रखने पर लगी हैं। एशियन हॉकी फेडरेशन ने 28 फरवरी को घोषणा की पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 हुलनुनबुईर सिटी, इनर मंगोलिया (चीन) में होगी और इसके लिए मौजूदा चैंपियन भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, पाकिस्तान और मलयेशिया की टीमें शिरकत करेंगी।

एशियन पुरुष हॉकी चैंपियंस की ट्रॉफी की अहमियत की बाबत भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा, % एशियन चैंपियन ट्रॉफी एक प्रतिष्ठित हॉकी टूर्नामेंट है और इसमें शिरकत करने वाली टीमें खुद को एशिया की सर्वश्रेष्ठ हॉकी टीम साबित करने के लिए खिताब जीतने के लिए उतरती है। हमारा मकसद दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है । एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब बरकरार रख खुद को एशिया की सबसे मजबूत टीम के रूप में स्थापित करना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने की ओर एक अहम कदम है।'

भारत ने 2023 में चेन्नै में एशियन पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी,चेन्नई के पिछले संस्करण खिताब जीता था। भारत की टीम चार मैच जीते और जापान के खिलाफ अपना मैच ड्रॉ खेलने के बाद उसे सेमीफाइनल मे 5-0 से हराया था। भारत ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, चेन्नै में फाइनल में हाफ टाइम तक 1-3 से पिछड़नेक बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गुरजंट सिंह और आकाशदीन के एक-गोल से खिताब जीता था। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी, 2023 चेन्नै मे अपनी टीम के प्रकाश पर रोशनी डालते हुए कहा, % हमारे लिए चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 टूर्नामेंट शानदार रहा था। हम बतौर टीम खुद को अपने चीफ कोच क्रेग फुल्टन की नई शैली और रणनीति के मुताबिक डालने की कोशिश में जुटे हैं।'तब हमारी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीत बताया था कि हमारी टीम फुल्टन के मार्गदर्शन में सही दिशा में बढ़ रही है। अब हमारी टीम के पास पैड अपटनद के लिए मेंटल ट्रेनर भी था। तब हमारी टीम ने गजब का जज्बा दिखाया और अपना धैर्य बनाए रख कर बाजी पलट कर मलयेशिया को फाइनल में हराकर पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब जीता।

हार्दिक का मामला ईशान, श्रेयस अय्यर से अलग : आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खिलाड़ियों का नया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी कर दिया है। इस कॉन्ट्रैक्ट में कुल 30 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इस नए कॉन्ट्रैक्ट को लेकर बीसीसीआई पर कई सवाल उठ रहे हैं। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बने आकाश चोपड़ा ने बीसीसीआई के फैसले का समर्थन किया है।

इस मामले में सबसे बड़ा विवाद हार्दिक पांड्या को लेकर है। हार्दिक वनडे वर्ल्डकप में चोटिल होने के बाद से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर है, लेकिन बावजूद इसके उन्हें ग्रेड ए श्रेणी का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। बीसीसीआई ने बुधवार को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की जिन्हें 2023-2024 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में रखा गया है। इसमें अय्यर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को अनुबंध नहीं दिया गया, जबकि हार्दिक को ग्रेड ए श्रेणी में रखा गया।

अक्टूबर में पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में वनडे विश्व कप 2023 के दौरान हार्दिक को टखने में चोट लग गई थी और तब से यह ऑलराउंडर एक्शन से बाहर है। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने हार्दिक पांड्या की नियमित रूप से घरेलू क्रिकेट से अनुपलब्धता की ओर भी इशारा किया। हालांकि, आकाश चोपड़ा ने बीसीसीआई के फैसले का बचाव किया और माना कि हार्दिक को प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह भारत की टेस्ट टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हार्दिक पांड्या का मामला बहुत सरल है। अगर उसने कोई गलती नहीं की है तो आप उसे सजा क्यों देंगे? वह रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेल रहा है। इसलिए यदि आप टेस्ट के लिए बिल्कुल भी ऑडिशन नहीं दे रहे हैं, तो कोई भी आपको प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने के लिए नहीं कहेगा। आप चार दिवसीय खेल क्यों खेलेंगे जब आपके शरीर में इतने ओवर फेंकने की ताकत नहीं है और चोट की समस्या है? तो उन्हें क्यों खेलना चाहिए।

> हार्दिक को प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह भारत की टेस्ट टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। हार्दिक पांड्या का मामला बहुत सरल है। अगर उसने कोई गलती नहीं की है तो आप उसे सजा क्यों देंगे? वह रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेल रहा है: आकाश चौपड़ा

चोपड़ा ने हार्दिक पांड्या की घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अनुपलब्धता पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हार्दिक ने कभी भी ईशान किशन और श्रेयस अय्यर की तरह खेल नहीं छोड़ा, इसलिए हार्दिक की स्थिति की तुलना किशन और अय्यर से नहीं की जा सकती। हार्दिक पांड्या ने डीवाई पाटिल टी20 कप में रिलायंस 1 टीम का नेतृत्व करते हुए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने भारत पेट्रोलियम के खिलाफ 22 रन देकर 2 विकेट लिए।